राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 11 अंक-226
लखनऊ, शुक्रवार 05 अप्रैल, 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 4.00
लखनऊ व कानपुर से प्रकाशित

आमंत्रण मूल्य ₹3

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





राज्यपाल ने बच्चों में स्वच्छता की आदत डालने पर दिया जोर 03

मोदी के नेतृत्व में विश्व की तीसरी आर्थिक शक्ति बनेगा भारत : नड्डा 12


रात्रि परीक्षण सफल

# दुश्मन के एक साथ कई टारगेट तबाह करेगी अग्नि प्राइम

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

भारत ने नई पीढ़ी की परमाणु सक्षम बैलिस्टिक मिसाइल अग्नि प्राइम का ओडिशा तट पर बीती आधी रात को सफल परीक्षण किया है। डीआरडीओ में विकसित 2000 किलोमीटर रेंज की इस मिसाइल को जल्द ही सशस्त्र बलों में शामिल किया जाएगा।

यह मिसाइल वजन में काफी है, इसलिए इसे पहले से सेवा में शामिल अग्नि-1 की जगह प्रतिस्थापित किये जाने की योजना है। भारत ने अग्नि प्राइम की नाइट लांचिंग करके एयरोस्पेस की दुनिया में धमाका कर दिया है।

**परीक्षण**

- उड़ान के दौरान अग्नि प्राइम ने अधिकतम सीमा तक अपने लक्ष्य पर सटीक निशाना लगाया
- परमाणु मिसाइल अग्नि प्राइम का परीक्षण करके एयरोस्पेस की दुनिया में भारत का बड़ा धमाका




ओडिशा के तट पर डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप से डीआरडीओ ने यह परीक्षण किया। मिसाइल ने अधिकतम सीमा तक जाकर अपने लक्ष्य पर सटीक निशाना लगाया। यह अग्नि सीरीज की आधुनिक, घातक, सटीक और मीडियम रेंज की परमाणु बैलिस्टिक मिसाइल है।

भारत की यह परमाणु मिसाइल एक साथ दुश्मन के कई टारगेट तबाह कर सकती है। अग्नि प्राइम मिसाइल के तीन सफल विकासात्मक परीक्षणों के बाद उपयोगकर्ताओं की ओर से किया गया यह दूसरा प्री-इंडक्शन नाइट लॉन्च था, जिसने सिस्टम की सटीकता और विश्वसनीयता को मान्य किया।

**सटीकता के साथ सभी मिशन उद्देश्यों को किया पूरा**

परमाणु मिसाइल का पहला प्री-इंडक्शन नाइट लॉन्च 07-08 जून, 2023 की रात को किया गया था। बीती रात परीक्षण के दौरान उड़ान डेटा को कैप्चर करने के लिए टर्मिनल बिंदु पर दो डाउनरेंज जहाजों सहित विभिन्न स्थानों पर राडार, टेलीमेट्री और इलेक्ट्रो ऑप्टिकल ट्रैकिंग सिस्टम जैसे कई रेंज इंस्ट्रूमेंटेशन तैनात किए गए थे। अग्नि प्राइम मिसाइल ने उच्च स्तर की सटीकता के साथ सभी मिशन उद्देश्यों को पूरा किया। विभिन्न स्थानों पर तैनात राडार, टेलीमेट्री और इलेक्ट्रो ऑप्टिकल ट्रैकिंग सिस्टम जैसे कई रेंज इंस्ट्रूमेंटेशन से मिले डेटा ने मिसाइल सिस्टम के प्रदर्शन को पूरी तरह सफल करार दिया है। सशस्त्र बलों में पहले से शामिल अग्नि-1 मिसाइल की जगह इसे प्रतिस्थापित किये जाने की योजना है। अग्नि परियोजना से जुड़े एक रक्षा अधिकारी ने कहा कि अग्नि-। सिंगल-स्टेज की मिसाइल है, जबकि अग्नि प्राइम दो स्टेज के रॉकेट मोटर पर चलने वाली मिसाइल है, जिसका तीसरा स्टेज मैन्यूवरेबल रीएंट्री व्हीकल है। यानी इससे तीसरे स्टेज को दूर से नियंत्रित करके दुश्मन के टारगेट पर सटीक हमला किया जा सकता है।

**रक्षा मंत्री ने दी बधाई**

डबल-स्टेज अग्नि प्राइम में एक कनस्तर संस्करण होगा, जिससे इसे सड़क और मोबाइल लॉन्चर दोनों से फायर किया जा सकता है। इस पर 1500 किलोग्राम से 3000 किलोग्राम वजन के हथियार लगाए जा सकते हैं। अग्नि प्राइम को बीईएमएल-टट्रा ट्रांसपोर्टर इरेक्टर लॉन्चर से दागा जाता है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने डीआरडीओ, एसएफसी तथा सशस्त्र बलों को इस सफल परीक्षण के लिए बधाई दी है। उन्होंने कहा कि मिसाइल का सफल विकास और इसकी तैनाती सशस्त्र बलों के लिए एक उत्कृष्ट ताकत साबित होगी।

# संदेशखाली के दोषियों को दी जायेगी कड़ी सजा : मोदी

**एजेंसी, कूचबिहार।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को पश्चिम बंगाल में लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार अभियान का बिगुल फूंकते हुए राज्य में अपनी पहली चुनावी रैली में लोगों को यह आश्वासन दिया कि अपराधियों, खासकर संदेशखाली के दोषियों को कड़ी सजा दी जाएगी और मतदाताओं से बिना किसी डर के एक नेता के रूप में वोट करने की अपील की। श्री मोदी ने उत्तर बंगाल की कूचबिहार और अलीपुरदुआर लोकसभा सीटों के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवारों नीतीश प्रमाणिक और मनोज तिग्गा के समर्थन में राश मेला मैदान में आयोजित विशाल 'विजय संकल्प दिवस' को संबोधित करते हुए कहा कि यह केवल भाजपा ही है, जो बंगाल में महिलाओं के खिलाफ अत्याचार रोक सकती है।



**संबोधन**

- केवल भाजपा ही बंगाल में महिलाओं के खिलाफ अत्याचार रोक सकती है

## संक्षिप्त समाचार

### मुख्तार मौत मामला : 14 कर्मियों से पूछें गए सवाल, दो चिकित्सकों को नोटिस जारी

**बांदा।** बांदा जेल में मुख्तार अंसारी की मौत कैसे हुई? इसकी जांच के लिए गठित न्यायिक जांच कमेटी और मजिस्ट्रेट जांच में तेजी आ गई है। एमपी-एमएलए कोर्ट की न्यायिक मजिस्ट्रेट गरिमा सिंह और एडीएम वित्त एवं राजस्व राजेश कुमार ने जेलर और डिप्टी जेलर समेत 14 कर्मियों से मुख्तार अंसारी की मौत से जुड़े कई सवाल किये। इन सवालों के जवाब बयान के रूप में दर्ज किए गए। वहीं गुरुवार को पूरे प्रकरण की जांच के लिए जिला अस्पताल के दो चिकित्सकों को नोटिस जारी की गई है।

### वंशिका का इसरो के प्रोग्राम में चयन



**बिजनौर।** हल्दौर की बेटी वंशिका अग्रवाल का इसरो के यंग साइंटिस्ट प्रोग्राम में चयन होने पर जिले में खुशी का माहौल है। हल्दौर निवासी सुशील अग्रवाल की होनहार पुत्री वंशिका अग्रवाल ने इसरो के यंग साइंटिस्ट प्रोग्राम की चयन प्रक्रिया में अपना नाम दर्ज करा कर परिवार सहित नगर व जिले का नाम रोशन किया है। पूरे देश में लगभग 2 लाख 83 हजार 603 छात्रों ने इसमें रजिस्ट्रेशन कराया था।

### श्रीबांकेबिहारी मंदिर में भीड़ का दबाव बढ़ने से श्रद्धालु की मौत

**मथुरा।** वृंदावन स्थित बांके बिहारी मंदिर में गुरुवार को श्रद्धालुओं के उमड़े सैलाब के चलते एक श्रद्धालु की भीड़ के दबाव में आने से मौत हो गई। इससे वहां पर अफरातफरी मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी ली। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस शिनाख्त के प्रयासों में जुटी है। श्रद्धालु की पहचान नहीं हो सकी है। उम्र लगभग 35 वर्ष के करीब है। उसके पास हल्दीराम का बिल, कंघा, चश्मा मिला है।

### फर्जी आयकर अधिकारी गिरफ्तार

**कानपुर।** रावतपुर थाना क्षेत्र में मस्वानपुर चौराहे के पास बुधवार रात वाहन चेकिंग के दौरान खुद को आयकर विभाग का अधिकारी बताने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस विधिक कार्रवाई करते हुए उसे गुरुवार को न्यायालय में पेश करेगी।

### सोनिया ने राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ ली

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता सोनिया गांधी ने गुरुवार को नये संसद भवन में राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ ली। उपराष्ट्रपति एवं राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने राजस्थान से उच्च सदन से निर्विरोध निर्वाचित श्रीमती गांधी को शपथ दिलायी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने श्रीमती गांधी को नई पारी के लिए शुभकामनाएं दी। खड़गे ने एक्स पर लिखा, कि कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी को मेरी शुभकामनाएं। वह आज राज्यसभा में शपथ लेकर अपनी नई पारी शुरू कर रही हैं। प्रतिकूल परिस्थितियों और उथल-पुथल के बावजूद उनका साहसी लचीलापन और गरिमामय अनुग्रह हमारी संसदीय रणनीति का मार्गदर्शन करता रहेगा। उन्होंने लोकसभा में सेवा करते हुए 25 साल पूरे कर लिए हैं, और अब मैं और मेरे साथी सदस्य उच्च सदन में उनकी उपस्थिति का इंतजार कर रहे हैं।

# काशी-अयोध्या के बाद अब ब्रजभूमि के विकास की बारी : योगी

**मथुरा, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि काशी और अयोध्या के सर्वांगीण विकास के बाद अब मथुरा समेत समूची ब्रजभूमि के विकास की बारी है।

मथुरा लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी हेमामालिनी के समर्थन में आयोजित चुनाव सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने गुरुवार को कहा कि 84 कोस परिक्रमा, गोवर्धन परिक्रमा, कुण्डो, गो सेवा संरक्षण आदि के सभी कार्य युद्धस्तर पर होंगे। उन्होंने उपस्थिति जनसमुदाय से कहा कि वे हेमामालिनी को प्रदेश में सबसे अधिक मतो की जीत के अंतर से जिताएं। उन्होंने कहा कि मोदी विकसित भारत के लिए तेजी से काम कर रहे है। विकसित भारत के लिए विकसित यूपी और विकसित यूपी के लिए विकसित मथुरा का होना आवश्यक है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मथुरा में अपार धार्मिक सम्पदा को देखते हुए ब्रजभूमि मे आध्यात्मिक पर्यटन को विकसित करने के लिए भी संकल्प व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का प्रयास है कि अगले तीन वर्ष में भारत को तीसरी बड़ी अर्थ व्यवस्था बनाया जाय।

अपने भाषण की शुरूआत में योगी ने इण्डिया समूह पर तंज कसते हुये कहा कि इण्डिया गठबंधन को उधार में भी प्रत्याशी नहीं मिल रहे हैं जिसके कारण कांग्रेसी नेता आपा से बाहर हुए जा रहे हैं और मातृशक्ति का अपमान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में वैचारिक मतभेद हो सकते हैं तथा अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता है लेकिन मातृशक्ति का अपमान स्वीकार नही होगा। मथुरा राधारानी की भूमि है। मातृशक्ति का अपमान करनेवालों को मां यमुना ऐसा सबक सिखाएंगी कि वे राजनीति करना भूल जाएंगे। वे अपने लिए खुद ही गड्ढा खोद रहे हैं।

श्री योगी ने कहा कि कृष्ण ने अपनी लीलाओं में 16 कलाओं का समावेश किया। हेमामालिनी ने अपनी प्रतिभा से देश की कला और संस्कृति को विश्व के मंच पर स्थान दिलाया। उन्होंने मीरा, दुर्गा आदि का जिस प्रकार जीवन्त प्रस्तुतीकरण किया उससे भारतीय संस्कृति की पहचान विश्व पटल पर एक नये रूप में हुई।

**जनसभा**

- इण्डिया गठबंधन को उधार में भी प्रत्याशी नहीं मिल रहे
- कांग्रेसी नेता आपे से बाहर हुए जा रहे हैं और मातृशक्ति का कर रहे अपमान




**पीएम मोदी के प्रयास से आज अयोध्या में राम मन्दिर में भगवान राम विराजमान**

कांग्रेस ने अपने 60 साल से अधिक समय के कार्यकाल में अयोध्या, काशी या मथुरा के विकास के बारे में कभी सोचा तक नही था। मुख्यमंत्री ने कहा कि गोवर्धन, वृन्दावन, बरसाना आदि को तीर्थस्थल घोषित करने के लिए उनसे सबसे पहले हेमामालिनी ने ही कहा था तथा ब्रज के चतुर्दिक विकास के लिए भी हेमामालिनी ने उप्र ब्रज तीर्थ विकास परिषद का गठन करने का सुझाव दिया था। हेमा ने राम के सामने मंचन कर विश्व को राम की महिमा के बारे में बताया। रामभक्तों पर गोली चलवाने वाली कांग्रेस और सपा कभी भी राम मन्दिर का निर्माण नही करा सकती थीं। मोदी के प्रयास से आज अयोध्या में राम मन्दिर में भगवान राम विराजमान हैं। पूर्व में मथुरा लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी हेमामालिनी ने स्वयं को तीसरी बार मथुरा से चुनाव लड़ने के लिए मोदी, अमित शाह और जयप्रकाश नड्डा के प्रति कृतज्ञता अर्पित की और कहा कि वे भाजपा से लम्बे समय से जुड़ी हुई हैं। मोदी और योगी ने अल्प समय में अयोध्या में राम मन्दिर का निर्माण कराकर देश के करोड़ो लोगों की आकांक्षा को पूरा किया। श्री मोदी ने गरीब, युवा, महिलाओं आदि के कल्याण के लिए उनको साथ लेकर देश चलाया।

**11 हजार करोड़ की लागत से 84 कोसी परिक्रमा का होगा विकास**

विजयी होने पर अपनी प्राथमिकता गिनाते हुए मालिनी ने कहा कि 11 हजार करोड़ की लागत से 84 कोसी परिक्रमा के विकास का कार्य शुरू किया जाएगा। मथुरा वृन्दावन रेल लाइन को एलीवेटेड बनाया जाएगा तथा उनका प्रयास मथुरा कासगंज के बीच रेल लाइन का दोहरीकरण कराना होगा। उन्होंने कहा कि वे अलीगढ़ को मथुरा से रेल लाइन से जोड़ने के लिए भी प्रयास करेंगी। भाजपा प्रत्याशी ने यमुना के निर्मल बनाने के लिए न केवल संकल्प व्यक्त किया और कहा कि दिल्ली सरकार से यमुना को निर्मल बनाने का दबाव बनाने के लिए दिल्ली में पड़ाव डालेगे तो सभा स्थल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। इस अवसर पर मथुरा के सभी विधायक, सांसद तेजवीर सिंह, एवं भाजपा के सभी पदाधिकारी उपस्थित थे।

**राम आए हैं, कृष्ण भी आएंगे : मुख्यमंत्री**

लोकसभा प्रत्याशी और एक्ट्रेस हेमा मालिनी ने गुरुवार को नामांकन किया। नामांकन के बाद हेमा मालिनी के समर्थन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विजय संकल्प नामांकन जनसभा की। योगी ने कहा अयोध्या, मथुरा और काशी में सबसे पहले चुनाव मथुरा में हो रहा है, तो संदेश यहीं से जाना चाहिए। अयोध्या में रामलला विराजमान हो गए हैं। काशी का भी काम हो गया है। अब मथुरा इंतजार कर रही है कि राम आए हैं, कृष्ण भी आएंगे। योगी ने भगवान श्रीकृष्ण की धरा से राधे-राधे बिहारी लाल की जय के स्वरों से अपने संबोधन की शुरूआत की। सीएम योगी ने कहा हेमा मालिनी ने इस क्षेत्र को नई पहचान दी है। मथुरा से हेमा मालिनी को तीसरी बार नामांकन करने की बधाई।

### आपात स्थिति में उतरा वायु सेना का अपाचे हेलिकॉप्टर, पायलट सुरक्षित



**एजेंसी, नई दिल्ली।** वायु सेना का एक अपाचे हेलिकॉप्टर लद्दाख में आपात स्थिति में उतरने के दौरान क्षतिग्रस्त हो गया, हालाकि इसमें सवार दोनों पायलट सुरक्षित हैं। वायु सेना के प्रवक्ता ने गुरुवार को बताया कि यह अपाचे हेलिकॉप्टर बुधवार को संचालन संबंधी नियमित उडान पर था कि तकनीकी कारणों से इसे आपात स्थिति में उतरना पड़ा और ऊंचे पर्वतीय क्षेत्र में अचानक उतरने के दौरान यह क्षतिग्रस्त हो गया। हेलिकॉप्टर में सवार दोनों पायलट सुरक्षित हैं और उन्हें निकट के एयर बेस ले जाया गया है। इस घटना के कारणों की जांच के लिए कोर्ट ऑफ इंक्वायरी का आदेश दिया गया है। उल्लेखनीय है कि वायु सेना अभी अपना सबसे बड़ा अभ्यास गगन शक्ति चला रही है और इसमें वायु सेना के हजारों वायु योद्धा तथा छोटे बड़े प्लेटफार्म हिस्सा ले रहे हैं।

### डाक मतपत्र संबंधी वायरल संदेश भ्रामक : चुनाव आयोग

भारत निर्वाचन आयोग
Election Commission of India

**एजेंसी, नयी दिल्ली।** भारत चुनाव आयोग ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म व्हाट्सऐप पर उस वायरल संदेश को भ्रामक और फर्जी बताया है जिसमें कहा गया है कि सरकारी कर्मचारी डाक मतपत्र के माध्यम से अपना वोट नहीं डाल सकते।

आयोग ने एक्स पर लिखा कि संदेश भ्रामक और फर्जी है। चुनाव ड्यूटी पर तैनात पात्र अधिकारी एवं कर्मचारी निर्दिष्ट मतदाता सुविधा केंद्र पर डाक मतपत्र के माध्यम से अपना वोट डाल सकते हैं।

# हिजबुल मुजाहिदीन के तीन आतंकी गिरफ्तार

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

यूपी एटीएस ने आईएसआई के सहयोग से भारत में प्रवेश करने वाले हिजबुल मुजाहिदीन के तीन आतंकियों को सोनौली बॉर्डर से गिरफ्तार कर लिया है।

यूपी एटीएस ने अवैध रूप से भारत में प्रवेश करने वाले हिजबुल मुजाहिदीन के तीन आतंकियों को नेपाल-भारत के सोनौली बॉर्डर से गिरफ्तार कर लिया है। इनमें से दो पाकिस्तान के रहने वाले हैं जबकि एक कश्मीर का निवासी है। यूपी एटीएस को सूचना मिली थी कि कुछ पाकिस्तानी नागरिक आईएसआई के सहयोग से नेपाल सीमा से भारत में प्रवेश करने वाले हैं। जिस पर एटीएस की फील्ड इकाई गोरखपुर ने सर्विलांस की मदद से मोहम्मद अल्ताफ भट, रावलपिंडी, सैय्यद गजनफर इस्लामाबाद और नासिर अली जम्मू एंड कश्मीर को गिरफ्तार कर लिया। ये सभी भारत में आतंकी घटनाओं को अंजाम देने का मंसूबा रखते हैं और आईएसआई के सहयोग से हिजबुल मुजाहिदीन के ट्रेनिंग कैंप से प्रशिक्षण भी ले चुके हैं। आतंकी मोहम्मद अल्ताफ भट ने पूछताछ में बताया कि उसका जन्म कश्मीर में हुआ था और कारगिल युद्ध के बाद वह हिजबुल मुजाहिदीन के एक मिलिटेंट के साथ जिहाद की ट्रेनिंग के लिए पाकिस्तान चला गया। अल्ताफ ने बताया कि वह हमेशा से ही चाहता था कि कश्मीर, पाकिस्तान का हिस्सा बने। इसी उद्देश्य से अल्ताफ ने पाकिस्तान पहुंचकर आईएसआई के निर्देशन में हिजबुल मुजाहिदीन के मुजफ्फराबाद कैंप में जेहादी प्रशिक्षण लिया। उसने बताया कि पाकिस्तनी खुफिया एजेंसी आईएसआई, कश्मीर स्थित आतंकी संगठन हिजबुल मुजाहिदीन के साथ मिलकर भारत में आतंक फैलाने के उद्देश्य से भारतीय लोगों को अपनी नेटवर्क से जोड़ रहा है।



**सफलता**

- यूपी एटीएस ने सोनौली बार्डर से तीनों का दबोचा

### केजरीवाल को मुख्यमंत्री पद से हटाने की दूसरी याचिका भी खारिज



**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने शराब नीति में कथित घोटाले से संबंधित धनशोधन के मामले में न्यायिक हिरासत में तिहाड़ जेल में बंद आम आदमी पार्टी (आप) नेता अरविंद केजरीवाल को मुख्यमंत्री के पद से हटाने का निर्देश देने की मांग वाली दूसरी जनहित याचिका भी गुरुवार को खारिज कर दी। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत प्रीतम सिंह अरोड़ा की खंडपीठ ने हिंदू सेना के अध्यक्ष विष्णु गुप्ता की याचिका पर यह कहते हुए विचार करने से इनकार कर दिया कि यह उपराज्यपाल या राष्ट्रपति के अधिकार क्षेत्र में आता है। न्यायालय ने हालांकि टिप्पणी की कि यह मुख्यमंत्री पर निर्भर करता है कि उन्हें अपने पद पर रहना चाहिए या नहीं। पीठ ने टिप्पणी करते हुए कहा कि कभी-कभी व्यक्तिगत हित को राष्ट्रीय हित के अधीन होना पड़ता है, लेकिन यह उनका (केजरीवाल का) व्यक्तिगत फैसला है।

# स्वामी प्रसाद मौर्य और बेटी संघमित्रा समेत पांच के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के अध्यक्ष स्वामी प्रसाद मौर्य की मुश्किलें एक बार फिर बढ़ गई है। लखनऊ की एमपी-एमएलए कोर्ट ने स्वामी प्रसाद मौर्य और उनकी बेटी संघमित्रा मौर्य समेत 5 लोगों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। कोर्ट ने धोखाधड़ी, मारपीट, जान से मारने की धमकी और साजिश करने जैसे गंभीर आरोपों पर कार्रवाई करते हुए गिरफ्तारी का वारंट जारी किया है। संघमित्रा मौर्य पर बिना तलाक लिए धोखे से दीपक स्वर्णकार से शादी का आरोप है। मामले में कोर्ट में हाजिर न होने पर एमपी-एमएलए कोर्ट ने गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। वादी दीपक के मुताबिक वो और संघमित्रा मौर्य 2016 से लिवइन रिलेशन में रह रहे थे। संघमित्रा और स्वामी प्रसाद ने बताया कि संघमित्रा का पूर्व की शादी में तलाक हो गया है। लिहाजा 3 जनवरी 2019 को दीपक ने संघमित्रा के घर पर उनसे शादी कर ली। जबकि 2019 के चुनाव में शपथ पत्र देकर संघमित्रा ने खुद को अविवाहित बताया था। दीपक ने बताया कि संघमित्रा का तलाक मई 2021 में हुआ था। जब 2021 में उसने विधि विधान से शादी का प्रस्ताव रखा तो उसके ऊपर जानलेवा हमला किया गया। अब इस मामले में अगली सुनवाई 16 अप्रैल को होगी।



**कार्रवाई**

- संघमित्रा पर धोखे से दीपक स्वर्णकार से शादी का आरोप

# पप्पू यादव ने पूर्णिया से किया नामांकन

**कोसी-सीमांचल की आजादी मेरा मुख्य उद्देश्य**



**पूर्णिया, समृद्धि न्यूज।**

पप्पू यादव ने पूर्णिया लोकसभा सीट से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में पर्चा दाखिल किया है। उन्होंने कहा कि कोसी और सीमांचल की आजादी उनका लक्ष्य है।

पप्पू यादव ने कहा कि मैं कांग्रेस के साथ हूं। मुझे कांग्रेस का समर्थन प्राप्त है। मैंने अपनी पार्टी का विलय कर लिया था इसलिए निर्दलीय चुनाव लड़ना पड़ रहा है। मेरी भावना कांग्रेस के प्रति है और मुझे कांग्रेस परिवार से अलग करने की कोशिश की गई। उन्होंने स्पष्ट कहा कि मरते दम तक मुझे कोई कांग्रेस परिवार से अलग नहीं कर सकता। आगे उन्होंने कहा कि पूर्णिया से गरीबी मिटाना, हर परिवार के बच्चों की खुश रखने का मेरा संकल्प है।

### श्रीकृष्ण जन्मभूमि विवाद मामले में सुनवाई 18 को



**समृद्धि न्यूज, प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट में मथुरा स्थित श्रीकृष्ण जन्मभूमि विवाद मामले में अगली सुनवाई 18 अप्रैल को होगी। इसके पहले सुनवाई शुरू होते ही मस्जिद की ओर से पक्ष रखा गया। इलाहाबाद हाईकोर्ट में मथुरा स्थित श्रीकृष्ण जन्मभूमि विवाद मामले में अगली सुनवाई 18 अप्रैल को होगी। इसके पहले सुनवाई शुरू होते ही मस्जिद की ओर से पक्ष रखा गया। जबकि, मंदिर की ओर से कहा गया कि मस्जिद पक्ष याचिका की पोषणीयता पर जिन तर्कों का सहारा ले रहा है, वह बेबुनियाद है। मस्जिद पक्ष का दावा है कि यह प्लेस ऑफ वर्शिप एक्ट, लिमिटेशन एक्ट और वक्फ एक्ट से बाधित नहीं है।

**उपलब्धि** अपहृत ईरानी जहाज एमवी अल कंबर को नौसेना ने सोमालियाई डाकुओं से छुड़ाया था

# नौसेना ने सोमालियाई समुद्री डाकुओं को पुलिस को सौंपा

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

पूर्वी सोमालिया में ईरानी जहाज एफवी अल कंबर को अपहृत करने वाले सभी नौ समुद्री लुटेरों को पश्चिमी तट पर लाकर मुंबई पुलिस को सौंप दिया गया । अरब सागर में यह घटना 29 मार्च को हुई थी, जिसमें भारतीय नौसेना ने समुद्री डकैती रोकने के साथ ही 23 पाकिस्तानी नागरिकों को बचाया था। बुधवार देररात मुंबई लाए गए इन सोमालियाई लुटेरों के विरुद्ध अब आगे की कार्रवाई समुद्री कानून के तहत की जाएगी।

भारतीय नौसेना को 28 मार्च की देरशाम ईरानी मछली पकड़ने वाले जहाज (एफवी) अल-कंबर 786को अरब सागर में अपहृत किए जाने की सूचना मिली थी। समुद्री डकैती का इनपुट मिलने पर नौसेना ने समुद्री सुरक्षा अभियानों के लिए अरब सागर में तैनात अपने दो जहाजों आईएनएस त्रिशूल और आईएनएस सुमेधा को अपहृत एफवी को रोकने के लिए डायवर्ट कर दिया।

समुद्री डकैती रोधी अभियानों के दौरान भारतीय नौसेना के जहाजों और मरीन कमांडो ने 29 मार्च को एफवी अल कंबर में सवार नौ समुद्री लुटेरों को सरेंडर करने के लिए मजबूर कर दिया। लगभग 12 घंटे तक चले ऑपरेशन के बाद चालक दल के 23 पाकिस्तानी नागरिकों को सफलतापूर्वक बचाया गया। इसके बाद नौसेना की विशेषज्ञ टीमों ने एफवी की स्वच्छता और समुद्री योग्यता की जांच पूरी की। यमन के पास सोमालियाई समुद्री डाकुओं से बचाए गए चालक दल के 23 पाकिस्तानी सदस्यों ने भारतीय नौसेना का शुक्रिया अदा किया और भारत जिंदाबाद के नारे लगाए। समुद्री डकैती रोधी अधिनियम-2022 के अनुसार आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए गिरफ्तार किए गए सभी नौ समुद्री लुटेरों को आईएनएस त्रिशूल से देर रात मुंबई लाकर मुंबई पुलिस के हवाले कर दिया गया है।



**सौर्य**

- अरब सागर में 12 घंटे ऑपरेशन के बाद 23 पाकिस्तानी नागरिक बचाए थे नौसेना ने

# जनपदवासी शान्तिपूर्ण तरीके से मनाएं त्योहार : डीएम

**जिलाधिकारी ने शाम के बाद विद्युत कटौती न करने के दिए निर्देश**




**बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

जनपद में रमजान माह की अलविदा नमाज, चैत्र नवरात्रि, रामनवमी पर्व को शान्ति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराए जाने हेतु जिला मजिस्ट्रेट सत्येन्द्र कुमार की अध्यक्षता में आज डीआरडीए गांधी सभागार में शान्ति समिति की बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक को सम्बोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि बाराबंकी जनपद शान्तिप्रिय जिला है और पूर्ण विश्वास है कि अपनी परम्परा को कायम रखते हुए जनपद में आगामी त्यौहार सकुशल सम्पन्न होंगे। इसके लिए परस्पर सहयोग व सतर्कता की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत जो भी आयोजन किए जाएं, नवरात्रि में पण्डाल या ईद की नमाज इत्यादि इसमें यातायात किसी भी प्रकार से बाधित न हो। उन्होंने कहा कि त्यौहारों के दौरान लाउडस्पीकर की ध्वनि बहुत अधिक न हो, जिससे किसी को परेशानी उठानी पड़े। उन्होंने जिला पंचायतीराज अधिकारी और समस्त अधिशासी अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत विशेष सफाई अभियान चलाया जाए, खासकर ईदगाह में साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि बैठक में उपस्थित सभी प्रबुद्धजन समाज में अगुआ के रूप में माने जाते है हम सभी का दायित्व है कि सभी त्यौहार हर्षोउल्लास व शान्ति के साथ मनाया जाए। इसमें किसी भी प्रकार का कोई व्यवधान न आने पाए।

बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक ने कहा कि प्रशासन की भ्रामक व झूठी खबरों पर कड़ी नजर है और ऐसा करने वालो के विरूद्ध कठोर कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि पूर्व के अनुभवों से आश्वस्त हूँ कि आगामी त्यौहार उत्साह और उमंग के साथ मनाए जाएंगे। उन्होंने उपस्थित समुदाय के प्रबुद्धजनों से समाज में परेशानी पैदा करने वाले असामाजिक या आपराधिक तत्वों को संज्ञान में लाने का अनुरोध किया।

बैठक में दोनों समुदायों के प्रबुद्धजनों ने पीस कमेटी को सम्बोधित किया और विभिन्न बिन्दुओं से समिति को अवगत कराया। दोनों समुदायों के प्रबुद्धजनों ने वरिष्ठ अधिकारियों को अश्वस्त किया कि आगामी त्यौहारों को परस्पर सदभावना व भाई चारे के साथ मनाया जाएगा। अंत में दोनों समुदायों के प्रबुद्ध लोगों को आगामी चुनाव में अधिक से अधिक मतदान के लिए लोगों को प्रेरित करने की अपील की गयी और उनको मतदान करने की शपथ भी दिलायी गयी। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी अरूण कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक एस एन सिन्हा, समस्त उपजिलाधिकारी, समस्त क्षेत्राधिकारी पुलिस, जिला पंचायतीराज अधिकारी, अधिशाषी अभियन्ता विद्युत, समस्त अधिशासी अधिकारी सहित विभिन्न समुदायों के सम्भ्रान्तजन उपस्थित रहे।

# गैंगेस्टर के अपराधी की छह लाख की सम्पत्ति कुर्क

**मसौली, बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह के निर्देश पर संगठित गिरोह बनाकर अपराध करने वाले अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम मे मसौली पुलिस ने मार्फीन तस्कर गैंगस्टर एक्ट के अपराधी के 6 लाख रुपए कीमत के भूखंड को कुर्क किया गया। बताते चले थाना क्षेत्र के ग्राम बांसा निवासी मार्फीन तस्कर इकराम पुत्र अब्दुल हक जो गांव के ही अदनान पुर्तइरशाद व इसराक पुत्र जमशेद के साथ मिलकर एक संगठित गिरोह बनाकर बीते 5-6 वर्षो से अपराधिक गतिविधियो मे लिप्त रहता है इस दौरान इकराम ने आर्थिक, भौतिक व दुनियाबी लाभ हेतु मादक पदार्थ की तस्करी कर अवैध रूप से धनोपार्जन कर स्वयं के नाम पर अचल सम्पत्ति अर्जित की गई। जनपद बाराबंकी द्वारा आपराधिक कृत्य से स्वयं के नाम पर अर्जित की गई अचल सम्पत्ति कीमत लगभग 06 लाख रुपये को थाना रामनगर पुलिस द्वारा चिन्हित कर जिला मजिस्ट्रेट बाराबंकी को आख्या प्रेषित की गई जिसके आधार पर अन्तर्गत धारा 14(1) उप्र गिरोहबन्द एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम 1986 के तहत राज्य के पक्ष में कुर्क किये जाने हेतु आदेश निर्गत किया गया था। गुरुवार को प्रभारी निरीक्षक अरुण प्रताप सिंह , प्रभारी निरीक्षक रामनगर रत्नेश पाण्डेय, नायब तहसीलदार उमेश कुमार तिवारी, हल्का लेखपाल राजेश तिवारी ने मुनादी कराकर उक्त भूखंड को कुर्क करने की कार्यवाही की।

# कृष्ण की बाल लीलाओं का हुआ वर्णन

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।** सुबेहा तिराहा स्थित स्वर्गीय राधेश्याम मिश्रा के आवास पर चल रही श्रीमद् भागवत कथा में आज कथा में कथा व्यास स्वामी स्वात्मानंद जी महाराज के द्वारा भगवान श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का बड़ा सुंदर वर्णन किया। उन्होंने कहा कि भगवान श्री कृष्ण के पहाड़ों पर पैर रखने से पहाड़ सुंदर दिखने लगे जमुना जी हिलोरे मारने लगी गाय बछड़े ग्वाल बाल गोपिया नंद गांव में खुशियों का माहौल हो गया। कथा का श्रवण करके सभी श्रोता भाव विभोर हो गए। कथा श्रवण करने वालों में मुख्य यजमान शैल कुमारी मिश्रा संजय मिश्रा अनिरुद्ध मिश्रा पंडित सिद्धनाथ तिवारी शिवकुमार चतुर्वेदी रत्नेश शर्मा सहित सैकड़ो भक्त मौजूद रहे।

# मतदान प्रतिशत बढ़ने से बढ़ेगा जीत का अंतर: ललित श्रीवास्तव

**बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह प्रांत पर्यावरण प्रमुख ललित श्रीवास्तव ने कहा कि मतदान प्रतिशत बढ़ा कर लोकसभा में भाजपा की जीत का अंतर बढ़ाया जा सकता है।इसके लिए मतदान केंद्रों पर कार्यकर्ताओं की टोली बनाकर प्रत्येक कार्यकर्ता को 30 परिवारों से चुनाव तक संपर्क साधना होगा।सह प्रांत पर्यावरण प्रमुख गुरुवार को भाजपा कार्यालय पर आयोजित समन्वय बैठक को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने मतदाता की उंगली पर लगी मतदान की स्याही को उन्होंने श्रीराम गौरव टीका कहा। कहा कि अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के बाद दर्शनार्थियों का हुजूम उमड़ रहा है।यह हुजूम देश - विदेश के कोने कोने से आ रहा है। उन्होंने आह्वान किया कि भारत को 2047 में विकसित राष्ट्र बनाने के लिए यह लोकसभा चुनाव मील का पत्थर साबित होगा।

उन्होंने कहा कि भारत में आयोजित जी - 20 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने वाले प्रतिनिधियों ने हमारे देश की विविधता में एकता का अनुभव किया अंतराष्ट्रीय समस्याओं को सुलझाने में भारत की भूमिका महत्वपूर्ण हो गई है। दुनिया भारत के दृष्टिकोण से प्रभावित दिख रही है।जिला अध्यक्ष अरविंद मौर्य ने स्वागत किया।

एमएलसी व जिला प्रभारी अवनीश सिंह ने सह प्रांत पर्यावरण प्रमुख को उनके द्वारा दिए गए जीत के मंत्र को अपनाने एवम चुनाव में भाजपा की ऐतिहासिक जीत का भरोसा दिलाया।इस अवसर पर विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा,शरद अवस्थी,हरगोविंद सिंह,धर्मेंद्र यादव,रवि रावत,लोकसभा विस्तारक यश मिश्रा,अवधेश श्रीवास्तव,शशांक कुसुमेश, संदीप गुप्ता,विजय आनंद बाजपेई,डॉक्टर विवेक वर्मा,शील रत्न मिहिर,रोहित सिंह,रामेश्वरी त्रिवेदी,रचना श्रीवास्तव,राकेश पटेल, नवीन राठौर मौजूद रहे।

**डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक का दौरा आज**

**डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक आज जीआईसी ऑडिटोरियम में सोशल मीडिया इनफ्लूएंसर सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहेंगे।शुक्रवार की सुबह 10.30 बजे से शुरू होने वाले इस सम्मेलन में भाजपा के सभी विधानसभाओं के सोशल मीडिया से जुड़े कार्यकर्ता शिरकत करेंगे।**

# श्रीमद्भागवत कथा में सुदामा चरित्र सुन स्रोता हुए भावुक



**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।** सार्वजनिक इंटर कॉलेज के बगल में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में कथा व्यास पं.रामानुजाचार्य जी महाराज के द्वारा कथा विश्राम दिवस के अवसर पर भगवान श्री कृष्णा और सुदामा के चरित्र का सुंदर वर्णन किया गया। कथा व्यास पंडित रामानुजाचार्य ने कहा कि सुदामा गरीब नहीं थे गरीब होना व दरिद्र होने में अंतर है दरिद्र वह है जो अपनी संपत्ति होते हुए भी दूसरे की संपत्ति पर नजर रखता है सुदामा जी तो भगवान श्री कृष्ण के परम भक्त थे। कथा में मुख्य यजमान अनिल कुमार श्रीवास्तव पूर्व सभासद विपिन साहू काकू साहू किशन वैश्य राजाराम वैश्य इंद्र कुमार श्रीवास्तव प्रियांशु सिंह अंशु रस्तोगी संतोष कुमार मिश्रा सुनील श्रीवास्तव श्यामू सोनी गोपाल पांडे सुभाष शिव शंकर बबलू विवेकानंद शास्त्री व अन्य सभी भक्त मौजूद रहे।

# जनपद न्यायाधीश ने किया जागरूकता शिविर का शुभारम्भ

**बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ की मंशानुरूप एवं जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दिनेशचंद्र की अध्यक्षता में आनन्द भवन स्कूल में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता विषयक शिविर का शुभारम्भ दीप प्रजवलन कर किया गया। इस अवसर पर श्रीमती नाजनीन बानो, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव नाजनीन बानो व सीडीओ अ सुदन, डॉ राजीव दीक्षित चिकित्सक, डॉ सौरभ मिश्रा मनोचिकित्सक, उम्मीद किरन समाज सेवी संस्था की अध्यक्ष अर्चना अर्चना थॉमस प्रधानाचार्या आनन्द भवन स्कूल, कनिष्ठ लिपिक सौरभ शुक्ला व कनिष्ठ लिपिक मो. सलमान व मोहित कुमार वर्मा व प्रदीप यादव उपस्थित रहे। उक्त शिविर में दिनेश चन्द जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बाराबंकी द्वारा बताया गया कि दुआ के साथ-साथ दवा का सभी सहारा लेना चाहिए। आज के दौर में लोगो को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति सचेत होना पड़ेगा जिससे मानसिक बीमारी की रोकथाम की जा सकें अगर बच्चों को विकास धीमी गति से हो रहा तो परिवार वाले बच्चों को मानसिक स्वास्थ्य के डॉक्टर को तुरन्त दिखाये जिससे समय से उनका उपचार किया जा सकें, यदि समय से उपचार शुरू किया जाये तो बहुत सारी मानसिक बीमारियों की रोकथाम की जा सकती है। आजकल के दौर में मानसिक बीमारी बढ़ रही है इससे बचने की आवश्यकता है। जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से समय-समय पर ऐसे शिविरों का आयोजन किया जाना चाहिये जिससे मानसिक स्वास्थ्य के प्रति लोगो को जागरूक किया जा सकें। मानसिक स्वास्थ्य से पीड़ित बच्चों के द्वारा नृत्य करके अपनी योग्यता को दिखायी गयी जिसे देखकर माननीय जनपद न्यायाधीश बहुत प्रभावित हुये एवं माननीय महोदय के द्वारा मानसिक स्वास्थ्य से पीड़ित बच्चों को प्रोत्साहित किया गया।

डॉ सौरभ मिश्रा, मनोचिकित्सक के द्वारा बताया गया कि आदमी को तनावमुक्त रहना चाहिए जिससे आदमी बहुत प्रकार की बीमारी विशेषकर मानसिक रोगो से मुक्त रह सकें। परिवार में आपस में बात-चीत करने से व्यक्ति तनावमुक्त एवं प्रसन्न रहता है जिससे मानसिक रोग होने की सम्भावना कम होती है। नींद न आना या देर से नींद आना, चिन्ता, घबराहट, तनाव आदि रहना, काम में मन न लगना व आत्महत्या का विचार करना, भूत-प्रेत, देवी-देवता आदि की छाया का भ्रम होना आदि मानसिक रोगियों के सामान्य लक्षण होते है जिसके बारे में लोगो को जागरूक किये जाने की आवश्यकता है।

## खबरें एक नजर में

### दो पक्षो में हुई मारपीट, चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**जैदपुर बाराबंकी।** पैसे की देन को लेकर दो पक्षों में बढ़े विवाद में जमकर की गयी मारपीट में जैदपुर पुलिस द्वारा चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी गयी है मामला जैदपुर के मोहल्ला चमरहिया राईन मार्केट के निकट का जहां रात में पैसों की देन देन में पहले तो आपसी कहा सुनी होती रही बाद में बात न बनने पर चुन्ना,इरशाद तालिब अरबाज ने अली अकबर कटरा थाना जैदपुर निवासी मुरसलीम पुत्र इब्राहीम व चचा अली अकबर को जमकर मारा पीटा जिस पीड़ित को काफी चोटें आयीं है। पीड़ित मुरसलीम ने शिकायती पत्र जैदपुर थाने में देते हुवे जमकर मारपीट करने के आरोप में पुलिस द्वारा चुन्ना पुत्र सादिक इरशाद पुत्र सादिक अरबाज पुत्र चुन्ना तालिब पुत्र चुन्ना के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। इस संबंध में कस्बा इंचार्ज अनिल कुमार पाण्डेय ने बताया कि 4 लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। जांच पड़ताल जारी है।

### रेल पटरी पर मिला युवक का शव, शिनाख्त नहीं

**मसौली, बाराबंकी।** गोंडा लखनऊ रेलमार्ग पर स्थित रफी नगर रेलवे हाल्ट के निकट रेलवे पटरी पर एक 30 वर्षीय युवक का क्षतविक्षत शव बरामद हुआ। सूचना पर पहुंची रेलवे एव मसौली पुलिस ने शव के शिनाख्त की भरसक प्रयास किया लेकिन शिनाख्त हो पाने पर पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। गुरुवार की सुबह शौंच के लिए गये ग्रामीणों ने देखा कि रेलवे हाल्ट के निकट अप लाइन रेलवे ट्रैक पर एक 30 वर्षीय अज्ञात युवक का क्षतविक्षत शव पड़ा हुआ है ट्रेन से बुरी तरह कटे शव की पहचान करना बड़ी मुश्किल का कार्य था रेलवे पटरी पर मिले शव की खबर फैलते ही भारी संख्या मे लोगो की भीड़ जुट गयी। मौके पर पहुंची रेलवे एव मसौली पुलिस ने शिनाख्त का प्रयास किया लेकिन सफलता हासिल नही हो सकी है। रेलवे ट्रैक पर शव होने के कारण रेलवे एव मसौली पुलिस के बीच घटनास्थल को एक घंटे तक सीमा-विवाद होता रहा अंत मे मसौली पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### नाटक से लोगों को किया जागरूक

**बाराबंकी।** खुशहालपुर स्थित सहयोगी इण्टर कालेज मे मतदाता जागरुकता रैली का शुभारम्भ प्रधानाचार्य शमशेर सिंह, प्रवक्ता अनुज वर्मा ने संयुक्त रुप से किया। रैली ग्राम सातवां से होते हुए ग्राम दौलतपुर मे जाकर समाप्त हुई। तत्पश्चात विद्यार्थियों द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ग्रामीणों को शत प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। रैली मे छात्राओ द्वारा पहले मतदान फिर जलपान, चाहे नर हो या नारी मतदान सब की जिम्मेवारी, वोट डालने जाना है अपना फर्ज निभाना है, अब जागो प्यारे, मतदाता वोट हमारा अधिकार, कभी ना करें इसका बहिष्कार जैसे स्लोगनो से जागरुकता संदेश दिया गया। इस अवसर पर धर्मानंद यादव, नोडल शिक्षक नंदकिशोर वर्मा, राजेश वर्मा, सुनील वर्मा, सोनी वर्मा, निर्मल वर्मा, कुलदीप वर्मा, दिनेश वर्मा, रामसमुझ यादव, नीलम वर्मा, राकेश वर्मा, उत्कर्ष वर्मा, स्वदेश आदि कर्मचारी व विद्यार्थी मौजूद रहे।

# वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**मसौली, बाराबंकी।** गुरुवार की भोर सब्जी मंडी जाने के लिए हाइवे के किनारे खड़े होकर किसी वाहन का इंतजार कर युवक को अज्ञात वाहन ने टककर मार दी।

परिजन जब तक घायल को जिला अस्पताल लेकर पहुंचते उससे पूर्व मौत हो गयी। थाना क्षेत्र के ग्राम सुल्तानपुर निवासी रमेश चन्द्र गौतम पुत्र हीरालाल नित की भांति सब्जी मंडी जाने के लिए गुरुवार को सड़क के किनारे खड़े होकर किसी वाहन का इंतजार कर रहा था कि तेज रफ्तार मे आये किसी अज्ञात वाहन ने टककर मार दी जिससे रमेश चंद्र गंभीर रूप से घायल हो गया सूचना पर पहुंचे परिजनों ने ऐम्बुलेंस से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्स्कों ने मृत घोषित कर दिया।



## श्रद्धालुओं द्वारा बनाया जा रहा मां का दरबार

**बिजुआ खीरी।** कस्बा मूड़ा सवारान में चैत्र नवरात्र में भक्तों के लिए पूजन अर्चन हेतु मां का दरबार बनाया जा रहा है। श्रद्धालु पूरे दिन दरबार बनाने में जुटे हुए हैं। जहां नवरात्र भर दरबार में भक्ति गीतों की धूम रहेगी। 9 अप्रैल से प्रारंभ हो रहे चैत्र नवरात्र में दुर्गा पूजा के लिए जगह-जगह पूजा पंडाल सजाए जा रहे हैं जिसमें ब्लाक बिजुआ क्षेत्र के कस्बा मूड़ा सवारान,नौसर जोगी,बस्तौली, ढकिया,बिजुआ में दुर्गा पूजा समारोह के भव्य आयोजन में मां दुर्गा की पूजा हेतु जगह जगह दरबार सजाया जा रहा है। जिसमें पटरे,अड़ाना, बल्ली, बांस, इंगल आदि का प्रयोग किया जा रहा है। मूड़ा सवारान में दरबार को भव्य रूप देने में चंद्रिका प्रसाद, पुष्पेंद्र वर्मा, धीरेंद्र यादव, सर्वेश वर्मा, विकास मिश्रा, रिशु वर्मा, अनिल वर्मा ,राजबली तिवारी, विमल शर्मा, राजेश शर्मा, राजन कश्यप, अजीत शर्मा, पुनीत कश्यप, जसवंत कश्यप, आशीष कुमार, राजकुमार विश्वकर्मा, बहोरी कश्यप, विजय विश्वकर्मा, रामचंद्र कश्यप आदि सेवादार लगे हुए हैं।

# इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी को जिताने की हुई अपील

**मसौली, बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**



इण्डिया गठबंधन के लोकसभा प्रत्याशी तनुज पुनिया के समर्थन मे जैदपुर विधानसभा के सपा विधायक गौरव रावत ने क्षेत्र की आधा दर्जन से अधिक स्थानों पर नुक्कड़ बैठक कर गठबंधन के उम्मीदवार को जिताने की अपील की।

ग्राम पंचायत बड़ागांव चन्दन पुरवा, शेरपुर, नैनामऊ ,मसौली , देवकालिया आदि गांवो मे जनसमपर्क करते हुए सपा विधायक गौरव रावत ने कहा कि इस बार बाराबंकी की जनता लोकसभा चुनाव में इतिहास रचने जा रही है मतदाताओं की एक जुटता इस बात की गवाह है कि केंद्र मे काबिज मोदी सरकार से लोग ऊब कर गठबंधन प्रत्याशी को भारी बहुमत से जिताएंगे। विधायक गौरव रावत ने जनसंपर्क करते हुए कहा कि युवा न्याय गारंटी के तहत पहली नौकरी पक्की, 30 लाख सरकारी नौकरी, पेपर लीक पर मुक्त 20 हजार तक मुआवजा अग्नि पथ योजना को खत्म कर सेना में नियमित भर्ती की जायेगी। श्री रावत ने कहा कि किसानों के लिए कर्जा माफी और कर्ज माफी आयोग का गठन तथा कृषि यन्त्र में जीएसटी मुक्त कर दिया जायेगा जिससे कृषि यन्त्र सस्ते होंगे।

ऐसी ही महिलाओं को भी प्राथमिकता देते हुए गरीब परिवार में एक महिला को एक लाख रुपए प्रति वर्ष तथा आशा, आंगनबाड़ी और एमडीएम वर्कर्स के वेतन को दोगुना करना और श्रमिकों सहित योजनाएं घोषणापत्र में शमिल है। इण्डिया गठबंधन प्रत्याशी तनुज पुनिया ने कहा कि बीते कई वर्षो से आप लोगो के बींच मे हूं उन्होन वोटरों से जनसंपर्क कर अपने पक्ष में मतदान करने के लिए अपिल किया। इस मौके पर राम प्रताप वर्मा, तनवीर किदवाई, शरीफ भाई, मोबीन सिकंदर दादरा,सपा ब्लॉक अध्यक्ष अखिलेश यादव, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष महेंद्र पाल, शाहिद बड़ागांव, गुफरान, यशवंत सिंह यादव, तरुन चावला, के सी भाई, मोहित यादव, तौकीर खां, पप्पू वर्मा, पवन यादव, शेष कुमार रावत, राममिलन यादव आदि लोग साथ में रहे।

# चुनावी सभा स्थान परिवर्तन को लेकर सौंपा ज्ञापन

**लखीमपुर खीरी। समृद्धि न्यूज**




लोक सभा चुनाव 2024 को लेकर भाजपा प्रत्याशी अजय मिश्रा टेनी की चुनावी सभा के स्थान परिवर्तन को लेकर भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने एसडीएम को एक ज्ञापन सौंपा।

दिए ज्ञापन में बताया कि आगामी दिनांक 7 अप्रैल को गुरु नानक इंटर कॉलेज पहाड़पुर में आयोजित होने वाली अजय मिश्र टेनी की चुनावी सभा का भारतीय किसान यूनियन पुरजोर विरोध करती है उपरोक्त कॉलेज किसानों का है इसलिए किसानों पर अत्याचार करने व करवाने वाले की सभा यहां आयोजित करना किसानों के जख्मों पर नमक रगड़ने के समान है जिसमें तमाम किसानों की भावनाएं आहत हुई हैं। उपरोक्त सभा की जानकारी से किसान आक्रोशित व उत्तेजित है उपरोक्त सभा किसी अन्य स्थान पर आयोजित की जाए तब किसानों को कोई आपत्ति नहीं होगी परंतु किसानों के कॉलेज का सभा के लिए उपयोग करने पर किसानों को गहरी आपत्ति है इसके साथ ही हम सभी किसानों का यह निश्चय है कि यदि अजय मिश्र टेनी की प्रस्तावित सभा गुरु नानक इंटर कॉलेज पहाड़पुर में ही आयोजित करने की जिद की जाती है तो भारतीय किसान यूनियन टिकट इसका तीव्र विरोध करेगी।

# 188 केन्द्रों पर सास-बहू-ननद सम्मेलन आयोजित

**विभिन्न विद्यालयों और महाविद्यालयों में आयोजित हो रहे मतदाता जागरूकता कार्यक्रम**

**बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

जिला प्रशासन आगामी चुनाव में जनपद का वोटिंग परसेनटेज बढ़ाने के लिए लगातार कोशिश कर रहा है। इसके लिए जिला मजिस्ट्रेट सत्येन्द्र कुमार की परिकल्पना पर आधारित सास बहू सम्मेलन की कड़ी में आज जनपद के 188 केन्द्रों पर सास बहू ननद सम्मेलन कराया गया, जिसमें 4438 प्रतिभागियों के द्वारा प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी प्रतिभागियों को मतदान के मूल्य से अवगत कराया गया और उन्हें आगामी चुनाव में अपने मत का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सीडीपीओ और आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा उपस्थित परिवार के सभी सदस्यों को मतदान की शपथ दिलायी गयी।

स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत आज आदर्श पीजी कालेज ऑफ एजूकेशन सलारपुर देवा में स्वच्छ नैतिक एवं शत प्रतिशत मतदान विषय पर जन समुदाय की उपस्थिति में जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया, इसमें सभी को आने वाली लोकसभा चुनाव 2024 में निर्भीक होकर मतदान करने के लिए संवाद किया गया साथ ही युवा मतदाताओं को इस लोकतंत्र के महापर्व में अनिवार्य रूप से सहयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। आज विकास खण्ड निन्दूरा के समस्त विद्यालयों में मतदाता जागरूकता कि अंतर्गत मातृ सम्मेलन आयोजित किया गया, जिसमें उपस्थित सभी माताओं से अनुरोध किया गया कि वे आगामी लोक सभा चुनाव में अपने मत का प्रयोग अवश्य करें और अपने परिवार के सदस्यों को मतदान के प्रति जागरूक करें। इस दौरान विद्यालय के सभी शिक्षकों और माताओं ने मतदान की शपथ भी ली।

# तांत्रिक पर जेवर नगदी व रेप का पीड़िता ने लगाया आरोप

**दलित महिला का आरोप है थाने के दरोगा भी मुन्ना मौलवी से समझौता करने का दबाव बनाते हैं**

**लखीमपुर खीरी। समृद्धि न्यूज**

जनपद लखीमपुर खीरी में एक दलित महिला ने तांत्रिक मुन्ना मौलवी पर मां के इलाज के बहाने एक साल तक उसके साथ रेप करने का आरोप लगाया, महिला का आरोप है कि तांत्रिक धमकी देकर उसे जंगल में ले जाता था और तांत्रिक घर में मौजूद 90 हजार रुपए नकदी सहित जेवर भी ठग लिए। दलित महिला का आरोप है थाने के दरोगा भी मुन्ना मौलवी से समझौता करने का दबाव बनाते हैं महिला ने तमाम आरोपो के साथ पुलिस अधीक्षक खीरी को शिकायती पत्र दिया।

पीड़ित महिला ने शिकायती पत्र में बताया उसके इलाके में तांत्रिक मुन्ना मौलवी तंत्र क्रिया से लोगों का इलाज और गड़ा धन दिलाने का दावा करते हैं ,उसकी मां काफी दिनों से बीमार चल रही थी जब डॉक्टर के पास से फायदा नहीं हुआ तो तंत्र विद्या से इलाज करने के लिए वह मुन्ना मौलवी के पास पहुंची तो मुन्ना मौलवी उसकी मां और उसको बहाने से जंगल में ले गया।

जंगल में ले जाने के बाद मां से कभी लौंग लाने तो कभी किसी दूर नल का पानी लाने का बहाना बनाकर दूर भेज देता था। आरोप है कि उस दौरान तांत्रिक ने दलित महिला के साथ जबरदस्ती रेप किया और धमकी दी कि अगर इस बात की शिकायत पुलिस या किसी अन्य से की तो तंत्र विद्या से तुम्हारी मां को जान से मार दूंगा। इसके बाद लगातार मुन्ना मौलवी बहाने से पीड़ित महिला और उसकी मां को जंगल में ले जाता था। करीब पिछले 1 साल तक लगातार उसके साथ रेप कर रहे मुन्ना मौलवी ने इस दौरान उसके घर में रखा जेवर और 90 हजार रुपये भी ठग लिए।

**जिले के अपर पुलिस अधीक्षक पवन गौतम ने बताया उनके पास शिकायत आई है। मामले की जांच कर जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी।**

### पीड़ित महिला का आरोप

पिछले महीने मां की मौत होने पर महिला ने अपने पति के साथ थाने में पहुंचकर तांत्रिक की शिकायत की, लेकिन पीड़ित महिला का आरोप है कि थाने में मौजूद दरोगा और सिपाहियों ने रसूखदार तांत्रिक मुन्ना मौलवी से समझौता करने का दबाव बनाया।

इस बात की लिखित शिकायत पीड़ित महिला ने पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में जाकर दी और आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।

# पति की पिटाई कर पत्नी से की छेड़छाड़, मुकदमा दर्ज

**लखीमपुर खीरी। समृद्धि न्यूज**

जनपद खीरी के थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत के ही युवक व उसके साथियों ने घर में घुसकर पीड़िता के पति की पिटाई व पति को बचाने पर युवती के साथ बदसलूकी किया विरोध करने पर आरोपित ने उसके साथ मारपीट भी किया। पुलिस ने युवती की लिखित तहरीर पर सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल में जुट गई। जिले के थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती सोमवार को अपने पति के साथ घर पर थी आरोप है पीड़िता के पति दिनाक 01 अप्रैल 2024 समय लगभग 08 बजे रात्रि पड़ोस की दुकान पर सामान लेने गए थे वहा पर पहले से मौजूद आरोपी सतीष पुत्र चंद्रिका निवासी श्रीनगर थाना फूलबेहड़ व एक अज्ञात व्यक्ति ने पीड़िता के पति से कुछ मेरे लिए अभद्र भाषा का प्रयोग किया जिसको लेकर जोर जोर से कहासुनी होने लगी इसी को लेकर मेरे पति को मारने पीटने लगे पीड़िता के पति जोर जोर से चिल्लाने लगे और वहा से भागकर घर आकर जान बचाई पीड़िता ने बताया कि इतने पर भी आरोपितों का गुस्सा शांत न हुआ वह अपने साथियों के साथ पीछा करते हुए मेरे घर में घुस आए और लाठी डंडों से पीटने लगे। पीड़िता ने अपने पति को दबंगों से बचाने का प्रयास किया तो आरोपित व उसके अज्ञात हमलावरों ने पीड़िता को दबोच लिया और साड़ी खींचकर जमीन पर पटक दिया पीड़िता ने बताया कि मेरे निजी अंगों को नोचा घसोटा और सिर पकड़कर बाल भी नोंचे विरोध करने के बावजूद वह अपनी हरकतों से बाज नहीं आए। युवती ने आरोपित की चुंगल से छूटकर भागने की कोशिश की, तो आरोपित ने उसके साथ मारपीट की जिसमें मै जोर जोर से चिल्लाना शुरू किया शोर सुनकर मौके पर काफी लोग एकत्र हो गए। जिन्हें देखकर धमकियां देते हुए आरोपित व उसके साथी भाग निकले हालांकि पीड़िता की लिखित तहरीर देकर आरोपितों पर कठोर कार्रवाई की मांग की है हालांकि पुलिस ने सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**पुलिस ने सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे ड्राइविंग लाइसेंस नं0 यूपी 41 20040026847 में त्रुटिवश मेरे पिता का नाम Late B.B. Sarai अंकित हो गया है। जबकि मेरे पिता का सही नाम स्व. बी.बी. रोबर्ट है। जो कि आधार कार्ड में दर्ज है। अतः मेरे पिता का नाम स्व. बी.बी. रोबर्ट जाना व पहचाना जाए।

**सूचनाकर्ता**
**टीपू डेविड पुत्र स्व. बी.बी. रोबर्ट मोहल्ला कटरा चन्दना निकट स्वामी विवेकानन्द स्कूल, थाना कोतवाली नगर, जिला बाराबंकी**

# कल बड़े स्तर पर मनाया जाएगा भाजपा का स्थापना दिवस

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय जनता पार्टी की स्थापना दिवस को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं में उत्साह है। इस बार स्थापना दिवस को लेकर पार्टी के कार्यकर्ता,पदाधिकारी भव्य रुप से मनाने की तैयारी कर रहे है।

लखनऊ महानगर कार्यालय में तैयारी को लेकर गुरुवार को मण्डल से लेकर महानगर अध्यक्ष, चुनाव संयोजक, उपाध्यक्ष समेत सभी पदाधिकारियों ने चुनावी रणनीति की तैयारी के साथ स्थापना दिवस की तैयारी को लेकर बैठक की।

मण्डल अध्यक्ष व मण्डल प्रभारियों की बैठक की गई जिसमें भाजपा लखनऊ भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, प्रदेश उपाध्यक्ष महानगर प्रभारी त्रयंबक त्रिपाठी, चुनाव संयोजक मुकेश शर्मा उपस्थित रहे। लखनऊ भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने कहा कि कैसरबाग कार्यालय पर आगामी 6 अप्रैल को भारतीय जनता पार्टी स्थापना दिवस कार्यक्रम बड़ी धूमधाम से आयोजित किया। प्रत्येक बूथ पर कार्यक्रम किया जाएगा जिसमे अपने-अपने बूथों पर सुबह 9 बजे एकत्र होकर पार्टी का ध्वज लगाएंगे। प्रत्येक बूथ पर कार्यक्रम में सभी पदाधिकारी भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, श्यामा प्रसाद मुखर्जी पर माला,पुष्प अर्पित करेंगे।

# राज्यपाल ने बच्चों में स्वच्छता की आदत डालने पर दिया जोर

## विद्या किरण विद्यालय के 43 बच्चों, संगठन के पदाधिकारियों व शिक्षिकाओं ने राज्यपाल से की मुलाकात

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से राजभवन में एयर फोर्स फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन, लखनऊ द्वारा संचालित 'विद्या किरण विद्यालय' के 43 बच्चों, संगठन के पदाधिकारियों तथा शिक्षिकाओं ने मुलाकात की। मुलाकात से पूर्व बच्चों ने राजभवन का भ्रमण किया।



▸ राज्यपाल ने बच्चों को भ्रमण के अनुभव लिखने के लिए किया प्रेरित

राज्यपाल ने बच्चों के साथ आए संगठन के पदाधिकारियों को भ्रमण के दौरान बच्चों में स्वच्छता की आदत का विकास करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि बच्चे जिस स्थल पर भ्रमण करें, वहाँ की स्वच्छता का ध्यान रखें और भ्रमण के दौरान जहाँ भी ठहरें उस जगह को छोड़ने से पूर्व उसकी सफाई अवश्य सुनिश्चित कर लें। इसी क्रम में राज्यपाल ने बच्चों से अपने शिक्षिका कार्यकाल में बच्चों को भ्रमण पर ले जाने के विविध अनुभव भी साझा किए। उन्होंने संगठन की शिक्षिकाओं को बच्चों को शैक्षणिक टूर पर ले जाने के लिए भी कहा और टूर से पूर्व बच्चों को भ्रमण स्थल की भौगोलिक-ऐतिहासिक तथा स्थलीय संस्कृति की जानकारी हासिल करने के लिए प्रेरित किया।

### एयरफोर्स फैमिली वेलफेयर द्वारा विविध गतिविधियां संचालित

इस अवसर पर फ्लाइट लेफ्टिनेंट योग्यता शर्मा ने राज्यपाल को जानकारी देते हुए बताया कि सेंट्रल एयर कमांड के लखनऊ वायुसेना स्टेशन, बख्शी का तालाब में एयरफोर्स फैमिली वेलफेयर द्वारा विविध गतिविधियां संचालित हैं। इन्हीं के अंतर्गत विद्या किरण विद्यालय भी संचालित किया जा रहा है। इस विद्यालय में कक्षा 1 से 5 तथा 6 से 8 तक की दो श्रेणी में कक्षाएं संचालित होती हैं। इन कक्षाओं में आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों में पढ़ रहे बच्चे तथा स्कूल न जाने वाले बच्चों के लिए भी अतिरिक्त शिक्षा, ट्यूशन, व्यक्तित्व निर्माण से सम्बन्धित विभिन्न गतिविधियाँ, हुनर, मोमबत्ती निर्माण, वैक्स दिए बनाना, पेपर बैग बनाना जैसे विविध प्रशिक्षण कार्यों में दक्षता के लिए कक्षाएं और कार्यक्रम चलाएं जाते हैं। ये संस्था इन बच्चों को विविध ज्ञानवर्द्धक भ्रमण पर भी ले जाती है।

मुलाकात के दौरान राज्यपाल ने बच्चों को भ्रमण के अनुभव लिखने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि भ्रमण के दौरान देखी गई चीजों के बारे में अपने अभिभावकों को भी बताएं। उन्होंने चर्चा के दौरान बच्चों से राजभवन के विभिन्न उद्यानों में लगे पुष्प, विविध वनस्पतियों, मूर्तियों, कलाकृतियों के बारे में, पंचतंत्र वाटिका में प्रदर्शित मूर्तियों और उनसे सम्बन्धित पंचतंत्र की कहानियों के बारे में पूछा और बच्चों द्वारा सुनाई गई तथा कहानी सुनकर उनका उत्साहवर्द्धन भी किया। उन्होंने बच्चों से कहा कि भ्रमण के दौरान मार्ग में देखी गई वस्तुओं, स्थलों, पेड़-पौधों को भी स्मरण रखें और वापस लौट कर उनके बारे में भी लिखकर शिक्षकों को दिखाएं।

## खबरें एक नजर में

### भगवान की लीलाएं मानव जीवन के लिए प्रेरणादायक




**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** यूनिटी सिटी बहादुरपुर कुर्सी रोड लखनऊ में जगदीश्वर भगवान की असीम कृपा से सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा की अमृत वर्षा हो रही है कथावाचक पंडित पदुम कुमार शास्त्री जी ने आज पांचवें दिन श्री कृष्ण बाल लीला की कथा सुनाई और बताया कि भगवान की लीलाएं मानव जीवन के लिए प्रेरणादायक हैं। भगवान कृष्ण ने बचपन में अनेक लीलाएं की। बाल कृष्ण सभी का मन मोह लिया करते थे। नटखट स्वभाव के चलते यशोदा मां के पास उनकी हर रोज शिकायत आती थी। मां उन्हें कहती थी कि प्रतिदिन तुम माखन चुरा के खाया करते हो, तो वह तुरंत मुंह खोलकर मां को दिखा दिया करते थे कि मैंने माखन नहीं खाया।इसके बाद शास्त्री जी ने गोपियों के साथ भगवान कृष्ण की रासलीला तथा कालिया नाग का वध और गोवर्धन पर्वत की कथा सुनाई उन्होंने बताया कि, इंद्र देव श्री कृष्ण की लीलाओं से अंजान थे और उन्होंने गुस्से में गांव में बहुत तेज बारिश कर दी. गांव वालों को बचाने के लिए श्री कृष्ण ने गोवर्धन पर्वत को अपनी एक उंगली पर उठा लिया और सभी मथुरावासियों को उसके नीचे शरण दे दी. सात दिन तक बिना कुछ खाए श्री कृष्ण गोवर्धन पर्वत को उटाए खड़े रहे. और आठवें दिन बारिश रुकने पर गांववासियों को बाहर निकाला।क था सायं काल 5 :00 बजे से रात्रि 8:30 बजे तक चलती है वेदी पूजन प्रातः 8 :00 बजे से 10 :00 बजे तक होता है कथा का समापन 6 अप्रैल दिन शनिवार को होगा पूर्ण आहुति एवं भंडारा 7 अप्रैल दिन रविवार को होगा जिसमें सभी जन आमंत्रित है।

### कस्टम विभाग के आठ अधिकारियों पर गिरी गाज

▸ 29 तस्करों को भगाने के मामले में हटाए गए अधिकारी, नए अफसर हुए तैनात

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ एयरपोर्ट मामले में फरार हुए 29 तस्करों के मामले में बड़ी कार्यवाही हुई है। सूत्रों का कहना है कि 8 अफसरों को हटा दिया गया है। उनकी जगह पर दूसरे अधिकारी तैनात हुए है। हालांकि कस्टम की तरफसे अभी कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। अधिकारियों को फोन करने पर वह कॉल काट रहे है। लेकिन बुधवार से ही बड़ी कार्रवाई की बात सामने आ रही थी। दरअसल, 29 तस्कर कस्टम की गिरफ्त से फरार हो गए। उनको रोकन की कोशिश की गई तो धक्का दे दिया। यह बातें पुलिस और मीडिया को बताई गई लेकिन एयरपोर्ट की सुरक्षा इतनी पुख्ता होती है तो कस्टम अधिकारियों की इस दलील पर लोगों को विश्वास नहीं हो रहा है। 29 लोगों के फरार होने के बाद एयरपोर्ट के सहायक आयुक्त एके सिंह ने सभी के खिलाफबुधवार को सरोजनीनगर थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। जानकारी के अनुसार 1 अप्रैल को राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआर) को सूचना मिली थी कि शारजहा-लखनऊ की फ्लाइट से तस्करी का करीब 3.5 करोड़ रुपए का सोना और सिगरेट लाया जा रहा है। टीम ने फ्लाइट से उतरे 36 यात्रियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की। इनमें से एक महिला यात्री समेत 6 ने बताया कि उनके पेट में सोना है। इसके बाद त्त्प् ने मंगलवार को यात्रियों को कस्टम विभाग को सौंप दिया। इस बीच कस्टम की कस्टडी से 29 संदिग्ध चकमा देकर फरार हो गए।

### मायावती आवास के सामने सड़क हादसा, बाल-बाल बचे सवार

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी में बसपा अध्यक्ष मायावती के आवास माल एवेन्यू के सामने एक गाड़ी ग्रिल से टकरा गई। ये हादसा दूसरी कार को बचाने में हुआ। बताया जा रहा है कि दो कारों में भीषण टक्कर होने से बच गई। अगर दुर्घटना होती तो कई लोग गंभीर रूप से घायल हो जाते। इस एक्सीडेंट में विंटो कार को बचाने मे स्विफ्ट डिजायर कार बसपा अध्यक्ष के आवास के आगे लगे ग्रिल में जा घुसी। विंटो गाड़ी मे एक बच्ची अपनी मां के साथ सवार थी, जबकि ड्राइवर चला रहा था। दुर्घटना के बाद गौतम्पल्ली थाना पुलिस मौके पर पहुँची है और ओवर ब्रिज के नीचे यातायात को सामान्य करने में जुटी है।

### मंदिर के दानपात्र से चोरी का वीडियो वायरल

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** सोशल मीडिया पर मंदिर के अंदर रखे एक दानपात्र से रुपये चोरी करने का वीडियो सोशल मीडिया पर काफी तेजी से वायरल हो रहा है। इस वीडियो में साफदेखा जा सकता है कि मंदिर परिसर में रखे दानपात्र से एक व्यक्ति पैसों की चोरी कर रहा है। सीसीटीवी में साफदिखाई दे रहा है कि एक व्यक्ति पहले मंदिर परिसर में पहुंचता है फिर वह दानपात्र को तोड़कर उसमें रखे हुए पैसे चुरा लेता है। दानपात्र को तोड़ने के साथ व्यक्ति पैसे को निकाल कर एक कपड़े में लपेट है और उसके बाद फरार हो जाता है। मिली जानकारी के अनुसार यह वीडियो चिनहट थाना क्षेत्र के अंतर्गत स्थित एक मंदिर का है। जहां पर चोर द्वारा घटना को अंजाम दिया गया है। वहीं घटना के बारे में इंस्पेक्टर चिनहट का कहना है की वीडियो सामने आया है जिसके लिए जांच की जा रही है। अभी तक इस संदर्भ में कोई शिकायत नहीं मिली है पुलिस अपने स्तर से जांच कर रही है।

### चिनहट थाने के पास से सरकारी गाड़ी चोरी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** चिनहट थाने के पास मैक्स पॉलीक्लीनिक के बाहर से सरकारी बाइक चोरी की घटना सामने आई है। बताया जा रहा है कि बाइक नंबर न्च् 32 ठळ 5736 थाने के पास से चोरी हो गई। बताया जा रहा है कि डीजी होमगार्ड के नाम पर रजिस्टर्ड इस बाइक को होमगार्ड मुख्यालय के ऑफिसर्स मेस मे कार्यरत अमिता बच्चन गोंड चलाता है। बताया जा रहा है कि तीन दिन पहले हुई इस चोरी की घटना कोई लेकर पुलिस ने एफआईआर नहीं लिखी और पीड़ित को टरकाती रही। पीड़ित होमगार्ड ने जब मुख्यालय से फोन करवाया तब जाकर पुलिस ने एफआईआर दर्ज की। बाइक चोरी के खुलासे के लिए सीसीटीवी फुटेज पुलिस देख रही है।

# मोदी सरकार ने विकास का रिकॉर्ड बनाया : ब्रजेश

▸ विपक्ष की पार्टियों ने राजनैतिक दलों को अपने परिवार की प्राइवेट लिमिटेड कंपनी बना रखा है

**लखनऊ/मऊ, समृद्धि न्यूज।**




घोसी लोकसभा चुनाव की समीक्षा करने पहुंचे उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी है। भाजपा का साधारण कार्यकर्ता ही आगे जाकर पार्टी के शीर्ष पदों पर बैठता है जबकि विपक्ष ने राजनैतिक दलों को अपने परिवार की प्राइवेट लिमिटेड कंपनी बना रखा है। भाजपा का अगला अध्यक्ष कौन होगा, यह कोई नहीं बता सकता जबकि कांग्रेस, सपा, बसपा, डीएमके और राजद सभी ने अपने परिवार को ही अपना दल बना रखा है।

हमारा कार्यकर्ता निष्पक्ष और निःस्वार्थ भाव से पार्टी की विचारधारा से जुड़कर कार्य करता है। घोसी लोकसभाक्षेत्र में कोई प्रत्याशी नहीं बल्कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता चुनाव लड़ रहा है। आज प्रधानमंत्री मोदी का सिक्का पूरी दुनिया में चल रहा है, इसमें भाजपा कार्यकर्ताओं का अमूल्य योगदान है।

उन्होंने कहा कि विपक्षियों ने देश के अंदर घोटालों का रिकॉर्ड बना दिया था। मोदी सरकार ने विकास का रिकॉर्ड बनाया है। आम जनमानस के कल्याण के लिए मोदी सरकार ने सैकड़ों योजनाएं चला रखी है। मोदी सरकार का लक्ष्य अंत्योदय का उत्थान करके देश का विकास करना है। हमारे ऊर्जावान कार्यकर्ता अपनी ताकत लगाकर अबकी बार चार सौ पार लाएंगे। भाजपा कार्यकर्ताओं की मेहनत व्यर्थ नहीं जाएगी। मोदी सरकार पर कोई छींटा भी नहीं पड़ा जबकि विपक्ष की सरकार आकंठ भ्रष्टाचार में डूबी हुई थी।

कैबिनेट मंत्री दारा सिंह चौहान ने कहा कि आज पूरे देश में मोदी सरकार को लेकर सकारात्मक उत्साह है। आम जनमानस ने प्रदेश की सभी सीटों परनरेंद्र मोदी को अपना प्रत्याशी मानकर वोट करने का मन बना लिया है। भाजपा सरकार पीएम मोदी के नेतृत्व में देश को विकास के पथ पर ले जा रही है। मोदी सरकार की योजनाओं का लाभ बिना किसी भेदभाव के प्रत्येक पात्र व्यक्ति को दिया जा रहा है।

घोसी लोकसभा से प्रत्याशी अरविंद राजभर ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह बैठक घोसी लोकसभा के चुनाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के मार्गदर्शन में घोसी लोकसभा हमारे पक्ष में मतदान करेगी। बैठक को जिला प्रभारी रमेश सिंह लोकसभा प्रभारी देवेंद्र सिंह ने भी संबोधित किया तथा संगठनात्मक विषयों पर चर्चा की।

विधानपरिषद सदस्य तथा क्षेत्र के प्रभारी गोविंद नारायण शुक्ल ने कहा कि भाजपा संगठन घोसी लोकसभा के अंतर्गत आने वाली सभी विधानसभाओं को जीतेगी। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष नूपुर अग्रवाल ने तथा संचालन लोकसभा के संयोजक मुन्ना दूबे ने किया। इस अवसर पर शकुंतला चौहान, सुनील कुमार गुप्त, श्रीराम सोनकर, उमेश पाण्डेय, योगेंद्र नाथ राय, संतोष पाण्डेय सहित तमाम भाजपा तथा सुभासपा के नेतागण उपस्थित रहे।

# महिलाओं के सम्मान को ठेस पहुंचाना कांग्रेस की पुरानी संस्कृति : अपर्णा



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय जनता पार्टी की नेता अपर्णा यादव ने सांसद हेमामालिनी पर कांग्रेस नेता रणदीप सुरजेवाला के बयान की कड़ी आलोचना की है। उन्होंने कहा कि महिलाओं के सम्मान को ठेस पहुंचाना कांग्रेस की पुरानी संस्कृति है।

अपर्णा ने गुरुवार को प्रदेश भाजपा मुख्यालय पर पत्रकारों से कहा कि कांग्रेस महिलाओं का अपमान करती है। महिलाओं का अपमान करना कांग्रेस के डीएन में है। महिलाओं के सम्मान को ठेस पहुंचाना कांग्रेस की पुरानी संस्कृति रही है। भाजपा महिलाओं का सम्मान करती है। अपर्णा ने कहा कि जिस तरह से महाभारत में दुर्योधन और दुशासन ने महिलाओं का अपमान किया था और उसका परिणाम भुगतना पड़ा था कुछ वैसा ही कांग्रेस के साथ भी होगा।

सुरजेवाला ने हरियाणा के कैथल में एक जनसभा में कहा था कि विधायक-सांसद चुने जाते हैं विकास करने के लिए। हेमा मालिनी को क्यों लाया जाए ताकने के लिए। सुरजेवाला का यह वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। इसको लेकर भाजपा आक्रामक है।

# सपा ने मेरठ से बदला अपना प्रत्याशी अतुल की जगह सुनीता को दिया टिकट




**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

समाजवादी पार्टी (सपा) ने मुरादाबाद की तर्ज पर मेरठ में भी नामांकन के अंतिम दिन बृहस्पतिवार को अपना उम्मीदवार बदल दिया। पार्टी ने अब अतुल प्रधान की जगह पूर्व महापौर सुनीता वर्मा को प्रत्याशी बनाया है। सपा के प्रान्तीय प्रवक्ता फखरुल हसन ने बताया कि पार्टी ने अतुल प्रधान का टिकट काटकर पूर्व महापौर सुनीता वर्मा को उम्मीदवार बनाया है। मेरठ की सरधना सीट से सपा के विधायक प्रधान ने बुधवार को ही नामांकन दाखिल किया था।

सूत्रों के मुताबिक, प्रधान अपना टिकट काटे जाने से नाराज थे लेकिन पार्टी नेतृत्व के समझाने पर उन्होंने इस निर्णय को स्वीकार कर लिया। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, जो राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जी का निर्णय है, वह स्वीकार है। जल्द ही साथियों से बैठकर बात करेंगे। अतुल प्रधान को पूर्व में घोषित अधिवक्ता भानु प्रताप सिंह का टिकट काटकर उम्मीदवार बनाया गया था लेकिन अब उनके स्थान पर सुनीता वर्मा को टिकट दिया गया है। सपा ने इससे पहले मुरादाबाद लोकसभा सीट के लिये भी नामांकन के अंतिम दिन गत 27 मार्च को मौजूदा सांसद एस.टी. हसन का टिकट काटकर वरिष्ठ सपा नेता आजम खां की करीबी सहयोगी पूर्व विधायक रुचि वीरा को उम्मीदवार बनाया था। इस बीच, राष्ट्रीय लोकदल अध्यक्ष जयंत चौधरी ने सपा में प्रत्याशी बदले जाने पर चुटकी ली है। उन्होंने एक्स पर कहा कि विपक्ष में किस्मत वालों को ही कुछ घंटों के लिए लोकसभा चुनाव का टिकट मिलता है! और जिनका टिकट नहीं कटा, उनका नसीब। मेरठ में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के तहत 26 अप्रैल को मतदान होगा। इस चरण के लिये नामांकन दाखिल करने की अंतिम तारीख चार अप्रैल है।

# मदरसा बोर्ड को भंग करने के मामले में सुप्रीम कोर्ट जाएगी यूपी सरकार, अन्याय नहीं होने देंगे : राजभर

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** यूपी के अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री ने कहा कि मदरसा बोर्ड के मामले में यूपी सरकार सुप्रीम कोर्ट जाएगी और अपना पक्ष रखेगी। किसी के साथ भी अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। यूपी के अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने कहा कि प्रदेश में जो मदरसे मानकों के अनुरूप काम कर रहे हैं वो चलते रहेंगे। हाईकोर्ट ने धार्मिक शिक्षा देने वाले मदरसों के संबंध में निर्णय दिया था। उन्होंने कहा कि इन मदरसों में पढ़ने वाले छात्रों और शिक्षकों को आसपास के अन्य स्कूलों में समायोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मदरसा बोर्ड के मामले पर यूपी सरकार सुप्रीम कोर्ट जाएगी और अपना पक्ष रखेगी। बता दें कि बीते दिनों इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मदरसा बोर्ड को अवैध बताते हुए इसे भंग करने का आदेश दे दिया था। अब मामले में यूपी सरकार हाईकोर्ट में अपना पक्ष रखेगी। राजभर ने कहा कि किसी के साथ अन्याय नहीं होगा। वहीं, सपा द्वारा मेरठ व बागपत में बार-बार प्रत्याशी बदलने और रामपुर में नामांकन को लेकर हुए घमासान पर राजभर ने मजाकिया लहजे में कहा कि सपा हमारी मदद कर रही है। भाजपा प्रदेश की सभी 80 सीटों पर जीत दर्ज करेगी। राजभर ने कांग्रेस द्वारा अमेठी व रायबरेली में प्रत्याशी घोषित न करने को लेकर कहा कि वो जानते हैं कि यहां से जीत नहीं मिलने वाली है इसलिए अभी तक प्रत्याशी घोषित नहीं कर सके हैं।

# प्रवर्तन एजेंसियां व उड़नदस्ते जब्त कर रहे अवैध मदिरा, नकदी

▸ अब तक 108.08 करोड़ की मदिरा, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं, मुफ्त उपहार व नकदी जब्त

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में प्रवर्तन एजेन्सियों व उड़नदस्तों द्वारा अवैध मदिरा, नकदी आदि की जब्ती संबंधी आयोग के निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 16 मार्च को लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की निर्वाचन तिथियों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान के लिए प्रदेश में आदर्शआचार संहिता प्रभावी है।

आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 01 मार्च से 03 अप्रैल तक 108.08 करोड़ रुपये कीमत की मदिरा, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं, मुफ्त उपहार व नगदी आदि जब्त किये गये, इसमें 1913.61 लाख रुपये से अधिक नकद धनराशि, 2742.24 लाख रुपये कीमत की 797848.18 लीटर शराब, 4264.54 लाख की 6917777.08 ग्राम ड्रग, 1778.18 लाख रुपये कीमत की 39163.86 ग्राम बहुमूल्य धातुएं, 0.43 लाख रुपये के मुफ्त उपहार एवं 109.12 लाख रुपये कीमत की अन्य सामग्री जब्त की गयी।आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 03 अप्रैल को 181.57 लाख रुपये कीमत की मदिरा, ड्रग व नगदी आदि जब्त किया गया। इसमें 31.59 लाख रुपये नकद धनराशि, 53.47 लाख रुपये कीमत की 20147.88 लीटर शराब, 95.72 लाख रुपये कीमत की 68246.95 ग्राम ड्रग एवं 0.80 लाख रुपये कीमत की अन्य सामग्री जब्त की गयी।

3 अप्रैल को प्रमुख जब्ती में अमेठी की जगदीशपुर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 10 लाख रुपये अनुमानित कीमत की 50 ग्राम ड्रग, मिर्जापुर की चुनार विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 12.50 लाख रुपये अनुमानित कीमत की 50,000 ग्राम ड्रग, सहारनपुर की बेहट विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 30.30 लाख रुपये अनुमानित कीमत की 303 ग्राम ड्रग तथा सुलतानपुर की सदर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 22.67 लाख रुपये कीमत की 113.39 ग्राम ड्रग पकड़ी गयी।

# असलहे के बल पर मॉर्निंग वॉक कर रहे व्यक्ति से लूटी चेन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी के इंदिरा नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत मॉर्निंग वॉक पर गए एक व्यक्ति के साथ असलहे के बल पर चेन लूटने का मामला सामने आया है। इंस्पेक्टर इंदिरा नगर सुनील तिवारी ने बताया कि पुलिस को इस संदर्भ में एक फोन कॉल आई थी, जिसमें बताया गया कि मॉर्निंग वॉक पर गए एक व्यक्ति के साथ लूट की घटना हुई है। इंस्पेक्टर ने बताया कि अभी तक थाने में इस संदर्भ में कोई शिकायती पत्र नहीं मिला है। पुलिस फोन करने वाले पीड़ित व्यक्ति के बारे में जानकारी जुटा रही है। घटना के संदर्भ में शिकायत मिलने पर एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल, इस घटना के संदर्भ में पुलिस अपने स्तर से जांच कर रही है। जहां एक और पुलिस को इस घटना के संदर्भ में फोन पर शिकायत मिली है वहीं दूसरी ओर मौके पर मौजूद कुछ लोगों का कहना है कि सुबह मॉर्निंग वॉक पर आए एक व्यक्ति के साथ लूट की घटना को अंजाम दिया गया है। लोगों ने बताया कि इस घटना को सुबह अंजाम दिया गया। उनका कहना है कि इंदिरा नगर में पिकनिक स्पॉट स्थित फरीदनगर में अपराधियों ने एक व्यक्ति को लूट का शिकार बनाया है।

**निर्देश** | सार्वजनिक स्थानों पर शीतल पेयजल, शेलटर्स की हो व्यवस्था और हीट वेव से बचाव के लिए उपायों का किया जाए प्रचार प्रसार

# हीट वेव से निपटने के लिए योगी सरकार ने कसी कमर

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

गर्मी के मौसम में हीट वेव के कारण होने वाले रोगों के प्रबंधन और तैयारियों के लिए प्रदेश के स्वास्थ्य विभाग ने कमर कस ली है। विभाग के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा की ओर से समस्त जिलाधिकारियों, मुख्य चिकित्साधिकारियों को इस संबंध में दिशा निर्देश जारी किए हैं। दिशा निर्देशों में अंतर्विभागीय समन्वय के साथ ही स्वास्थ्य विभाग की संचालित होने वाली गतिविधियों का ब्यौरा दिया गया है। साथ ही अत्यधिक हीट वेव के दौरान क्या करें और क्या न करें, इसकी भी जानकारी दी गई है। उल्लेखनीय है कि विभिन्न केंद्रीय संस्थाओं की ओर से इस वर्ष उत्तर प्रदेश सहित देश के अधिकांश भागों में तापमान सामान्य से अधिक रहने की संभावना व्यक्त की गई है। इसी को लेकर प्रदेश सरकार ने जनमानस के हितों को ध्यान में रखते हुए ये दिशानिर्देश दिए हैं। देश की कई अलग-अलग रिसर्च संस्थानों द्वारा मार्च से मई, 2024 के बीच गर्मी के मौसम में सीजनल आउटब्रेक की जानकारी दी गई है। इसमें कहा गया है कि मार्च से मई 2024 के मध्य देश के अधिकांश भागों में अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक रहने की संभावना है। इस समय में उत्तर प्रदेश के मध्य और उत्तर पश्चिम भागों में अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक रहने की संभावना है। इसी के साथ देश के अधिकांश भागों में इस अवधि में मासिक न्यूनतम तापमान भी सामान्य से अधिक रहने की संभावना है। वहीं, देश के मध्य तथा उत्तर पश्चिमी क्षेत्रों में मार्च से मई 2024 के मध्य हीट वेव के प्रचलन की अधिक संभावना है। अधिकांश क्षेत्रों में तापमान सामान्य से अधिक रहने की आशंका के चलते हीट रिलेटेड इलनेसेज के विषय में अंतर्विभागीय समन्वय स्थापित करते हुए गतिविधियां प्राथमिकता के आधार पर किया जाना आवश्यक है। इसके अंतर्गत भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर जनमानस के लिए शीतल एवं शुद्ध पेयजल की व्यवस्था, गर्मी से बचाव के लिए शेलटर्स की व्यवस्था, व्यस्त स्थानों पर मौसम के पूर्वानुमान तथा तापमान का डिस्प्ले और विद्यालयों में हीट वेव से बचाव के लिए उपायों का जनमानस में व्यापक प्रचार प्रसार सम्मिलित है। स्वास्थ्य विभाग के द्वारा चिकित्साधिकारियों, पैरामेडिकल कर्मचारियों एवं फ्रंटलाइन वर्कर्स का प्रशिक्षण एवं संवेदीकरण प्राथमिकता के आधार पर किया जाना आवश्यक है जिसमें इन रोगों की शीघ्रता पहचान तथा उपचार के विषय में भी बताया जाए। इसके अलावा, आवश्यक औषधियां, इंट्रावीनस फ्लूड्स, आइसपैक्स, ओरल रिहाइड्रेशन सॉल्ट इत्यादि की पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता होनी चाहिए। इसके अतिरिक्त आवश्यक उपकरणों की उपलब्धता एवं क्रियाशीलता सुनिश्चित की जाए। वहीं, चिकित्सा इकाइयों पर पर्याप्त मात्रा में शुद्ध पेयजल की उपलब्धता हो और अत्यधिक तापमान की स्थितियों का सामना करने के लिए चिकित्सा इकाइयों पर कूलिंग उपकरणों की निरंतर क्रियाशीलता सुनिश्चित किए जाने हेतु अबाधित विद्युत आपूर्ति, यथासंभव सोलर पैनल्स का इंस्टालेशन, विद्युत ऊर्जा के संरक्षण के लिए आवश्यक उपाय, शीतल या हरित छत के माध्यम से इंडोर तापमान कम करने के उपाय, खिड़कियों पर तथा खुले क्षेत्रों में शेड लगाना इत्यादि गतिविधियां भी संपादित की जाएं। इसके अलावा, राज्य स्तर से जारी की जा रही सूचनाओं, शिक्षा तथा संवाद सामग्री का प्रयोग जन सामान्य के संवेदीकरण हेतु किया जाए। हीट वेव की स्थिति शरीर की कार्य प्रणाली पर प्रभाव डालती है। तत्काल उचित उपचार उपलब्ध न होने की स्थिति में प्रभावित व्यक्ति की मृत्यु भी हो सकती है।



# एमडीए डांस एकेडमी में खूब उड़ा अबीर-गुलाल

▸ विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने वीडियो मैसेज में दीं होली की शुभकामनाएं

▸ विशिष्ट अतिथि रजनीश श्रीवास्तव व नेहा शर्मा के हाथों बांटे गये उपहार

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



होली के गीतों पर थिरकते हुए खूब अबीर-गुलाल उड़ाकर एमडीए डांस एकेडमी के बच्चों ने आज यहां होली मिलन समारोह को शानदार आयोजन बना दिया। एमडीए डांस एकेडमी ने आज यहां एकेडमी के तेलीबाग परिसर में होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया। रंगारंग हुड़दंग मचाते हुए बच्चों ने अतिथियों को भी अबीर-गुलाल से सराबोर कर दिया।

होली आई रे कन्हाई, आज बिरज में होरी रे रसिया, अरे जा हट नटखट न छू मेरा घूंघट, आज न छोड़ेंगे बस हमजोली खेलेंगे हम होली, जैसे कई लोकप्रिय फिल्मी होली गीतों पर धमाल मचाते हुए बच्चों ने एकेडमी के फर्श को रंग-बिरंगे गुलाल-अबीर से सतरंगा बना दिया। होली मिलन समारोह के विशिष्ट अतिथि रजनीश श्रीवास्तव एवं नेहा शर्मा के हाथों बच्चों को बैग, स्टेशनरी और लंच पैकेट प्रदान किये गये। मुख्य अतिथि के रूप में सरोजनीनगर क्षेत्र के विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह को आमंत्रित किया गया था, पर वह आदर्श चुनाव आचार संहिता की वजह से कार्यक्रम में शामिल नहीं हुए। हालांकि अपने वीडियो संदेश में उन्होंने एकेडमी और यहां के विद्यार्थियों को होली की शुभकाकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# डीएम ने प्रशिक्षण स्थल केडीसी का निरीक्षण कर तैयारियों का लिया जायजा



बहराइच समृद्धि न्यूज।

लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की निर्वाचन प्रकिया को स्वतन्त्र, निष्पक्ष, शान्तिपूर्ण ढंग से सुव्यवस्थित सकुशल सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से नियुक्त किये गये मतदान कार्मिकों को प्रशिक्षण प्रदान किये जाने के लिए की गयी तैयारियों का जायजा लेने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन अधिकारी मोनिका रानी ने सम्बन्धित अधिकारियों के साथ निर्धारित प्रशिक्षण स्थल स्व. ठाकुर हुकुम सिंह किसान स्नातकोत्तर महाविद्यालय का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान डीएम ने महाविद्यालय में प्रशिक्षण के लिए चिन्हित किये गये कक्षों का सघन निरीक्षण कर कक्षों में बैठने, प्रकाश, पेयजल इत्यादि का जायजा लिया।

भ्रमण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी व अन्य सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रशिक्षण स्थल के मुख्य गेट पर प्रशिक्षण प्रदान किये जाने वाले कक्षों का विवरण इत्यादि से सम्बन्धित बैनर लगाये साथ ही महाविद्यालय के परिसर में भी प्रशिक्षण से सम्बन्धित विवरण प्रशिक्षण-स्थान-स्थान पर प्रदर्शित किया जाय साथ ही बिजली, पानी इत्यादि के माकूल बन्दोबस्त किये जाय ताकि मतदान कार्मिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर. उप जिला निर्वाचन अधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, जिला विकास अधिकारी महेन्द्र कुमार पाण्डेय, प्राचार्य केडीसी डॉ. विनय सक्सेना, अधिशाषी अभियन्ता जल निगम कमला शंकर उपायुक्त मनरेगा के.डी. गोस्वामी व अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

## किशोरी ने फंदा लगा कर दी जान

बहराइच समृद्धि न्यूज़। जिले के ग्राम पंचायत बड़गांव में अज्ञात कारणों से एक युवती ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार बुधवार की देर शाम को ज्योति (17) पुत्री रामनरेश ने अपने पुराने घर में मोबाइल लगाने गई थी। वहीं उसने अज्ञात कारणों से पंखे के हुक में फंदा लगा लिया। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव को पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक नवीन सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी। अभी तहरीर नहीं मिली है। महिला की मौत से परिवार के लोगों का रो रोकर बुरा हाल है।

# कांस्टेबल को महाप्रबंधक ने किया सम्मानित

मनकापुर /गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़



रेल यात्रियों की सुरक्षा से लेकर उनकी सेवा में तत्पर आरपीएफ रेलवे प्रोटेक्शन फोर्स की मानवीय संवेदनाएं यूं ही जग जाहिर हैं।

चलती ट्रेन में चढ़ने उतरने के प्रयास के दौरान गिरने वाले व्यक्तियों की जान बचाने से लेकर यात्री का खोया हुआ सामान लौटाने तक की गतिविधि अब उनके नियमित कार्यों में शामिल होना किसी मनचले या अपराधी को सलाखों के पीछे डालना हो अथवा इमरजेंसी में लोगों की मदद करना हो इसका महत्व वह जान सकता है। जो डूबते को तिनके का सहारा काफी है मुहावरे के मूल अर्थ को समझता हो फ़रवरी के महीने में सुबह 6 बजे की पाली में करनैलगंज स्टेशन सुरक्षा निगरानी में ड्यूटी लगायी गयी थी। स्टेशन गश्त के दौरान सतर्क निगरानी के परिणामस्वरूप सुबह 9:30 बजे मेन रेल लाइन क्रेक्ड होना पाये जाने पर उनके द्वारा तत्परता दिखाते हुये इसकी सूचना आन ड्यूटी स्टेशन मास्टर करनैलगंज को दी गयी जिस पर उक्त रेल लाइन से ट्रेन का परिचालन बन्द कर सम्भावित दुर्घटना से बचाया जा सका। पी-वे अनुभाग द्वारा क्रेक्ड रेल लाइन को पुनः मरम्मत कर परिचालन आरम्भ किया गया। कान्सटेबल गोविन्द कुमार खरवार ने अपनी ड्यूटी का निर्वहन सतर्कता से किये जाने एवं मेन लाइन क्रेक्ड की सूचना समय से देने के कारण सम्भावित रेल दुर्घटना से बचाया।

उनके द्वारा किये गये सराहनीय कार्य से महाप्रबंधक पूर्वोत्तर रेलवे सुश्री सौम्या माथुर ने इस सराहनी कार्य पर उन्हें सम्मानित किया गया है।

# डीएम की अध्यक्षता में हुआ मतदान कार्मिकों का प्रथम रेण्डमाइज़ेशन

बहराइच, समृद्धि न्यूज।



लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की निर्वाचन प्रकिया को स्वतन्त्र, निष्पक्ष, शान्तिपूर्ण ढंग से सुव्यवस्थित सकुशल सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन अधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र (एनआईसी) में नियुक्त किये गये मतदान कार्मिकों का प्रथम रेण्डमाइज़ेशन सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर प्रभारी मतदान कार्मिक/मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर. उप जिला निर्वाचन अधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, जिला विकास अधिकारी महेन्द्र कुमार पाण्डेय, उपायुक्त मनरेगा के.डी. गोस्वामी, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी योगेश यादव व अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि जनपद में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की मतदान प्रकिया को सुव्यवस्थित ढंग से सकुशल सम्पन्न कराये जाने के लिए 14167 मतदान कार्मिक नियुक्त किये गये है जिसमें पीठासीन, मतदान अधिकारी प्रथम व तृतीय 3500-3500 एवं 3667 मतदान अधिकारी द्वितीय के रूप में नियुक्त किये गये है।

नियुक्त किये गये मतदान कार्मिकों को 08 से 10 अप्रैल 2024 तक दो पालियों में प्रथम पाली पूर्वान्ह 10 बजे से अपरान्ह 01 बजे तथा द्वितीय पाली अपरान्ह 02 से 05 बजे तक केडीसी के 25 कक्षों में प्रशिक्षण सम्पन्न कराया जायेगा। प्रशिक्षण कार्य को भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार सम्पन्न कराये जाने के लिए सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गयी है। डीएम ने सीडीओ व अन्य सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रशिक्षण के दौरान मतदान कार्मिकों के मोबाइल नम्बर व उनके बैंक खातों का सत्यापन कर लिया जाय ताकि सम्पर्क करने इत्यादि में किसी प्रकार की असुविधा न हो।

# मदर टेरेसा पब्लिक स्कूल में बांटा गया परीक्षा फल

गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।



नगर के बरियार पुरवा स्थित नेशनल पब्लिक जूनियर हाई स्कूल में आज वार्षिक परीक्षा फल वितरण समारोह विद्यालय के प्रबंधक एसपी गुप्ता की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस अवसर पर विद्यालय प्रधानाध्यापक वेद प्रकाश, उपप्रधानाध्यापिका श्रीमती मीना सिंह,के द्वारा कक्षा में प्रथम , दितीय व तृतीय स्थान, प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र व पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। नर्सरी कक्षा में प्रथम आने वाले छात्र विनायक वर्मा प्रथम, दिव्यांशी दितीय,महिमा कौशल तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रथम कक्षा में पल्लवी साहू को प्रथम स्थान, एलिशबा को द्वितीय स्थान, आवेश अली को तृतीय स्थान, कक्षा 2 में रिद्धि कसौधन प्रथम स्थान, शगुन विश्वकर्मा द्वितीय स्थान, सचिन कश्यप तृतीय स्थान, कक्षा 3 में आफिया आजाद को प्रथम स्थान, संजना विश्वकर्मा को द्वितीय स्थान, और माही सोनी को तृतीय स्थान, कक्षा 4 में निहारिका साहू को प्रथम स्थान, रोहित गुप्ता को द्वितीय स्थान, नंदिनी साहू को तृतीय स्थान, कक्षा 5 में श्रद्धा गुप्ता को प्रथम स्थान, अनन्या द्विवेदी को द्वितीय स्थान, तमन्ना गुप्ता को द्वितीय स्थान, और हर्षित गुप्ता को तृतीय स्थान,प्राप्त हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक ने कहा कि आज के बच्चे कल के उज्जवल भविष्य और आने वाले भारत के नव निर्माता हैं। वही गोंडा नगर के मकार्थी गंज बड़गांव गोंडा स्थित मदर टेरेसा पब्लिक स्कूल में भी वार्षिक परीक्षा फल विद्यालय के संरक्षक एसपी गुप्त की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य हनुमान प्रसाद जोशी ने कक्षा में प्रथम श्रेणी, दितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र व पुरस्कार देकर सम्मानित किया।के जी कक्षा में प्रथम प्रकृति गुप्ता, द्वितीय अवंतिका वाल्मीकि, तृतीय मिथलेश, नैतिक कक्षा नर्सरी में प्रथम, राजवीर रस्तोगी द्वितीय, तारु अग्रवाल,तृतीय आकाश वर्मा, कक्षा प्रथम में प्रथम स्थान अनीशा पंडित, द्वितीय स्थान सिद्धि गुप्ता, तृतीय स्थान अदिति, कक्षा तृतीय में प्रथम स्थान रितिका गुप्ता, द्वितीय स्थान सात्विक गुप्ता, तृतीय स्थान लक्ष्य, अस्वी गुप्ता, द्वितीय स्थान तथा तृतीय स्थान ऋषि ने प्राप्त किया कक्षा 5 में दक्ष वर्मा ने प्रथम स्थान, अलहम ने द्वितीय स्थान तथा अनुभव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 6 में अन्नपूर्णा ने प्रथम स्थान, शिव ने द्वितीय स्थान, नव्या ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 7 में अर्जुन यादव ने प्रथम स्थान,कीर्ति ने द्वितीय स्थान तथा निधि ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 8 में प्रथम स्थान जीविका ने द्वितीय स्थान मोहित ने , तथा तृतीय स्थान सत्यम ने प्राप्त किया। इस अवसर पर विद्यालय की उपप्रधानाध्यापिका किरण प्रसाद, स्वाति गुप्ता, श्वेता श्रीवास्तव, नाजिश निगार, रुक्मणी जायसवाल, रजिया, शिवम शर्मा, आकाश गुप्ता, कोमल,कायनात अध्यापक /अध्यापिकाओ सहित क्षेत्र के अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# व्यवसाई से मांगी थी 20 लाख की फिरौती, तीन गिरफ्तार



बहराइच, समृद्धि न्यूज।

शहर के मोहल्ला खत्रीपुरा निवासी एक व्यापारी से 27 मार्च को अज्ञात लोगों ने मोबाइल पर मैसेज भेज कर बेटे की सलामती के लिए 20 लाख रुपए की फिरौती मांगी थी। पुलिस और साइबर टीम ने फिरौती मांगने वाले तीन लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। कोतवाली नगर के मोहल्ला खत्री पुरा निवासी व्यापारी जाने आलम अंसारी पुत्र उमर अंसारी के मोबाइल पर 27 मार्च को मैसेज और फोन कर 20 लख रुपए की फिरौती मांगी गई थी। कोतवाली नगर में तहरीर देकर व्यापारी ने बताया कि उसके बेटे की सलामती के लिए 20 लाख न देने पर हत्या की धमकी दी थी। कोतवाली नगर पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध केस दर्ज कर जांच शुरू की। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉक्टर पवित्र मोहन त्रिपाठी ने बताया कि घटना के खुलासे के लिए साइबर और कोतवाली नगर पुलिस की टीम को लगाया गया।उन्होंने बताया कि साइबर सेल की टीम ने कोतवाली नगर पुलिस की मदद से रामगढ़ थाना क्षेत्र के मीरपुर कस्बा निवासी रुस्तम उर्फ मोहम्मद असलम उर्फ अशरफ पुत्र अबरार खान, गुलफाम पुत्र नैयाब निवासी सैलरगंज दरगाह और कोतवाली नगर के नजीरपुरा निवासी अनवर पुत्र चुनान को गिरफ्तार का जेल भेज दिया है।

अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण ने बताया कि सभी ने परिवार में दहशत फैलाने के लिए फिरौती मांगी थी। खुलासा करने वाली टीम में साइबर सेल प्रभारी संतोष कुमार सिंह, उप निरीक्षक सुनील कुमार तिवारी, हेमंत सिंह, कोतवाल मनोज कुमार पांडे, पंकज गुप्ता और नितिन अवस्थी शामिल रहे।

## पीड़ित ने एसपी से लगाई न्याय की गुहार

कौड़िया/ गोंडा ,समृद्धि न्यूज़। मामला कौडिया थाना क्षेत्र के एक गांव का है जहां के निवासी एक दिव्यांग व्यक्ति ने पुलिस अधीक्षक गोंडा विनीत जायसवाल को प्रार्थना पत्र देकर बेटी के बरामदगी के लिए न्याय की गुहार लगाई है। एसपी को दिए गये पत्र में कहा है कि पूरे निद्धि निवासी जगदीश पुत्र रामलखन,नीतू पुत्री बाबूराम,नीलम पत्नी जगदीश, रीतू उर्फ टेंगन पुत्री जगदीश दबंग व्यक्ति हैं। नीतू के भाई कुलदीप ने प्रार्थी की नाबालिक बेटी का अपहरण करके दुष्कर्म किया था जिसके संबंध में मुकदमा दर्ज हुआ था उसी मुकदमे में कुलदीप जेल में बंद है।विपक्षीगण पुनः प्रार्थी की लड़की का अपहरण कर लिए हैं। अभी तक मेरी लड़की की बरामदगी नही हो पाई है विपक्षीगण लगातार प्रार्थी को मुकदमे में सुलह करने की धमकी दे रहे हैं सुलह न करने पर एससी-एसटी में फंसाकर परिवार को बर्बाद करने की धमकी दे रहे हैं।

# आर एस मेमोरियल पब्लिक स्कूल में अंक पत्र वितरित

तरबगंज /गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़

वजीरगंज थानाक्षेत्र के ग्रामपंचायत दुर्जनपुरघाट में खुले आर एस मेमोरियल पब्लिक स्कूल में अंक पत्र बितरण का आयोजन किया गया जिसमें प्रथम व द्वितीय स्थान पर रहने वाले बच्चो को ट्राफी देकर सम्मानित किया गया। बताते चले की वजीरगंज थानाक्षेत्र के ग्रामपंचायत दुर्जनपुरघाट में खुली आर एस मेमोरियल पब्लिक स्कूल में 3 अप्रैल को अंकपत्र वितरण का आयोजन किया गया जिसमे स्कूल के सभी बच्चे व अभिभावक सामिल हुए कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए स्कूल के प्रबंधक व संरक्षक महेश सिंह ने स्कूल में प्रथम स्थान व द्वितीय स्थान पाने वाले बच्चो को ट्राफी देकर सम्मानित किया जिसमे नर्सरी से लेकर क्लास 9तक के सभी बच्चे शामिल थे कक्षा 9की एक छात्रा जो नवोदय विद्यालय के प्रवेश परीक्षा में जिले में दूसरे नम्बर पर थी व स्कूल में प्रथम स्थान पर रही वही कक्षा 6के छात्र सत्यम मिश्र के साथ सभी कक्षाओ में प्रथम व द्वितीय स्थान के छात्र छात्राओ को ट्राफी देकर सम्मानित किया गया।

## चालक को दिल का दौरा पड़ने से मौत

गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़ सिचाई विभाग में चालक के पद पर तैनात एक 36 वर्षिय युवक की बुधवार को दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई। पुलिस ने उस के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। सिद्धार्थ नगर जनपद के त्रिलोक पुर थाना क्षेत्र के सिकटा गांव के निवासी राजेश कुमार सिंह पुत्र विजय बहादुर सिंह गोण्डा में सिचाई विभाग में चालक के पद पर कार्यरत था। बुधवार की देर शाम को अचानक दिल का दौरा पड़ गया। जिस को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान मौत हो गई।

## ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर से युवक की मौत

गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़। नगर कोतवाली क्षेत्र के मिश्ररौलिया रेलवे क्रासिंग बहराइच रॉड के पास गन्ना लदी टैक्टर ट्राली के चपेट में आकर एक 19 वर्षीय युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है।इटिया थोक थाना क्षेत्र के चहुआ गांव के निवासी 19 वर्षिय विजय शंकर पुत्र राधेश्याम बाइक से गोण्डा आया था। किसी काम से वापस घर जा रहा था। बुधवार की देर शाम को गन्ना लदी टैक्टर ट्राली ने टक्कर मार दिया। घायल अवस्था मे मेडिकल कालेज में लाकर भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है।

## समारोह पूर्वक मना अंक पत्र वितरण कार्यक्रम

बहराइच, समृद्धि न्यूज। उच्च प्राथमिक विद्यालय बेलवापदुम में गुरुवार को अंकपत्र व पुरस्कार वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कक्षा 1 से 8 तक प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को मेडल देकर सम्मानित किया गया। कक्षा 1 से 3 में निपुण बच्चों को शील्ड देकर सम्मानित किया गया।

शत-प्रतिशत उपस्थिति वाले और नियमित विद्यालय यूनिफॉर्म में आने वाले बच्चो तथा अभिभावकों को पुरस्कृत किया गया। साथ ही बच्चों को बॉक्स, कॉपी व स्टेशनरी की सामग्री देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उन अभिभावकों को माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया जिनके बच्चे नियमित विद्यालय आते हैं।

# खून से लथपथ मिला बुजुर्ग इलाज के दौरान हुई मौत



विशेश्वरगंज,बहराइच, समृद्धि न्यूज।

> परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप सात नामजद के खिलाफ केस दर्ज

विशेश्वरगंज थाना अंतर्गत ग्राम नेठिया निवासी 65 वर्षीय बुजुर्ग खून से लथपथ अवस्था में पाया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार राम प्रसाद अपने घर के बगल स्थित खेत में फसल की रखवाली करने के लिए प्रतिदिन सोया करते थे। बीती रात अपने रूटीन के मुताबिक रात को खेत में सोए थे। तभी अज्ञात लोगों ने उन पर जानलेवा हमला करके लहूलुहान कर दिया। सुबह घायल की पत्नी खेत में गई तो खून देखकर वह स्तब्ध रह गई। आनन फानन में परिजनों ने उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल ले गए ,जहां उसकी मृत्यु हो गई। चुनावी रंजिश के चलते करवा दी पिता की हत्या मृतक के पुत्र बच्चन चौहान ने बताया कि चुनावी रंजिश के चलते उनके पिता की हत्या करवा दी गई। प्रधानी चुनाव जीत जाने के बाद विपक्षी खिन्न थे,पूर्व में भी कई बार हमला कर चुके थे,जिस पर पुलिस ने मारपीट का अभियोग पंजीकृत किया था।

इस बार विपक्षी को मौका मिला ,और मेरे पिता को पीट पीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया जिनकी इलाज के दौरान मौत हो गई। मामला दर्ज कर दी जा रही है दबिश क्षेत्राधिकारी पयागपुर हीरा लाल कनौजिया ने बताया कि वादी द्वारा तहरीर में सात अभियुक्तों को नामजद किया गया है,मामला दर्ज कर दबिश दी जा रही है,शीघ्र ही गिरफ्तारी कर ली जाएगी।

# वाहनों का अधिग्रहण शुरू, 6818 वाहनों को भेजा जाएगा नोटिस

बहराइच, समृद्धि न्यूज।



लोकसभा चुनाव के लिए सहायक संभागीय प्रवर्तन विभाग की ओर से वाहनों का अधिग्रहण शुरू कर दिया गया है। इसके लिए वाहन स्वामियों को संबंधित थानों की पुलिस द्वारा नोटिस भेजा जा रहा है। जिले में 13 मई और 20 मई को मतदान होगा। जिसमें हजार से अधिक छोटे और बड़े वाहनों की जरूरत है।

वाहन न देने वाले स्वामियों के विरुद्ध कार्रवाई भी की जाएगी।लोकसभा चुनाव में पोलिंग पार्टियों को मतदान केंद्र तक पहुंचाने के लिए परिवहन विभाग ने वाहनों का अधिग्रहण शुरू कर दिया है। परिवहन विभाग ने वाहन मालिकों को थानों के जरिए अधिग्रहण का नोटिस भिजवाने की तैयारी की है। पोलिंग पार्टियों के लिए विधानसभा क्षेत्रवार बसें लगाई जाएंगी। प्रभारी सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन ओपी सिंह ने बताया कि जिले की 567 बसें पोलिंग पार्टियों के लिए और 3804 छोटे वाहन सेक्टर एवं जोनल मजिस्ट्रेट के लिए लगाए जाएंगे। इसके अलावा पुलिस विभाग के लिए वाहनों को अधिग्रहण की तैयारी चल रही है। इसका नोटिस जिले के 23 थानों के जरिए वाहन मालिकों को भिजवाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि विधानसभा क्षेत्रवार पोलिंग पार्टियों के लिए बसें लगाई जाएंगी। एआरटीओ राजीव कुमार ने बताया कि 20 मई को होने वाले चुनाव के लिए 567 बड़े वाहन और 2880 हल्के वाहन लिए जायेंगे। इसके लिए भी नोटिस जारी कर पुलिस पत्र भेज रही है।

**अलग-अलग वाहनों का देय होगा भाड़ाः** सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी राजीव कुमार ने बताया कि लोक सभा चुनाव में बस, छोटे वाहन और ट्रक चालकों को वाहन संचालन के लिए अलग अलग भत्ता देय होगा। उन्होंने बताया कि लिए दैनिक 1697 रुपए से लेकर 2213 रुपए देय होगा। माल वाहन के लिए 1572 रूपये से लेकर 1944 रूपये विभिन्न वाहनों के लिए देय होगा।

**कार्यालय में भी दिया जा रहा नोटिसः** लोकसभा चुनाव के लिए पुलिस द्वारा वाहन स्वामियों को नोटिस दिया जा रहा है। इसके अलावा कार्यालय में आने वाले वाहन स्वामियों को हाथ में नोटिस पकड़वाया जा रहा है। जो वाहन स्वामी वाहन नहीं देंगे, उनके विरुद्ध केस भी दर्ज कराया जायेगा।

**राजीव कुमार एआरटीओ**

## सीएचसी में लगी आग,दो एंबुलेंस स्वाहा

विशेश्वरगंज,बहराइच समृद्धि न्यूज़। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र विशेश्वरगंज के प्रांगण में बुधवार दोपहर बाद आग लग गई। आग ने दो एंबुलेंस को अपने चपेट में लिया। दोनो एंबुलेंस आग में स्वाहा हो गई। सूचना पर पहुंची विशेश्वरगंज की पुलिस ने मोर्चा संभाला ,जिससे आग पर काबू पाया गया।दमकल को सूचना दी गई परंतु मौके पर नही पहुंची। पुलिस के उपनिरीक्षक राधेश्याम व दिग्विजय सिंह ने अपने सिपाही मुकेश पाठक,विजय राजपूत ,जितेंद्र गौड़ तथा ज्ञानेंद्र राय ने कड़ी मेहनत करके स्वयं पानी की व्यवस्था कर आग को बुझाया।

# घर में आग लगाने का आरोप, चपेट में आकर वृद्ध झुलसा



बहराइच, समृद्धि न्यूज।

> पुत्र ने गांव के पांच लोगों पर लगाया जमीनी रंजिश में आग लगाने का आरोप

कैसरगंज कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पंचायत कहराई निवासी एक ग्रामीण के फूस में अज्ञात कारणों से आग लग गई। मकान में सो रहा ग्रामीण झुलस गया। चार मवेशी भी झुलसकर घायल हुए है। वृद्ध को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुत्र ने गांव के पांच लोगों पर जमीनी रंजिश में आग लगाने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में तहरीर दी है।कोतवाली कैसरगंज के ग्राम पंचायत कहराई निवासी रक्षाराम अपने फूस के मकान में बुधवार रात को सो रहे थे। मवेशियों के अहाते में देर रात को अज्ञात कारणों से आग लग गई। जिसकी चपेट में आकर रक्षाराम बुरी तरह झुलस गया।

शोर सुनकर दौड़े परिवार के लोगों ने आग बुझाया। इसके बाद वृद्ध को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। रक्षाराम के पुत्र शिव गोविंद ने कोतवाली में तहरीर दी है। शिव गोविंद का कहना है कि पिता की गांव निवासी शिव नारायन, विष्णु प्रताप सिंह, राम कुमार, अरुण और रमेश प्रसाद से जमीनी विवाद चल रहा है। सभी ने पिता को जान से मारने की धमकी दी थी। उसी नियत से रात में मवेशियों की रखवाली करते समय अहाते में आग लगा दी। जिसमें चार मवेशी भी झुलसकर घायल हो गए। अभी पुलिस ने मामले में कोई कार्यवाही नहीं की है। वहीं एसडीएम पंकज कुमार दीक्षित ने हलका लेखपाल को गांव भेजकर जांच कार्रवाई है।

# जिला प्रशासन समाचार पत्रों के साथ कर रहा भेदभाव

> कई संगठनों ने किया जिला प्रशासन की खबरों का बहिष्कार

गोण्डा, समृद्धि न्यूज।



विभिन्न पत्रकार संगठनों ने एक आपात बैठक गांधी पार्क में की गई जिसकी अध्यक्षता कर रहे पत्रकार समाज कल्याण समिति के जिला अध्यक्ष नरेंद्र लाल गुप्ता व ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष प्रदीप तिवारी की सामूहिक बैठक में यह निर्णय लिया गया है कि हम सभी लोग मिलकर ना तो सूचना विभाग की और न ही पुलिस मीडया सेल की खबरों को प्रकाशित करेंगे । क्योंकि जब हमारी खबरों को गोंडा जिला प्रशासन संज्ञान में नहीं लेता है हम सभी पत्रकार सूचना विभाग और पुलिस मीडिया सेल की खबरों का बहिष्कार करते हैं। वहीं जिले के पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल द्वारा यह कहा गया कि हम केवल तीन अखबार ही देखते हैं। और सूत्र बता रहे है की पुलिस मीडिया सेल में अखबारों की कटिंग न होने से हम सभी पत्रकार गण आहत है। वहां सिर्फ तीन ही अखबार देखे जाते है और सिर्फ तीन अख़बार की कटिंग होती है। वही इस संबंध में विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने गाँधी पार्क में एक बैठक कर के सूचना विभाग और पुलिस मीडया सेल की खबर न लगाने एवं अखबार ना भेजने का निर्णय लिया है। इन्हीं सब समस्याओं को लेकर आज की बैठक में समृद्धि न्यूज़ समाचार पत्र के ब्यूरो चीफ नरेंद्र लाल गुप्ता ,लोकभारती समाचार पत्र के ब्यूरो चीफ प्रदीप कुमार तिवारी ,संदेश वाहक ब्यूरो चीफ ए.आर. उस्मानी, स्पष्ट आवाज के ब्यूरो चीफ किशोर जायसवाल ,निष्पक्ष प्रतिदिन के ब्यूरो चीफ अशोक पाठक ,आज अखबार के ब्यूरो चीफ डॉक्टर जीसी श्रीवास्तव, , प्रणाम हिंदुस्तान के ब्यूरो चीफ प्रदीप तिवारी ग्राम सभा से लोकसभा के ब्यूरो चीफ काशीराम मौर्य, खुशबू कनौजिया ,श्री प्रकाश शुक्ला एक संदेश के ब्यूरो चीफ अनिल यादव ,रणविजय सिंह ,बैजनाथ अवस्थी , सीएमडी न्यूज़ ब्यूरो चीफ सुनील तिवारी सहित दर्जनों से अधिक पत्रकार मौजूद रहे सभी का निर्णय एक ही था ना हम लोग समाचार पत्र देंगे और ना खबर लगाएंगे।

## शार्ट सर्किट से लगी आग,नगदी सहित लाखो का सामान स्वाहा

गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़। वजीर गंज थाना क्षेत्र में शॉर्ट सर्किट से अचानक आग लग गई जिस में 65 हजार नगदी सहित घर का सारा गृहस्थी का सामान जल कर खाक हो गया। ग्रामीणों के माध्यम से किसी तरह से आग को बुझाया गया। वजीर गंज थाना क्षेत्र के बंधवा ग्राम पंचायत के शेरा पुर बंधवा निवासी राम विलास यादव के फूस के घर मे शार्ट सर्किट अचानक आग लग गई। आग में कुर्ते में रखा 65 हजार नगद और घर के गृहस्थी का सामान कूलर पंख , रजाई गद्दा सहित आदि सामान जल कर खाक हो गया। ग्रामीणों के माध्यम से किसी तरह आग को बुझाया गया।

# बीमारियों के जाल में फंस रहे मरीज-तीमारदार



## सीएचसी लालगंज में सुचारू सफाई व्यवस्था न होने पर होगी उच्चाधिकारियों से शिकायत व आंदोलन

अस्पताल में डाक्टरों के नाम व मोबाइल नंबर पट्टिका न लगी होने पर भी भाकियू( श्रमिक शक्ति)ने गहरी आपत्ति जताई। इस समस्या की शिकायत भारतीय किसान यूनियन (श्रमिक शक्ति) द्वारा जब फोन से सीएचसी अधीक्षक को जब की गई तो वह गोलमोल जवाब देते हुए बहाने बनाने लगे। इस पर भारतीय किसान यूनियन (श्रमिक शक्ति) ने उच्चाधिकारियों से मामले की शिकायत करने व समाधान न होने पर आंदोलन की बात कही।इस मौके पर टी के शुक्ला, बिन्दा प्रसाद, शिव महेश बाजपेई, लाला अवस्थी, श्रीकांत त्रिवेदी, अतुल शर्मा, सत्यम मिश्रा, मयंक त्रिवेदी, जितेन्द्र बाजपेई, योगेन्द्र त्रिवेदी, रामेंद्र सिंह, राम सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

**लालगंज,रायबरेली। समृद्धि न्यूज**

स्वास्थ्य सेवाओं की दृष्टि से एक बड़े क्षेत्र का भार लिए हुए लालगंज सीएचसी में गंदगी के बीच इलाज को मरीज मजबूर हैं।अस्पताल परिसर में गंदगी से पनप रहे हैं मच्छर जानलेवा बने हुए हैं। भारतीय किसान यूनियन (श्रमिक शक्ति) के राष्ट्रीय अध्यक्ष शशिकांत तिवारी और उपाध्यक्ष प्रमोद तिवारी की अगुवाई में संगठन के लोगों ने सीएचसी लालगंज का निरीक्षण किया।निरीक्षण में गंदगी की भरमार मिली। प्रमोद तिवारी ने बताया कि कस्बे के प्रमुख सरकारी अस्पताल में गंदगी से मरीजों का रहना मुहाल हो गया है। सफाई की हालत इतनी बदतर है कि यहां मरीज के साथ आने वाले निरोग तीमारदार भी बीमार पड़ सकते हैं। साफ-सफाई के नाम पर लाखों रुपये खर्च किए जा रहे हैं, इसके बाद भी अस्पताल परिसर में जगह-जगह कचरों का अंबार लगा हुआ है। गंदगी के बीच ही इलाज कराना मरीजों की मजबूरी है। अस्पताल के किनारे -किनारे झाड़ियों व घास फूस की भी सफाई नहीं होते।

### सीएचसी में बाहर फैला रहता है मेडिकल वेस्टेज

अस्पताल में जगह-जगह गंदगी फैली हुई है। मेडिकल वेस्टेज भी कूड़ेदान की बजाय फर्श पर फैला रहता है। वार्डों में समय पर सफाई नहीं होने के कारण चारों ओर दुर्गंध फैल रही है। खासकर शौचालयों की की स्थिति बदतर है। अस्पताल परिसर के बाहरी क्षेत्र में कचरा का अंबार लगा हुआ है। खुले में मेडिकल वेस्टेज और कचरा फेंके जाने से बीमारी फैलने की भी आशंका रहती है। वहीं गंदगी के कारण मच्छरों का प्रकोप काफी बढ़ गया है। अस्पताल में अपने परिजन का इलाज करा रहे मोहित व शिवम ने बताया कि अस्पताल प्रबंधन की ओर से मच्छरदानी नहीं मिल रही है। पंखे भी नहीं हैं और बल्ब व ट्यूबलाइट न होने से प्रकाश की भी उचित व्यवस्था नहीं है।

### गंदगी के कारण यहां रहना मुश्किल है

सीएचसी में परिसर से वार्ड तक चौतरफा गंदगी फैली हुई है। इससे भर्ती मरीजों व उनके साथ आए परिजन में संक्रमण का खतरा रहता है। बदलते मौसम में इससे संक्रामक बीमारियां फैलने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है। अस्पताल में प्रवेश के साथ मुख्य द्वार, इमरजेंसी व स्त्री प्रसव विभाग से कक्षों एवं परिसर तक गंदगी फैला है। इस गंदगी व दुर्गंध से अस्पताल में नारकीय स्थिति बनी रहती है।

# अंतर्जनपदीय शातिर चोर को पुलिस ने किया गिरफ्तार

- पुलिस ने सोने चांदी के जेवरात व 13,450 रुपये किए बरामद

**राठ। समृद्धि न्यूज**

कोतवाली पुलिस ने अंतर्जनपदीय शातिर चोर को सोने चांदी के जेवरात व नकदी के गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपित को जेल भेज दिया है। कोतवाल उमेश सिंह ने बताया कि एस आई विनेश गौतम, सुरेन्द्र प्रसाद यादव, झुल्लर पाल, महिला कांस्टेबल नीलम देवी, प्रतिमा गौतम, सुरेन्द्र कुमार के साथ जलालपुर रोड नहर पुलिया के पास से राजकुमार पुत्र राजबहादुर रैकवार निवासी अमगांव को गिरफ्तार किया है। बताया कि आरोपित कई दिनों से चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहा था। पूछताछ किया गया तो बताया कि उसके पास घर व दुकान के ताले व शटर तोड़ने के लिए एक प्रेसर कटर मशीन, प्लास कटर व अन्य उपकरण मौजूद है। जिससे वह दुकान के ताले व शटर काटकर चोरी करता है। बताया कि चोरी किया हुआ समान बेचने की फिराक में था। पुलिस ने चोर 9 जोड़ी पायलें, पांच जोड़ी सोने की झुमकी, एक चांदी की चैन, बिछुवा, लाकेट और 13450 रुपए बरामद किए हैं। साथ ही प्रेसर कटर मशीन, पिट्ठू बैग, वायर कटर प्लास, पेचकस, प्लास, जूता, दस्ताना 01 अदद ठण्डवाली टोपी, स्कूटी बरामद की है।

# अदिति सिंह ने जताया विरोध, हेमा मालिनी पर की गई थी टिप्पणी

- रणदीप सुरजेवाला का बयान कांग्रेस की मानसिकता दर्शाती है

**रायबरेली। समृद्धि न्यूज**

कांग्रेस नेता रणदीप सुरजेवाला द्वारा मथुरा की सांसद हेमामालिनी पर की गई अभद्र टिप्पणी पर रायबरेली की सदर विधायक अदिति सिंह ने कड़ी आपत्ति जताई है।

कांग्रेस पर हमला बोलते हुए अदिति सिंह ने कहा रणदीप सुरजेवाला का बयान कांग्रेस की मानसिकता दर्शाती है। हेमामालिनी दो बार जनता द्वारा चुनी हुई सांसद है जबकि सुरजेवाला आज तक जनता का कोई चुनाव नही जीते है। इसी तरह की गन्दी टिप्पणी कुछ दिन पहले कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत ने कंगना रनौत पर की थी। जिसके बाद उन्होंने सफाई दी कि किसी दूसरे व्यक्ति ने ये पोस्ट डाली लेकिन इतने दिन बीतने के बाद भी अभी तक वो उस व्यक्ति को खोज नही पाई और न ही इसकी शिकायत पुलिस प्रशासन से की। कांग्रेस द्वारा रायबरेली लोकसभा सीट से प्रत्याशी न उतारने के मामले पर अदिति सिंह ने कहा कि कांग्रेस डर गई है क्योंकि सांसद सोनिया पिछले पाँच से जनता के बीच नही आई है। नेहरू गाँधी परिवार द्वारा ये सीट छोड़ दी गई है, कांग्रेस ने अभी तक चुनाव की तैयारी शुरू नही की जबकि पूर्व में वो पहले प्रत्याशी का एलान कर देते थे और चुनाव की तैयारी भी।

# बाइक सवार नीलगाय से टकराकर घायल जिला अस्पताल रेफर

**बछरावां, रायबरेली।** गुरुवार सुबह लखनऊ प्रयागराज हाइवे होते हुए बाइक सवार पप्पू पुत्र साकिर अली निवासी अल्लापुर जलालाबाद लखनऊ की ओर जा रहा था। तभी चुरुवा पश्चिम गांव बाईपास मोड़ के पास एक नीलगाय अचानक उसकी बाइक के सामने आ गई। जिससे बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई।

हादसे में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया । सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने घायल को इलाज के लिए सीएचसी पहुंचाया । जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया हैद्य थाना अध्यक्ष विजेंद्र शर्मा ने बताया कि तहरीर मिलने पर विधिक कार्यवाही की जाएगी।

# एम्स के चार सुरक्षाकर्मी हुए निलंबित, दर्ज हुआ मुकदमा

**रायबरेली। समृद्धि न्यूज**

एम्स में काली वर्दी में तैनात सुरक्षा कर्मियों की काली करतूत के वायरल वीडियो पर एम्स प्रशासन द्वारा कार्रवाई की गई है। 4 सुरक्षा कर्मियों पर एफआईआर दर्ज करते हुए बर्खास्त करने की कार्रवाई की गई है। इससे पहले घटना से दुःखी हुए भाजपा किसान नेता रमेश बहादुर सिंह एम्स परिसर के बाहर धरने पर बैठ गए। धरने पर बैठते ही एम्स प्रशासन में अफरा तफरी मच गई। मौके पर पहुंची भदोखर पुलिस ने किसान नेता को समझाते हुए उनकी मांगों को सुना और साथ ही सुरक्षाकर्मी को खिलाफ दर्ज मुकदमे की कापी भी सौंप दी। इसके बाद किसान नेता ने कार्रवाही पर सन्तुष्टि जाहिर करते हुए धरना समाप्त कर दिया। आपको बता दें कि 2 अप्रैल को एम्स में एक वीडियो वायरल हुआ था जिसमें कुछ सुरक्षा कर्मी एक व्यक्ति को पीट रहे थे। वीडियो वायरल होने के बाद एवं प्रशासन की तरफ से मामले में संज्ञान लिया गया।

**धरने पर बैठे किसान नेता रमेश बहादुर सिंह**

पुलिस ने शिकायतकर्ता की तहरीर पर चार लोगों रामस्वरूप सिंह,धीरेंद्र कुमार सिंह, विजय कुमार मौर्य, योगेंद्र बहादुर के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज भी किया गया है। वहीं एम्स प्रशासन की तरफ से चारों सुरक्षा कर्मियों को निलंबित भी कर दिया गया है। अन्याय के खिलाफ हमेशा खड़े रहते हैं किसान नेता रमेश बहादुर सिंह किसान नेता के रूप में जिले में अपनी पहचान बन चुके रमेश बहादुर सिंह हमेशा अन्याय के खिलाफ रहते हैं और उसे अन्य का खुलकर विरोध करते हैं।




मामला चाहे जैसा भी हो अगर समाज में गलत हो रहा है तो रमेश बहादुर सिंह इसका खुलकर विरोध करते हैं। रमेश बहादुर सिंह का कहना है हमारे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पारदर्शिता के साथ अच्छा काम कर रहे हैं अगर कोई भी विभाग या संस्थान सरकार की छवि को धूमिल करने का काम करेगा तो मैं उसका सबसे पहले विरोध करूंगा।

# रेलवे ट्रैक पर मिला युवक का शव, ट्रेन से कटने की आशंका

**लालगंज,रायबरेली।** लालगंज कोतवाली क्षेत्र के धनाबाद रेलवे क्रॉसिंग से सातनपुर की तरफ रेलवे पटरी के किनारे बुधवार रात से गायब युवक का शव गुरुवार सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में मिलने की खबर से हड़कंप मच गया। आसपास के लोगो ने जब जानकारी की तो मृतक पूरे जालिम सिंह निवासी रामनरेश का चचेरा भाई निकला, जिसकी पहचान बलवंत यादव के रूप के की गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना की जानकारी होते ही परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। परिजनों की माने तो मृतक रात से घर से गायब था। वही लोगो ने बताया कि ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौत हुई है।

# खबरें एक नजर में

## युवक को पीटा केस दर्ज

**बछरावां,रायबरेली।** बुधवार को स्टेशन रोड नई बस्ती मोहल्ले के रहने वाले जयप्रकाश ने थाने में तहरीर देकर बताया कि उनके भाई चंद्रप्रकाश व शिव प्रकाश घर का सामान बेचने जा रहे थे । जब उन्होंने मना किया , तो उनके भाइयों ने उनके साथ मारपीट की है । जिससे उनके सिर पर चोट आई है। थाना अध्यक्ष विजेंद्र शर्मा ने बताया कि केस दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है।

## 165 ग्राम चरस के साथ आरोपित गिरफ्तार

**बछरावां,रायबरेली।** संदिग्ध व्यक्ति व वाहन चेकिंग के दौरान गश्त में घूम रही पुलिस टीम ने महाराजगंज रोड छोटी नहर पुलिया पर जलालपुर मोड़ के पास से एक युवक इंद्र कुमार निवासी सत्यनारायण टोला कस्बा बछरावां को 165 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा है । थाना अध्यक्ष विजेंद्र शर्मा ने बताया कि आरोपी के पास से चरस बरामद की गई है । उसे गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट के तहत जेल भेजा गया है ।

## पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

**महाराजगंज, रायबरेली।** नशे की हालत में मारपीट करना गाली गलौज करना तथा जान से मारने की धमकी देने पर पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा। धीरेन्द्र तिवारी पुत्र रामबाबू तिवारी निवासी ग्राम वरहूआ थाना महाराजगंज की तहरीर पर संजय सिंह कल्लू सिंह पुत्र गिरिजाबक्स सिंह निवासी ग्राम मोन थाना महाराजगंज जनपद रायबरेली के विरुद्ध मारपीट करना गाली गलौज करना तथा जान से मारने की धमकी देना गाड़ी का शीशा तोड़ देने के संबंध मेंअभियोग पंजीकृत किया गया है।

## दस लीटर शराब के साथ आरोपी को भेजा जेल

**बछरावां,रायबरेली।** थाना क्षेत्र के भूपखेड़ा गांव स्थित एक सरकारी ट्यूबवेल के पास से एक आरोपी को पुलिस ने दस लीटर अवैध शराब के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिसिया पूछताछ में आरोपित ने अपनी पहचान रामभजन पुत्र राम सुमिरन निवासी कुर्री के रूप में बताई है । थानाध्यक्ष विजेंद्र शर्मा ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

## पति पर मारपीट व दहेज प्रताड़ना का लगाया आरोप

**बछरावां,रायबरेली।** थाना क्षेत्र के महरौरा गांव की रहने वाली अर्चना पत्नी राजेश ने अपने पति पर मारपीट के साथ ही उसके पिता से चार पहिया वाहन मांगने की जिद करने का आरोप लगाया है। उन्होंने तहरीर में बताया कि आए दिन उसका पति शराब पीकर घर आता है। और उसके साथ मारपीट करता है । 8 वर्ष पूर्व उसका विवाह हुआ था । उससे उसे दो संताने भी हैं । वह उसे घर पर नहीं रहने दे रहा है।

## दो घरों में चोरों ने नकदी -मोबाइल पर किया हाथ साफ

**मौदहा।** होली त्योहार पर हुए खूनी संघर्ष का मामला अभी थमा भी नहीं पाया था कि चोरों ने गांव को फिर से चर्चा में ला दिया, हालांकि पुलिस जांच की बात कह रही है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम छिमौली निवासी अलाउद्दीन और रामराज ने कोतवाली में दिए शिकायती पत्र में बताया कि बुधवार रात चोरों ने उनके घरों में चोरी कर नकदी, जेवरात और मोबाइल फोन चोरी कर लिया।

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने एसपी संग किया मतदान बूथों का निरीक्षण

**रायबरेली।** जिला निर्वाचन अधिकारी हर्षिता माथुर ने पुलिस अधीक्षक अभिषेक अग्रवाल के साथ विकासखंड सलोन के मतदान बूथों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मतदान बूथों में बिजली,पानी, शौचालय, साफ सफाई आदि की व्यवस्था देखी। उन्होंने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि मतदान से पहले सभी जरूरी सुविधाएं सुनिश्चित करा ली जाए। जिससे कि मतदान के दिन मतदाताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान केंद्रों पर बैरिकेटिंग और बाउंड्री वॉल भी ठीक कराने के निर्देश दिए। इसके अंतर्गत उन्होंने प्राथमिक विद्यालय बगहा, प्राथमिक विद्यालय सलोन देहात, अमीना राष्ट्रीय इंटर कॉलेज, प्राथमिक विद्यालय मीरजहांपुर और निमिषा कान्वेंट स्कूल का निरीक्षण किया।



# माहे रमजान पर हुआ रोजा इफ्तार का आयोजन

**महराजगंज,रायबरेली।** बुधवार की शाम कोटेदार हाजी जियाउल हक ने अपने पुराने आवास पर माहे रमजान उल मुबारक के मौके कराया रोजा इफ्तार का कराया इंतेजाम। भरी तादाद में रोजेदार ने शिरकत कर खोला रोजा। हिंदू मुस्लिम कौमी एकता को बढ़ावा देने के लिए बहुत सारे हिंदू भाइयों एवं नेतागणों ने इस मुबारक मौके पर हाजी जियाउल हक के आवास पर पहुंच कर रोजा इफ्तार में शिरकत की। और कौमी एकता को आगे बढ़ाते हुए हिंदू मुस्लिम भाइयों ने एक साथ बैठ कर इफ्तार का लुत्फ उठाया। इस मौके पर पूर्व विधायक राम लाल अकेला, चेयरमैन प्रतिनिधि प्रभात साहू, (भाजपा) सपा नेता सुधीर साहू पूर्व मंडल अध्यक्ष सूर्य प्रकाश वर्मा, प्रेम जायसवाल फैजान अहमद इमानुल हक जैनुल हक शब्बीर कुरैशी जय नारायण वर्मा कैलाश वैश्य श्रवण कुमार वर्मा सोभनाथ वैश्य प्रिंसू वैश्य( कांग्रेस) महराजगंज खबर प्रेस क्लब अध्यक्ष संतोष सिंह चौहान सहित सभी पत्रकार साथी मौजूद रहें।

# नई कीर्तिमान की ओर सहकारी बैंक

- वित्तीय वर्ष मे बैंक की मालियत हुई 27.69 करोड़
- अध्यक्ष विवेक विक्रम सिंह के नेतृत्व में बदल रही है दशा

**रायबरेली समृद्धि न्यूज़।**

जिला सहकारी बैंक रायबरेली के अध्यक्ष विवेक विक्रम सिंह के कुशल निर्देशन में बैंक उत्तरोत्तर प्रगति कर रहा है। 31 मार्च 2024 को समाप्त हुई वित्तीय वर्ष में बैंक के जमा में मूल्य 26 करोड़ 86 लाख रू. ऋण एवं अग्रिम में रू. 37 करोड़ 10 लाख रू., में मू. 6.25 करोड़ रू. एवं कुल लाभ में मु. 1.53 करोड़ तथा कार्यशील पूँजी में मु. 84 करोड़ 34 लाख रूपये की वृद्धि हुई है। इसके साथ ही बैंक की गैर निष्पादक अस्तियाँ मु. 1.75 करोड़ तथा प्रबंध लागत मू. 60.00 लाख रु से घटी है। जनपद के सम्मानित किसानों एवं नागरिकों के सहयोग से बैंक की निवल मालियत बढ़कर मू. 27.69 करोड़ रु0 हो गयी है। बैंक के सचिव/ मुख्य कार्यपालक अधिकारी प्रवीन कुमार का कहना है कि बैंक की कार्यशील पूँजी में वृद्धि एवं एनपीए में कमी होने से इसका सीधा फ़ायदा जनपद के किसान भाइयों को मिलेगा।

उनको फसली ऋण के अलावा अन्य प्रकार के ऋण जैसे मत्स्य पालन,डेयरी उद्योग, प्रोसेसिंग यूनिट आदि उद्योगों में आसानी से वित्तपोषण किया जा सकेगा। इस वित्तीय वर्ष में कृषि निवेश का दायरा बढ़ाया जा रहा है जिससे अधिक से अधिक लोगों को स्वरोजगार के लिए प्रेरित किया जा सके।

## अनुभवी है विवेक विक्रम सिंह



वैसे तो राजनीति सेवा है इस सेवा को योग्य व्यक्ति के द्वारा क्रियान्यबित किया जाता है तो उसके सुदूर परिणाम अच्छे आते है जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष विवेक विक्रम सिंह की सोच और दूरदर्शिता की वजह से बीते वित्तीय वर्ष में जिला सहकारी बैंक की मलियत सुधरी है और बैंक नई ऊंचाइयों की तरफ बढ़ रही है।

# साइबर सेल ने युवक का पैसा करवाया वापस

- इस कार्य में साइबर प्रभारी विंध्य विनय उप निरीक्षक सहित अन्य पुलिस कर्मियों की विशेष भूमिका रही

**रायबरेली। समृद्धि न्यूज**




थाना साइबर क्राइम द्वारा ऑनलाइन ठगी के शिकार एक व्यक्ति के खाते में पैसा वापस करवाया गया है। पुलिस द्वारा दी गई सूचना के अनुसार शिकायतकर्ता आदर्श कुमार निवासी थाना ऊंचाहार ने जनता दर्शन में पुलिस अधीक्षक अभिषेक अग्रवाल के समक्ष बताया था कि उसके साथ ऑनलाइन 1 लाख रुपये की ठगी हो गई थी। इसके बाद पुलिस अधीक्षक द्वारा यह मामला साइबर क्राइम थाना के सुपुर्द कर दिया गया था। इसके बाद पुलिस टीम द्वारा संबंधित बैंक से संपर्क करके कार्रवाई की गई और शिकायतकर्ता के खाते में 1 लाख रुपये वापस करवाए गए। इस कार्य में साइबर प्रभारी विंध्य विनय उप निरीक्षक देवेंद्र कुमार अवस्थी सहित अन्य पुलिस कर्मियों की विशेष भूमिका रही। पुलिस द्वारा आमजन से अपील की गई है कि वह अपने खाते संबंधित या अन्य ओटीपी पासवर्ड आदि गोपनीय जानकारी किसी को न दें। और लुभावने ऑफर आदि को बिना जांचे परखे किसी लिंक की एप्लीकेशन पर भुगतान न करें। यह ऑनलाइन धोखाधड़ी का तरीका हो सकता है।

इसके लिए आप स्वयं जागरूक रहे तथा आसपास अधिक से अधिक लोगों को यह जानकारी साझा करें। ताकि किसी भी व्यक्ति के साथ धोखाधड़ी न हो सके।

# पेयजल पाइप लाइन टूटी होने से दो वार्डों में पानी की किल्लत

**कुरारा,हमीरपुर।** कस्बा के बेरी तिराहे पर ठेकेदार द्वारा नाला निर्माण कार्य होने से वार्ड नंबर 3 व 9 में पेयजल आपूर्ति करने वाली लाइन टूट जाने से पेयजल समस्या पैदा होती जा रही है। कस्बे में हमीरपुर कालपी हाईवे के किनारे नगर पंचायत द्वारा नाला निर्माण कार्य करवाने के लिए ठेकेदारों ने जेसीबी से सफाई करवाने पर पेयजल आपूर्ति करने वाली पाइप लाइन टूट गई थी। जिससे बीते बुधवार से वार्ड नंबर 9 व 3 में पानी की आपूर्ति बाधित हो गई है। जिससे वार्ड के लोगों को दूर दराज के हैंडपंपों से पानी भरने के लिए विवश होना पड़ रहा है। वार्ड नंबर 9 निवासी रामेश्वर, सुनील कुमार आदि ने बताया कि बीते दो दिनों से पानी की आपूर्ति न होने से पेयजल की किल्लत पैदा होती जा रही है।

# डलमऊ के अल्ताफ़ खान को खेल रत्न आवार्ड से नवाजा गया

- छत्तीसगढ़ सरकार से खेल रत्न आवार्ड पाकर किया नाम रोशन

**डलमऊ, रायबरेली। समृद्धि न्यूज**



बृहस्पतिवार को छत्तीसगढ स्थित कलेक्टर परिसर में आयोजित छसत्तीसगण सरकार खेल सम्मान समारोह 2024-25 में रायबरेली जिले के डलमऊ निवासी अल्ताफ़ खान पुत्र मुनव्वर खान को छत्तीसगढ़ सरकार की तरफ से ताइक्कांडो खिलाड़ी के रूप में खेल रत्न पुरस्कार से नवाजा गया तथा कुछ राशि के रूप से पुरस्कृत किया गया है। कार्यक्रम में छत्तीसगढ के स्वास्थ्य मंत्री एवं कला संस्कृति मंत्री भी मौजूद रहे यह आवार्ड आइपीएस द्वारा पुरस्कृत करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। वर्तमान में छत्तीसगढ़ सरकार की कार्यपालिका में कार्यरत होकर देश की सेवा कर रहे हैं। पुरस्कृत होने से खिलाड़ियों और उनके परिवार में खुशी का माहौल बन गया है। जिले के बच्चों को देते हैं मुफ्त ताइक्कांडो ट्रेनिंग भी देते हैं अल्ताफ़ खान कार्यअवधि से अवकाश मिलने पर ये अपने गृह जिले रायबरेली के डलमऊ तहसील में गरीब बच्चों को मुफ्त ताइक्कांडो की ट्रेनिंग भी दिया करते हैं।

इन्होंने इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और अपने गुरु को दिया। इन्होंने कहा माता-पिता ने हमेशा यह कहकर समर्थन किया की जिस क्षेत्र में रूचि हो उसी में मेहनत करो। अल्ताफ़ का सपना हैं कि कॉमनवेल्थ में भारत को स्वर्ण पदक दिलाना है। इसके लिए कड़ी मेहनत कर रहा हूँ।

# लू प्रकोप एवं हीट वेव से बचाव के लिए जारी किए गए दिशा निर्देश

- किसी भी सहायता के लिए एम्बुलेंस 108 पुलिस 100/112 व राहत आयुक्त कार्यालय 1070 पर कर सकते है सम्पर्क

**रायबरेली। समृद्धि न्यूज**

अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) अमृता सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा लू प्रकोप एवं हीट वेव से बचाव हेतु जन सामान्य के लिए आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। उन्होंने बढ़ते हुए तापमान के दृष्टिगत जनपद वासियों से अपील की है कि लू व हीट वेव से बचने के लिए बताया है कि कड़ी धूप में बाहर न निकले, खासकर दोपहर 12 बजे से 03 बजे तक के बीच और गरम हवा के स्थिति जानने के लिये रेडियो सुने, टीवी देखे, समाचार पत्र पर स्थानीय मौसम पूर्वानुमान की जानकारी लेते रहे। जितने बार हो सके पानी पिएं, प्यास न लगा हो तभी पानी पिएं ताकि शरीर में पानी की कमी से होने वाली बीमारी से बचा जा सके। उन्होंने कहा कि हल्के रंग के ढीले वाले सूती वस्त्र पहने ताकि शरीर तक हवा पहुंचे और पसीने को सोख कर शरीर को ठंडा रखे। धूप में बाहर जाने से बचे, अगर बहुत जरूरी हो तो गमछा, चश्में, छाता, टोपी एवं जूते या चप्पल पहनकर ही घर से बाहर निकले। शराब, चाय, कॉफी जैसे पेय पदार्थों का इस्तेमाल न करें यह शरीर




को निर्जलित कर सकते है। यात्रा करते समय अपने साथ बोतल में पानी जरूर रखें। गीले कपड़े को अपने चेहरे, सिर और गर्दन पर रखें।

### ओआरएस घोल, नींबू पानी का करे प्रयोग

अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) ने कहा कि गर्मी के दिनों में ओआरएस का घोल पिये। अन्य घरेलू पेय जैसे नींबू पानी, कच्चे आम का बना लस्सी आदि का प्रयोग करें, जिससे शरीर में पानी की कमी न हो। अगर तबीयत ठीक न लगे, तो गर्मी से उत्पन्न होने वाले विकारों, बीमारियों को पहचाने। तकलीफ होने पर तुरन्त चिकित्सकीय परामर्श ले। जानवरों को छायादार स्थान में रखें, उन्हे पीने के लिये पर्याप्त मात्रा में पानी दें। अपने घर को ठंडा रखें, घर को पर्दे से ढक कर या पेन्ट लगाकर 3-4 डिग्री तक ठंडा रखा जा सकता है। रात में अपने घरो की खिड़कियो को अवश्य खुली रखें।

### आपात स्थिति से निपटने के लिए प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण लें

अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) ने लू व हीट वेव से बचने के लिए जनमानस से अपील करते हुए कहा है कि धूप में खड़े वाहनों में बच्चे एवं पालतू जानवरों को न छोड़े। खिड़की की रिफलेक्अर जैसे एल्युमुनियम पन्नी गत्ते इत्यादि से ढककर रखे ताकि बाहर की गर्मी का अन्दर आने से रोका जा सके। उन खिड़कियों दरवाजे पर जिनसे दोपहर के समय गर्म हवाएँ आती है, काले कपड़े/पर्दे लगाकर रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण/स्थानीय मौसम के पूर्वानुमान को सुनें और आगामी तापमान में होने वाले परिवर्तन के प्रति सतर्क रहें। आपात स्थिति से निपटने के लिए प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण लें।

### गहरे रंग के भारी एवं तंग वस्त्र पहनने से बचें

दिन के 11 बजे से 03 बजे के बीच बाहर न निकले। गहरे रंग के भारी एवं तंग वस्त्र पहनने से बचें। खाना बनातें समय कमरे के खिड़की एवं दरवाजे खुले रखे, जिससे हवा का आना जाना बना रहे। अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) ने कहा कि विशेषज्ञों के परामर्श के अनुसार इस लू एवं हीट वेव के दौरान उच्च प्रोटीन युक्त खाद्य पदार्थ का सेवन करने से बचें तथा बासी भोजन न करें। किसी भी सहायता के लिए एम्बुलेंस 108, पुलिस- 100/112 राहत आयुक्त कार्यालय 1070 पर सम्पर्क कर सकते है।


# सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री मोहन लाल शुक्ला आदर्श विद्यालय इंटर कालेज, फर्रुखाबाद में समस्त कक्षा-कक्षों, कार्यालय, प्रधानाचार्य कक्ष आदि में विद्युत फिटिंग, सामग्री-तार बण्डल, पाइप, बोर्ड, स्विच, साकेट, पंखा, बल्ब, ट्यूबलाइट आदि एवं समस्त कक्षा-कक्षों, कार्यालय, प्रधानाचार्य कक्ष, विद्यालय गेट आदि में पुताई, मय सामग्री हेतु एवं स्लोगन लिखाई आदि हेतु मुहरबंद निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। इच्छुक व्यक्ति विज्ञप्ति प्रकाशन से तीन कार्य दिवसों में स्वयं उपस्थित होकर निविदायें जमा करें।

**डा0 संदीप कुमार चतुर्वेदी**
**प्रधानाचार्य**
**श्री मोहन लाल शुक्ला आदर्श विद्यालय इंटर कालेज, फर्रुखाबाद**

## आप की दुर्दशा से विपक्ष के लिये सबक

एक तरफ तो देश लोकसभा चुनाव के मुहाने पर खड़ा है वहीं दूसरी तरफ जो अनेक घटनाक्रम जारी हैं उनमें राजनैतिक बयानों, सीटों के तालमेल, प्रचार सभाओं, प्रेस कांफ्रेंसों आदि के अलावा जिस विषय की सर्वाधिक चर्चा है, वह है आम आदमी पार्टी के नेताओं पर कथित शराब घोटाले की जांच के सिलसिले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की रोज गिरती गाज। पिछले लगभग एक पखवाड़े के भीतर दो बार ईडी की हिरासत (पहले 6 एवं बाद में 4 दिनों की) में रहने के बाद मंगलवार को राउज एवेन्यू कोर्ट द्वारा 15 दिनों की न्यायिक हिरासत में तिहाड़ जेल भेजे गये दिल्ली के मुख्यमंत्री व आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल अब दिल्ली हाईकोर्ट में जमानत पाने हेतु संघर्षरत हैं। दूसरी ओर करीब 6 माह जेल में गुजारने के बाद पार्टी के सांसद संजय सिंह जमानत पाने में सफल हो चुके हैं। हालांकि उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया एवं पूर्व स्वास्थ्य मंत्री रहे सत्येन्द्र जैन अब तक सलाखों के पीछे हैं। इतना ही नहीं, आप सरकार की मंत्री आतिशी व स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज मुख्य रूप से सीधे तौर पर कहें तो ईडी के और परोक्ष रूप से भारतीय जनता पार्टी के निशाने पर हैं। कोई दावे से नहीं कह सकता कि आप के कितने मंत्री, विधायक या नेता भी जांच एजेंसी के रडार पर हैं। यह साफ हो जाने के बाद कि इसे करोड़ों का घोटाला बतलाकर दो साल से इसकी जांच कर रही ईडी न तो एक पैसा बरामद कर सकी और न ही यह बतला पाई है कि इसका पैसा किसे मिला है, न तो जांच पूरी हो सकी है और न ही गिरफ्तारियां रुक रही हैं। अब तो यह भी साफ हो चला है कि भाजपा का उद्देश्य जो पहले आप को कमजोर करना था, अब वह चाहती है कि पार्टी नेताओं का ज्यादा से ज्यादा समय कोर्ट-कचहरियों में उलझकर बर्बाद होता रहे ताकि वे पार्टी का प्रचार न कर सकें। आप की दिल्ली के अलावा पंजाब में बड़ी उपस्थिति है परन्तु भाजपा की वहां कोई बड़ी दावेदारी नहीं है। भाजपा की दिलचस्पी ही नहीं, बल्कि नाक का भी सवाल है कि वह दिल्ली लोकसभा की सारी सीटें जीते। आप के हाथों विधानसभा चुनावों में मिली दो-दो बार की पराजयों के भी मद्देनजर वह आहत है तथा अगला विधानसभा चुनाव जीतने के लिये उसे यहां से बड़ी जीत चाहिये जिसके आसार काफी कम हैं। यह बात सामने आ चुकी है कि जांच एजेंसियां भाजपा के वे हथियार हैं जिनके बल पर वह श्ऑपरेशन लोटसश् के नाम से निर्वाचित सरकारों को गिराती है, अल्पमत में होकर भी अपनी सरकारें बनाती है, विरोधियों को उनका डर दिखाकर अपने खेमे में करती है, अपने लिये चुनावी चंदा बटोरने में उसका सहयोग लेती है। अब जबकि मतदान कुछ ही दिनों की दूरी पर रह गया है, आप का कांग्रेस के साथ दिल्ली में गठबन्धन हो चुका है, सीटों के बंटवारे पर मुहर लग चुकी है, वह कांग्रेस के नेतृत्व में बने इंडिया गठबन्धन का हिस्सा भी बन चुका है।

# भारत को न जानने और न मानने वाले

सर्वमित्रा सुरजन

इं 18वीं लोकसभा का चुनाव शुरु होने में अब केवल 15 दिन रह गए हैं। भाजपा का दावा है कि वह तीसरी बार सत्ता में वापसी करने जा रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने 15 अगस्त 2023 को लालकिले से ऐलान कर ही दिया था कि वे अगली बार भी झंडा फहराने आएंगे। इसके अलावा अलग-अलग मौकों पर कई मंचों से उन्होंने अपनी वापसी का तानाशाही भरा ऐलान किया। हाल ही में रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के 90वें स्थापना दिवस पर भी प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मैं सौ दिन चुनाव में व्यस्त हूं, तब तक का वक्त आप लोगों के पास है। उसके बाद आप तैयार हो जाइए धमाधम काम आने वाला है। उनकी इस बात पर वहां मौजूद तमाम रसूखदार लोग कठपुतलियों की तरह ताली बजाते और ठहाका भरते नजर आए। किसी ने यह सवाल करने की जहमत नहीं उठाई कि साहब पहले मतदान तो हो जाने दीजिए। सात चरणों में मतदान होगा, फिर 4 जून को नतीजे आएंगे, तब बता दीजिएगा कि धमाधम काम आएगा या नहीं। प्रधानमंत्री का एकालाप मगन होकर सुनने वालों में राज्यपाल, केन्द्रीय मंत्री और भारत सरकार के आला दर्जे के अफसर सभी शामिल थे, लेकिन सभी में रीढ़ की हड्डी गायब दिखी। इनकी शिक्षा, अनुभव, ओहदा, सब बेकार नजर आए। वहीं एक निजी विश्वविद्यालय के कार्यक्रम में तिहाड़ जेल जा चुके एक कथित पत्रकार भाजपा के झूठ को आगे बढ़ाने की कोशिश कर रहे थे। अपने संबोधन में इन पत्रकार महोदय ने यूक्रेन और रूस के युद्ध को नरेन्द्र मोदी ने रुकवाया है, इस झूठ को आगे बढ़ाने की कोशिश की। लेकिन श्रोताओं में मौजूद एक छात्रा ने पलट कर कह दिया कि अच्छा तो तब लगता जब युद्ध वाकई रुका होता। इस छात्रा की हिम्मत रिजर्व बैंक के समारोह में उपस्थित कथित गणमान्य लोगों की काबिलियत पर भारी दिखी। कम से कम उसने सच बोलने और झूठ बोलने पर टोकने का जज्बा तो दिखाया वर्ना यह सिलसिला ऐसे ही आगे बढ़ता रहता। इस वक्त देश में उस छात्रा जैसी हिम्मत और तार्किक सोच रखने वालों की सख्त जरूरत है। क्योंकि इस बार के चुनाव वाकई तय करेंगे कि अब देश में संविधान बचा रहेगा या फिर देश हिंदू राष्ट्र बन जाएगा। व्हाट्सऐप पर एक संदेश इन दिनों खूब प्रसारित किया जा रहा है। जिसमें लिखा है कि किसे वोट दें, यह समझ नहीं आए तो किन-किन लोगों से पूछना चाहिए। फिर इसमें कश्मीरी पंडितों, राम मंदिर के भक्तों, तीन तलाक पाने वाली महिलाओं, 5 किलो मुफ्त अनाज पाने वाले गरीब, आयुष्मान कार्डधारी लोगों, ऐसे कई वर्गों का जिक्र किया गया है और इसमें खुलकर झूठ का बखान भी है, जैसे 24 घंटे बिजली पाने वाले, सीधे खाते में रुपए पाने वाले आदि बातों को लिखा गया है। बड़ी सफाई से 15 लाख हर खाते में, हर साल 2 करोड़ रोजगार, किसानों की दोगुनी आय, सस्ता पेट्रोल




**इस वक्त देश में उस छात्रा जैसी हिम्मत और तार्किक सोच रखने वालों की सख्त जरूरत है। क्योंकि इस बार के चुनाव वाकई तय करेंगे कि अब देश में संविधान बचा रहेगा या फिर देश हिंदू राष्ट्र बन जाएगा। व्हाट्सऐप पर एक संदेश इन दिनों खूब प्रसारित किया जा रहा है। जिसमें लिखा है कि किसे वोट दें, यह समझ नहीं आए तो किन-किन लोगों से पूछना चाहिए। फिर इसमें कश्मीरी पंडितों, राम मंदिर के भक्तों, तीन तलाक पाने वाली महिलाओं, 5 किलो मुफ्त अनाज पाने वाले गरीब, आयुष्मान कार्डधारी लोगों, ऐसे कई वर्गों का जिक्र किया गया है और इसमें खुलकर झूठ का बखान भी है, जैसे 24 घंटे बिजली पाने वाले, सीधे खाते में रुपए पाने वाले आदि बातों को लिखा गया है। बड़ी सफाई से 15 लाख हर खाते में, हर साल 2 करोड़ रोजगार, किसानों की दोगुनी आय, सस्ता पेट्रोल और रुपए की कीमत में सुधार जैसी बातों को छोड़ दिया गया है।**

और रुपए की कीमत में सुधार जैसी बातों को छोड़ दिया गया है। फिर इसमें अपील की गई है कि इसे 10 हिंदू मित्रों और रिश्तेदारों के साथ साझा करें। आगे इस संदेश में ये भी बताया गया है कि इस बार 400 पार जाना क्यों जरूरी है। संसद में सीटों का आंकड़ा समझाते हुए कहा गया है कि इस बार मोदी जी को 407 सीटें दीजिए। मोदी 3.0 2024 में होगा तो वक्फ बोर्ड खत्म होगा, 10 करोड़ बांग्लादेशी घुसपैठियों को भगा देंगे, अल्पसंख्यक आयोग खत्म होगा, पूजा स्थल कानून खत्म हो जाएगा, आतंकवाद की फैक्ट्री वाले मदरसों पर रोक लगाई जाएगी और समान शिक्षा कानून बनाया जाएगा, केंद्र और 29 राज्य सरकारों द्वारा चलाए जा रहे 600 अल्पसंख्यक मंत्रालय खत्म हो जाएंगे, 4-4 निकाह और 3 तलाक पर रोक लग जाएगी, पत्थरबाजों और दंगाइयों की 100प्रतिशत संपत्ति जब्त कर 10 साल की सजा का प्रावधान होगा। इसके बाद आखिरी में लिखा है कि आईटी, मैन्युफैक्चरिंग, एआई, कृषि और इंफ्रास्ट्रक्चर में निवेश 100प्रतिशत बढ़ाया जाएगा। व्हाट्सऐप पर प्रसारित हो रहा ये संदेश बहुत बड़ा है, जिसे संक्षिप्त में ऊपर वर्णित किया गया है। इस संदेश को देखने के बाद कोई संदेह नहीं रह जाता कि नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के पीछे की मंशा देश का संविधान बदलना है। ध्यान देने की बात ये है कि भाजपा अपने इस मकसद को बड़ी चालाकी से जनता तक पहुंचा रही है। क्योंकि मोदी की गारंटियों में कहीं हिंदू राष्ट्र बनाने का जिक्र नहीं है। भाजपा का घोषणापत्र भी अब तैयार हो रहा है, जिसमें सरकार की उपलब्धियों और कश्मीर, राम मंदिर जैसी बातों का उल्लेख होगा, लेकिन साफ तौर पर ये कहीं नहीं लिखा होगा कि हम तीसरी बार सत्ता में आएंगे तो संविधान बदल देंगे। मगर भाजपा काम उसी दिशा में कर रही है। भाजपा के सांसद अनंत हेगड़े ने पिछले दिनों कहा था कि अगर 4 सौ से ज्यादा सीटें एनडीए को मिलती हैं, तो संविधान बदल देंगे। वहीं हाल ही में राजस्थान के नागौर से भाजपा प्रत्याशी ज्योति मिर्धा का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिसमें वे अपने प्रचार के दौरान लोगों से कह रही हैं कि- आप लोग जानते हैं कि अगर संविधान में हमें कोई बदलाव करना होता है तो संसद के दोनों सदनों- लोकसभा और राज्यसभा में बहुमत की आवश्यकता होती है। लोकसभा में आज बीजेपी और एनडीए के पास प्रचंड बहुमत है लेकिन राज्यसभा में आज भी हमारे पास बहुमत नहीं है। यहां ज्योति मिर्धा ने संसद के आंकड़े वैसे ही लोगों को समझाए जैसे व्हाट्सऐप में समझाए गए हैं। इसका मतलब भाजपा का एजेंडा एकदम साफ है कि उन्हें 4 सौ सीटें संविधान बदलने के लिए चाहिए। ज्योति मिर्धा के इस वीडियो पर जब सवाल उठे, तो उन्होंने सफाई दी कि उनके बयान को बढ़ा-चढ़ा कर पेश किया गया है। वे लोगों को केवल संविधान संशोधन की प्रक्रिया समझा रही थीं। ज्योति मिर्धा का यह दावा भी झूठा ही है, क्योंकि उन्होंने साफ-साफ संविधान में बदलाव की बात की है। जबकि 1950 से लेकर अब तक सौ से ज्यादा संशोधन संविधान में हो चुके हैं और इस दौरान जो भी गठबंधन या दल सत्ता में रहा, उसे इसके लिए 4 सौ से ज्यादा सीटों की जरूरत नहीं पड़ी। इस बार के चुनाव शुरु होने से पहले ही जिस तरह बार-बार बहुमत की जगह 4 सौ के आंकड़े को भाजपा ने लोगों के दिल-दिमाग में बिठाने की कोशिशें शुरु कर दी हैं, दरअसल वह एक बड़े खेल की रणनीति है।

जिसमें जनता को मानसिक तौर पर एक बड़े बदलाव के लिए तैयार किया जा सके। 2014 में अच्छे दिनों का जुमला भी ऐसा ही एक खेल था, जिसमें उलझ कर जनता ने भाजपा को बहुमत दिया था। यह एक किस्म की मनोवैज्ञानिक रणनीति है, जिसमें एक ही बात को इतनी बार कहा जाए कि फिर उसके होने पर लोग यकीन करने लगें और जब दावे के अनुरूप कुछ न हो, तब भी सवाल पूछने की जरूरत महसूस न हो।

**विचार**

# भाजपा ने राजनीति को सेवा करने का सर्वोत्तम माध्यम बनाया

डॉ. आशीष वशिष्ठ



दे श के राजनीतिक इतिहास में छह अप्रैल का दिन खास अहमियत रखता है। अंधेरा छटेगा, सूरज निकलेगा, कमल खिलेगा ÷ भारतीय जनता पार्टी के पहले अध्यक्ष अटल बिहारी वाजपेयी ने आज ही के दिन, 1980 में यानी 44 साल पहले, पार्टी की स्थापना के समय ये शब्द कहे थे। शायद उन्होंने यह बात पार्टी के कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाने के लिए कही होगी लेकिन उस समय पार्टी कार्यकर्ताओं या फिर विपक्षी दलों में शायद ही किसी ने सोचा होगा कि आने वाले दिनों में अटल जी की बातें सही साबित होंगी। 1984 के लोकसभा चुनाव में केवल दो सीटें हासिल करने से लेकर 2019 के चुनाव में 303 सीटें जीतने वाली भाजपा ने अपने इस शानदार सफर में कई उतार-चढ़ाव भी देखे, बड़े झटके भी खाए और मायूसी भी महसूस की। धरातल पर बदलाव लाने के लिए राजनीति सबसे सशक्त माध्यम है। राजनीति के माध्यम से हम समाज के दबे-कुचले लोगों और उपेक्षित समुदायों को ऊपर उठाते हुए सामाजिक-आर्थिक विषमताओं को दूर करने का भरसक प्रयास कर सकते हैं। एक व्यापक बदलाव लाने का जो कार्य, बड़े से बड़े वेतन वाली प्रतिष्ठित नौकरी करके भी नहीं किया जा सकता है, उसे राजनीति के माध्यम से आसानी से किया जा सकता है। इसी सिद्धांत पर चलते हुए भाजपा ने आरंभ से ही राजनीति को सत्ता की बजाय सेवा का माध्यम माना है। आजादी के बाद के लंबे कालखंड तक भारतीय राजनीति में परिवार और व्यक्ति केंद्रित दलों ने राजनीति को कमाई का जरिया बनाया और सेवा भाव को नदी के जलधारा में प्रवाहित कर दिया। बीच-बीच में केंद्र की सत्ता पर आसीन गैरकांग्रेसी सरकारों ने लोक कल्याण के लिए कुछ करने की सोची तो उन्हें अस्थिर कर दिया गया। 2014 में नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र में पूर्ण बहुमत की एनडीए सरकार का गठन हुआ, तब से तस्वीर में बदलाव आया है। पिछले दस वर्षों में आम आदमी को इस बात का आभास हुआ है कि राजनीतिज्ञ अगर सेवा करने के भाव से राजनीति करें तो कितना बड़ा और व्यापक बदलाव देश और आम आदमी की जिंदगी में

**परिवारवादी दल जो अपने परिवारजनों के विकास और उत्थान में सारी ऊर्जा खपाते हैं, वह राजनीति को सेवा का नहीं, बल्कि मेवा का माध्यम मानते हैं। उनकी डिक्शनरी में परिवार पहले और देश बाद में आता है। तीन मार्च, 2024 को बिहार की राजधानी पटना के गांधी मैदान में जन विश्वास महारैली में इंडी अलायंस की रैली में बोलते हुए राष्ट्रीय जनता दल के प्रमुख लालू प्रसाद यादव ने प्रधानमंत्री मोदी के परिवारवाद वाली टिप्पणी का जवाब देते हुए कहा था कि उनकी कोई संतान नहीं है।**

लाया जा सकता है। भाजपा की रीति-नीति और संकल्पों की डगर पर चलते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने यह साबित कर दिया कि राजनीति सेवा का सबसे सशक्त माध्यम है। परिवारवादी दल जो अपने परिवारजनों के विकास और उत्थान में सारी ऊर्जा खपाते हैं, वह राजनीति को सेवा का नहीं, बल्कि मेवा का माध्यम मानते हैं। उनकी डिक्शनरी में परिवार पहले और देश बाद में आता है। तीन मार्च, 2024 को बिहार की राजधानी पटना के गांधी मैदान में जन विश्वास महारैली में इंडी अलायंस की रैली में बोलते हुए राष्ट्रीय जनता दल के प्रमुख लालू प्रसाद यादव ने प्रधानमंत्री मोदी के परिवारवाद वाली टिप्पणी का जवाब देते हुए कहा था कि उनकी कोई संतान नहीं है। वो पत्नी के साथ नहीं रहते। कैसे जानेंगे कि परिवार क्या होता है? लालू प्रसाद की आपत्तिजनक टिप्पणी के अगले दिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तेलंगाना के आदिलाबाद में जनसभा को संबोधित कर रहे थे तो उन्होंने विपक्ष की ओर से उनके परिवार को लेकर किए गए हमले का परोक्ष रूप से जवाब दिया। प्रधानमंत्री ने कहा, 'मैं इनके परिवारवाद पर सवाल उठाता हूं, तो इन लोगों ने अब बोलना शुरू कर दिया है कि मोदी का कोई परिवार नहीं है। मैं इनसे कहना चाहता हूं कि 140 करोड़ देशवासी मेरा परिवार हैं। जिनका कोई नहीं है, वो भी मोदी के हैं और मोदी उनका है। मेरा भारत ही मेरा परिवार है।' जो दल एक परिवार या व्यक्ति द्वारा द्वारा संचालित हो रहे हैं, उनके लिए परिवार ही सर्वोपरि है। उनकी सारी ऊर्जा परिवार के विकास और कल्याण में ही खर्च होती है। उनके एजेंडे में आम आदमी का विकास और कल्याण अंतिम पायदान पर होता है। प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा की विचारधारा ने भारतीय राजनीति की इसी विचारधारा को पलटने का काम किया है। इसलिए प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा के अन्य नेता कहते हैं कि हमारे लिए नेशन फर्स्ट है। विपक्ष के लिए तो फैमिली फर्स्ट इसे सारा देश अब अनुभव करने लगा है। श्रीमद्भागवत गीता में भगवान श्रीकृष्ण ने भी अर्जुन को राजनीति और कूटनीति के माध्यम से राज्य, धर्म एवं समाज की रक्षा करने के लिए प्रेरित किया है। धर्म के विपरीत आचरण करने वालों और सत्ता, सुख-संपदा, धन-वैभव एवं ऐश्वर्य के लिए जीने वालों को उन्होंने समस्त संसार के लिए विनाशकारी बताया है। इसलिए हमारी राजनीति के विमर्श में लोकमंगल की भावना होना बहुत आवश्यक है। राजनीति को सत्ता पाने का अवसर मानने वाली अनैतिकता ही अस्वस्थ राजनीतिक परंपरा को पोषित करती रहती है। यदि राजनीति की ऊर्जा को ऊर्ध्वगामी बनाया जाए और नैतिकता, मूल्यों एवं आदर्श का समावेश करते हुए सेवाभाव से कार्य किया जाए तो एक स्वस्थ, सक्षम एवं सजग समाज और सशक्त राष्ट्र का निर्माण किया जा सकता है। भाजपा के चाहे दो सांसद रहे हों या 303 भाजपा ने राजनीति को हमेशा सेवा का माध्यम माना। और ये बात उसके चरित्र और आचरण से झलकती भी है। राजनीति का चरित्र-चित्रण, उसके नेतृत्व में प्रतिबिंबित होता है।

## दाग का राग

पिछले साढ़े सात दशक के भारतीय लोकतंत्र में राजनीतिक पराभव के अक्स गाहे-बगाहे उजागर होते रहते हैं। सत्ता के खेल जो विद्रूप न दिखा दें वो कम ही है। सत्ता केंद्रित राजनीति ने भ्रष्टाचार और पाक-साफ होने की अपनी-अपनी परिभाषा गढ़ ली है। कल तक विपक्ष में जो नेता दागदार होते थे, सतारूढ़ दल में शामिल होने के बाद कहा जाता है कि ये दाग अच्छे हैं। सफाई की इस कार्रवाई में निगरानी करने वाली संवैधानिक एजेंसियों की खामोशी भी विचलित करती है। ऐसे तमाम सवाल इस देश के नागरिकों को उद्वेलित करते रहते हैं कि आखिर ऐसा क्या हो जाता है कि दागी नेता सत्ता की धारा में डुबकी लगाकर दूध का धुला घोषित हो जाता है। विपक्षी नेता आरोप लगाते रहे हैं कि सत्तारूढ़ दल को दाग धोने वाली वॉशिंग मशीन बना लिया गया है। जिसके चलते नियामक संस्थाओं से ड्राइक्लीनिंग की चिट हासिल हो जाती है। विपक्ष के ऐसे तमाम आरोपों की तार्किकता हाल में आई एक रिपोर्ट दर्शाती है। जिसमें कहा गया है कि वर्ष 2014 के बाद भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच का सामना कर रहे 25 विपक्षी नेताओं के सत्तारूढ़ दल में शामिल होने के बाद उनमें से 23 को राहत मिल गई है। इनमें से तीन मामले बंद हो गए हैं और बीस की जांच रुकी हुई है। दलील दी जा रही है कि जांच बंद नहीं हुई है, आवश्यकता पड़ने पर कार्रवाई की जाएगी। यूं तो जब ये नेता विपक्ष में होते हैं और जांच एजेंसियां उन पर कार्रवाई करती हैं तो सत्तारूढ़ दल की दलील होती है कि कानून अपना काम करता है। जबकि विपक्षी नेताओं का आरोप रहता है कि यह प्रक्रिया तभी तक चलती है जब तक यह राजनीति से प्रेरित न हो। उल्लेखनीय है कि भाजपा में जो पच्चीस राजनेता शामिल हुए हैं उनमें सभी राजनीतिक दलों के नेता हैं। जिसमें कांग्रेस, राकांपा, शिवसेना, टीएमसी, टीडीपी, एसपी और वाईएसआर कांग्रेस के नेता शामिल हैं। विडंबना है कि राजनीतिक निष्ठा बदलना इन नेताओं के लिये राहतकारी साबित हुआ है। वजह यह कि इन नेताओं से जुड़े बीस मामले ठंडे बस्ते में डाल दिये गए हैं। दलील यह दी जाती है कि मामले बंद नहीं हुए हैं, जरूरत पड़ी तो जांच और कार्रवाई भी होगी। जो विपक्ष के उन आरोपों की पुष्टि करते हैं कि यह कार्रवाई राजनीतिक दुराग्रह के रूप में की जाती रही है। यही वजह है कि दल बदलने का फैसला राहत का रास्ता मान लिया जाता है। ऐसे में आम आदमी के मन में सवाल उठना स्वाभाविक है कि अचानक जांच एजेंसियां निष्क्रिय क्यों हो जाती हैं? क्यों किसी एजेंसी को लेकर अदालत को कहना पड़ता है कि फ्लां एजेंसी पिंजरे में बंद तोता है और मालिक की बोली बोलता है। विपक्ष तो आरोप लगाता रहता है कि केंद्र में सत्ता परिवर्तन के बाद से ईडी और सीबीआई ने मुख्यतरू बड़े राजनेताओं के खिलाफ ही कार्रवाई की है। यही वजह है कि विपक्ष सत्ता पक्ष को ऐसी वॉशिंग मशीन की संज्ञा देता है जिसमें कथित दागों की धुलाई हो जाती है। तब उन्हें कानूनी कार्रवाई का सामना नहीं करना पड़ता। ऐसा भी नहीं है कि तमाम ऐसी कार्रवाई सिर्फ केंद्र में राजग सरकार के दौरान ही हुई हो। यूपीए सरकार के दूसरे कार्यकाल में सपा-बसपा के साथ संबंध सुधरने के बाद सीबीआई ने इन दलों के नेताओं पर लगे भ्रष्टाचार के मामलों में रुख बदल लिया था। इतना ही नहीं, विगत में सरकार बनाने और बहुमत जुटाने के लिये जो निष्ठा बदलने का खेल हुआ, उसके निहितार्थों में एजेंसियों की छाया महसूस होने की बात विपक्ष करता रहा है। यहां तक कि कई दलों के विभाजन के मूल में एजेंसियों की कार्रवाई के भय की भूमिका बतायी जाती रही है। दल-बदल के बाद उन पर चल रहे मामले या तो बंद हो गए या फिर ठंडे बस्ते में डाल दिए गए। वहीं कई ऐसे मामले भी होते हैं जो खुले तो रहते हैं लेकिन उनमें कार्रवाई होती नजर नहीं आती। निश्चिय ही यह स्थिति किसी लोकतंत्र के स्वास्थ्य के लिये शुभ नहीं कही जा सकती।



## राशिफल

**मेष:-** जीविका क्षेत्र में अवरोधों से मन में निराशा संभव। भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति में व्यय अपेक्षित है। नई सफलताओं से खुद की क्षमताओं का एहसास होगा। संतान संबंधी दायित्वों की पूर्ति होगी।

**बृषभ:-** शासन-सत्ता से जुड़े लोगों के साथ निकटता बढ़ेगी। नियोजित परिश्रम द्वारा कार्य पूर्ण होने के आसार बनेंगे। पुराने संबंधों से लाभ होगा।

**मिथुन:-** संबंधों में व्यवहार कुशल बने। सामाजिक एवं मांगलिक कार्यक्रमों में आपकी भागेदारी संभव। निकट संबंधों में अपनी अच्छी छबि बनायें। कुछ महत्वपूर्ण प्रयत्न की सार्थकता से उत्साहित होंगे।

**कर्क:-** विद्यार्थियों के लिए ग्रहों की अनुकूलता लाभप्रद होगी। कुछ महत्वाकांक्षी योजनाएं सार्थक होंगी। नवीन आशाएं नये उत्साह का संचार करेंगी। कार्यक्षेत्र में संबंधों का भरपूर लाभ उठाएंगे।

**सिंह:-** अंतमरुखी स्वभाव को त्याग बाह्यमुखी बनायें। कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओं की पूर्ति होने के आसार हैं। सामान्य दिनर्चया के साथ बीत रहे जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा। घर में खुशहाली रहेगी।

**कन्या:-** पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर सुख की अनुभूति करेंगे। ग्रहों की अनुकूलता से अवरोधित कार्य हल होंगे। शिक्षा में समुचित परिश्रम करने में असमर्थ मन नकारात्मक चिंताओं से बोझिल होगा।

**तुला:-** किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव। पारिवारिक वातावरण में उत्साह का माहौल रहेगा। दुबिधाओं का त्याग कर लक्ष्य पर केंद्रित हों।

**वृश्चिक:-** कुछ महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां मन पर प्रभावी होंगी। घरेलू कायरें में ब्यस्तता बढ़ेगी। परिजनों के भावनात्मक सहयोग से मन उत्साहित होगा।

**धनु:-** कठिन एवं विषम स्थितियों के मध्य परिश्रम व लगन से प्रगति की ओर अग्रसर होंगे। सामाजिक सक्रियता से मान-प्रतिष्ठा में बढ़ेगी। घरेलू दायित्वों की पूर्ति होगी। जीवन साथी के साथ मधुरता कायम रखें।।

**मकर:-** कुछ भौतिक आकांक्षाएं अपनी सार्थकता हेतु मन को उद्वेलित करेंगी। निकट संबंधों में भावनात्मक अपेक्षाएं कष्टकारी हो सकती हैं। गैर सांस्कारिक कायरे की आकर्षित मन पर अंकुश लगायें।

**कुंभ:-** कुछ नई इच्छाएं बलवती होंगी। प्रयासरत् क्षेत्रों में संघर्ष संभव परंतु निराशावादी विचारों को मन में स्थान न दें। किसी बड़े आयोजन हेतु समुचित ऊर्जा की अनुभूति होगी। रोजगार में लाभकारी स्थिति रहेगी।

**मीन:-** नकारात्मक चिंताओ को त्याग अपनी क्षमताओं पर भरोसा करें। नौकरी-पेशे में अधिकारियो व सहकर्मियो के सहयोग से वातावरण सुखद होगा। राजनीति से जुड़े लोगों का सहयोग मिलेगा।

# दुनिया में अब तक का सबसे महंगा होगा 2024 का लोकसभा चुनाव

अंजन रॉय

आ पने भारत के वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और इस साल की शुरुआत में उनके द्वारा पेश किये गये अंतरिम बजट के बारे में जो भी सोचा हो, एक बात आपको माननी ही होगी कि वह एक ईमानदार व्यक्ति हैं। भारत सरकार के लाखों करोड़ रुपये के खर्च की अध्यक्षता करने के बाद, भी वित्त मंत्री ने स्वीकार किया कि उनके पास संसदीय चुनाव लड़ने के लिए पर्याप्त धन नहीं है। दरअसल, भारतीय चुनाव बेहद महंगे हैं और यह आश्चर्य की बात है कि इतने सारे दावेदार इन्हें इतने भव्य तरीके से कैसे लड़ते हैं। चुनावी फंडिंग हमेशा से एक पेंचीदा विषय रहा है और पिछले कुछ वर्षों में इसमें कई उतार-चढ़ाव आये हैं। वास्तव में पैसा कहां से आयेगा? एक समय था जब कॉर्पोरेट योगदान कानूनी थे और कॉर्पोरेट्स से खुले तौर पर और कानूनी रूप से योगदान करने की उम्मीद की जाती थी, इंदिरा गांधी जैसे प्रधानमंत्री ने इसमें अंकुश लगाया था, जिन्होंने राजनीतिक दलों और चुनावों में कॉर्पोरेट योगदान पर प्रतिबंध लगा दिया था। इसके बाद, उनके बेटे राजीव गांधी ने प्रतिबंध हटा दिया। पारदर्शी चुनाव की खोज में अनगिनत प्रस्ताव रखे गये। शीर्ष पंक्ति में से एक



चुनाव के लिए राज्य द्वारा वित्त पोषण था। राजनीतिक दलों द्वारा लूट-खसोट के लिए सरकारी वित्त के दुरुपयोग के डर से इसे तुरंत स्वीकार नहीं किया गया। अब भी, दोनों कम्युनिस्ट पार्टियां ऐसी फंडिंग व्यवस्था के पक्ष में हैं। दोनों वामपंथी दलों को छोड़कर, अधिकांश राजनीतिक दल राजनीतिक फंडिंग को लेकर परेशान रहते हैं क्योंकि वे चोरी-छिपे पैसा कमाने का रास्ता अपनाते हैं। भाजपा जहां एक ओर अवैध धन कमाने की अवधारणा पर हमला कर रही है, वहीं उसने अब असंवैधानिक घोषित चुनावी बांड स्वीकार कर लिया, और हम चुनावी बांड के बारे में जो कुछ भी जानते हैं, उससे तो बांड के माध्यम से चुनावी फंडिंग का रहस्य और भी गहरा हो गया है। एक लॉटरी किंग चुनावी बांड के दानकर्ताओं में सबसे आगे रहा। बांड से मिले धन किसे लाभ पहुंचाते हैं, यह अभी तक स्पष्ट नहीं है। लेकिन

**भाजपा जहां एक ओर अवैध धन कमाने की अवधारणा पर हमला कर रही है, वहीं उसने अब असंवैधानिक घोषित चुनावी बांड स्वीकार कर लिया, और हम चुनावी बांड के बारे में जो कुछ भी जानते हैं, उससे तो बांड के माध्यम से चुनावी फंडिंग का रहस्य और भी गहरा हो गया है। एक लॉटरी किंग चुनावी बांड के दानकर्ताओं में सबसे आगे रहा। बांड से मिले धन किसे लाभ पहुंचाते हैं, यह अभी तक स्पष्ट नहीं है। लेकिन जाहिर है, लाभार्थियों से मेल खाने वाले योगदानकर्ताओं की स्मोकस्क्रीन के तहत, यह अनुमान लगाना अभी भी संभव है कि कौन किस पार्टी को योगदान दे रहा है- यह योगदानकर्ता के प्रमुख संचालन के क्षेत्रों और उस क्षेत्र में प्रमुख पार्टियों के बीच होना चाहिए। इसका कारण यह है कि दक्षिण स्थित लॉटरी किंग को अत्यधिक लोकप्रिय दक्षिणी पार्टियों में से कुछ को लाभ पहुंचाना चाहिए।**

जाहिर है, लाभार्थियों से मेल खाने वाले योगदानकर्ताओं की स्मोकस्क्रीन के तहत, यह अनुमान लगाना अभी भी संभव है कि कौन किस पार्टी को योगदान दे रहा है- यह योगदानकर्ता के प्रमुख संचालन के क्षेत्रों और उस क्षेत्र में प्रमुख पार्टियों के बीच होना चाहिए। इसका कारण यह है कि दक्षिण स्थित लॉटरी किंग को अत्यधिक लोकप्रिय दक्षिणी पार्टियों में से कुछ को लाभ पहुंचाना चाहिए। पूर्व भारत में, बिजली वितरण कंपनी, जो सिटी ऑफ जॉय अर्थात कोलकाता में एकाधिकार का आनंद ले रही थी, उसके वहां के ही राजनीति बॉस को खुश रखने की उम्मीद थी न कि सुदूर उत्तर प्रदेश या छत्तीसगढ़ में। भाजपा के पास बड़ा चुनावी बांड का अधिक हिस्सा जाना कोई आखिरी आश्चर्य भी नहीं है। लेकिन कुछ क्षेत्रीय सरदार भी काफी धन पा सके। एक उदाहरण के रूप में छोटे अंकगणित पर विचार करेंरू भाजपा को देश भर में अपने सहयोगियों के साथ 543 सीटें हासिल करनी हैं और 8250 करोड़ रुपये जुटाने हैं। इसलिए प्रति सीट चुनावी बांड के तहत संग्रह लगभग 16 करोड़ रुपये होगा। यदि यह माना जाये कि भाजपा लगभग 500सीटों पर चुनाव लड़ेगी और शेष सहयोगी दलों के लिए छोड़ देगी तो यह चुनावी बांड की कुल धनराशि उस वास्तविक राशि का एक छोटा सा हिस्सा है जो पार्टी वास्तव में अपने उम्मीदवारों को जिताने के लिए खर्च करेगी।इसी तरह, तृणमूल कांग्रेस ने 1600 करोड़ रुपये जुटाये हैं और उसे लगभग 42 सीटें, प्लसधमाइनस कुछ और सीटें जीतनी हैं। इसलिए प्रतियोगिता के लिए प्रति सीट 38 करोड़ रुपये की सम्मानजनक राशि है, जो एक छोटी पार्टी के लिए बुरा नहीं है। व्यक्तिगत विवरण को छोड़ दें, जो कई लोगों के लिए बहुत सुखद नहीं हो सकता है, भारत में लोकतंत्र का नृत्य एक महंगा मामला है। पश्चिमी गोलार्ध के बाहर किसी भी चीज के प्रति अपने दंभपूर्ण रवैये के बावजूद, लंदन की द इकानॉमिस्ट पत्रिका स्वीकार करती है कि चालू वर्ष का भारतीय आम चुनाव दुनिया का सबसे महंगा चुनाव हो सकता है। अविश्वसनीय रूप से, अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव से भी महंगा। ब्लूमबर्ग के अनुमान के अनुसार, 2019 में पिछले आम चुनाव में लगभग 8.6 बिलियन डॉलर खर्च होने का अनुमान है। मौजूदा चुनाव में लगभग 12 अरब डॉलर खर्च होने का अनुमान लगाया गया है। देश की 3.5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था वाले देश के लिए इस आम चुनाव में खर्च सकल घरेलू उत्पाद का लगभग 0.15 फीसदी ही होगा।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887, Email : samradhinews@gmail.com,
**संपादकीय कार्यालय : 201, 202 द्वितीय तल रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. : 9554964672, 9451244788 फोन नं. 0522-4077632, 3083627**

# ई-कॉमर्स कंपनी के रुपयों में धोखाधड़ी, पांच गिरफ्तार

**शहर कोतवाली, स्वॉट व सर्विलांस की संयुक्त पुलिस टीम ने की कार्यवाही, 216 स्मार्ट टीवी, 6 एसी, 4 वाशिंग मशीन सहित अन्य सामान बरामद**

**महोबा। समृद्धि न्यूज**

जिले में आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता द्वारा पुलिस टीमों को एलर्ट मोड में रहने के निर्देश दिये गये हैं। इसी के तहत अपराधियों पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। शहर कोतवाली पुलिस को सूचना मिली कि कुछ लोग चोरी का, आनलाईन खरीद फरोख्त में फाड करके टीवी मोबाइल इत्यादि का माल इकट्ठा कर बेंचकर धन इकट्ठा करते हैं जो कि महोबा शहर में सक्रिय रूप से क्रियाशील हैं। इस पर उच्चाधिकारियों को सूचित किया गया। घटना के सफल अनावरण के लिए पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी नगर दीपक दुबे के पर्यवेक्षण में शहर कोतवाली व स्वॉट की संयुक्त पुलिस टीमों ने शातिर जालसाज आरोपियों जिनके द्वारा विभिन्न ई-कॉमर्स कम्पनियों अमेजन, फ्लिपकार्ट इत्यादि से करोड़ो रुपयों की धोखा-धड़ी/हेराफेरी कर धनअर्जित किया जाता था। ऐसे आरोपियों को घटना स्थल भिन्न-भिन्न व बरामदगी स्थल रामकथा मार्ग, ग्राम मझलवारा से नियमानुसार गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। आरोपियों के विरुद्ध 406, 419, 420, 467, 468, 471, 411 का अभियोग पंजीकृत किया गया व गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। पूछताछ में गिरफ्तार आरोपियों ने ने बताया कि हम लोग काफी समय से ई-कॉमर्स वेबसाइट



पर जाकर फर्जी नाम पतों से आनलाइन एकाउण्ट बनाते हैं, फिर इन्ही एकाउंट का प्रयोग कर विभिन्न प्रकार के महंगे डिजिटल सामग्री टीवी, एसी, वाशिंग मशीन इत्यादि की खरीदारी की जाती थी। जब हमारे द्वारा किया गया आर्डर हमे प्राप्त हो जाता था तो फिर हम लोग इनको तकनीकी खराबी बताकर आर्डर को रद्द कर देते थे। इस प्रकार रद्द किये गये आर्डर का मूल्य हम लोग के खातों में क्रेडिट हो जाता था।

इस कार्य में हम लोग प्री-एक्टीवेटेड सिम व फर्जी ई-मेल आई.डी. का प्रयोग करते थे। आज हम सब लोग मिलकर इन सभी डिजिटल सामग्री को आपस में बांटने के लिये बैठे थे कि आप लोगों ने पकड़ लिया। पुलिस ने उमाशंकर पुत्र स्व. रामकेश निवासी ग्राम बम्हौरी बेलदारन, अजयपाल पुत्र पन्नालाल निवासी ग्राम नौसारा, लवकेश विश्वकर्मा पुत्र नारायणदास निवासी ग्राम बनियाताला रैपुरा कला महोबा, आकाश अहिरवार पुत्र प्रकाश अहिरवार निवासी बम्हौरी खुर्द, रविंद्र पुत्र मकुंद लाल गुप्ता निवासी मझलवारा को पकड़ा। इनके कब्जे से 216 एलईडी टीवी, 06 एसी, 04 वाशिंग मशीन, 01 लैपटाप, 17 स्मार्ट फोन व 7 की पैड फोन, 01 अदद थम्म मशीन, कुल 240 सिम कार्ड जिसमें 94 सिम अलग अलग धारक चिट बंदी युक्त व 94 सिम व 52 जिओ सिम के रैपर बरामद किए गए। पुलिस के हाथ यह बड़ी सफलता माना जा रहा है।

# अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट बैरियर का किया निरीक्षण

- सीमा क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया, बैरियर चेक पोस्ट पर लगी ड्यूटी को चेककर किया ब्रीफ

**महोबा। समृद्धि न्यूज**



जिले में लोकतंत्र चुनाव के पर्व में किसी प्रकार से कोई अराजकतत्व व्यवधान न पैदा करने पाये इसके लिये पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता द्वारा जिले के प्रत्येक इंट्री प्वाइंट में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है।

जिले को मिली सीएपीएफ की 02 कम्पनियां विभिन्न संवेदनशील स्थानों में पुलिस बल के साथ लगातार भ्रमणशील हैं। पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता द्वारा क्षेत्राधिकारी नगर दीपक दुबे व शहर कोतवाली पुलिस बल के साथ उप्र व मप्र की सीमा पर स्थापित अन्तर्राज्यीय चेक पोस्ट बैरियर-पठा बैरियर का औचक निरीक्षण करते हुए सीमा क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा बैरियर चेक पोस्ट पर लगी ड्यूटी को चैक/ब्रीफ कर सीमा क्षेत्र में सतर्कता एवं सुरक्षा के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। मध्य प्रदेश सीमा से जनपद महोबा में प्रवेश करने वाले संदिग्ध व्यक्ति/वाहनों की सघन चेकिंग करायी गयी, चेकिंग के दौरान सीमावर्ती क्षेत्र में पुलिस की चाक-चौबन्द सुरक्षा का विश्वास दिलाया गया। बता दें कि लोकसभा चुनाव को सकुशल संपन्न कराए जाने को लेकर पुलिस महकमा पूरी तरह चुस्त और दुरुस्त के साथ ही मुस्तैद नजर आ रहा है।

# अग्निशमन केंद्र महोबा की यूनिट ने की त्वरित कार्यवाही

**महोबा। समृद्धि न्यूज**

गर्मी के मौसम में आग की घटनाएं तेजी से बढ़ती है। जिले में आग की घटनाओं और इनसे होने वाली क्षति को रोकने के लिए अग्निशमन विभाग पूरी तरह सक्रिय नजर आ रहा है। जिले में हुए एक अग्निकांड में सक्रियता दिखाते हुए विभाग की टीम ने तत्काल राहत कार्य शुरू किया। अग्मिशमन केंद्र महोबा को सूचना प्राप्त हुई कि नफीश मोहम्मद निवासी तकियापुरा महोबा के घर में रखे गैस सिलेंडर में आग लग गई है । सूचना के आधार पर प्रभारी अग्निशमन अधिकारी देवेश तिवारी फायर टेंडर के साथ मौके पर तत्काल पहुचे। देखा कि घटना स्थल पहुंचने के लिये रास्ता बहुत सकरा है जिस पर अग्निशमन



विभाग का फायर टेंडर मौके पर नहीं पहुंच पा रहा था। घटना की गंभीरता को परखते हुए प्रभारी फायर सर्विस द्वारा तत्काल फायर टेंडर में रखे प्राथमिक अग्निशमन उपकरणों का प्रयोग करके गैस सिलेंडर की आग को पूर्ण रूप से बुझा दिया गया। किसी भी प्रकार की कोई भी जनहानि नहीं होने पायी। स्थानीय लोगों द्वारा अग्निशमन केंद्र महोबा द्वारा की गयी इस त्वरित कार्यवाही की सराहना की गई। इस तरह एक बड़ा हादसा होने से टल गया।

# मतदेय स्थलों पर जाकर डीएम ने लिया व्यवस्थाओं का जायजा

- जिला मजिस्ट्रेट ने मतदेय स्थलों में कमियां मिलने पर अधिकारियों को दूर कराने के दिए निर्देश

**महोबा। समृद्धि न्यूज**

लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराए जाने के क्रम में जिला मजिस्ट्रेट, जिला निर्वाचन अधिकारी मृदुल चौधरी ने विभिन्न मतदेय स्थलों का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने नेहरू इंटर कॉलेज महोबा, डीएवी इंटर कॉलेज, जीजीआईसी इंटर कॉलेज, उच्च प्राथमिक विद्यालय आलमपुरा, पूर्व माध्यमिक विद्यालय संविलियन



बिलबई, आनंद उच्च माध्यमिक विद्यालय बिलबई में बने मतदेय स्थलों की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन को शांतिपूर्ण निष्पक्ष और पारदर्शिता से संपन्न कराने में कोई कसर न रहे। इसके लिए सभी केंद्रों पर संपूर्ण व्यवस्थाएं पूर्व से ही सुनिश्चित करा ली जाए। मतदेय स्थलों पर रोशनी/प्रकाश एवं जनरेटरों की व्यवस्था, सफाई व्यवस्था, शौचालय, कुर्सियां, पंखा, पीने का शुद्ध पानी एवं मेजों की व्यवस्था, रैंप की मरम्मत आदि की व्यवस्था मतदान के पूर्व दुरुस्त कर ली जाएं। उच्च प्राथमिक विद्यालय आलमपुरा में बच्चों के लिए बनाया गया मिड डे मील को जिला निर्वाचन अधिकारी ने चेक किया तथा दाल के स्वाद को चख कर सम्बंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि बच्चों को मेनू के हिसाब से भोजन दिया जाए तथा बच्चों से पढ़ाई के बारे में भी जानकारी ली।

उन्होंने मतदेय स्थलों में छोटी मोटी कमियां मिलने पर संबंधित अधिकारियों को जल्द से जल्द कमियां दूर कराने के निर्देश दिए। इस मौके पर एसडीएम सदर जितेंद्र सिंह, डिप्टी कलेक्टर सविता राजपूत मौजूद रहें।

# याद रखना है कि बीस मई को है लोकतंत्र का महापर्व: डिप्टी कलेक्टर

**सुमेरपुर। समृद्धि न्यूज**

- रैली में शामिल महिलाओं व पुरुषों ने मतदान बढ़ाने के लिए नारे लगाए

क्षेत्र के ग्राम बांकी व बिलहड़ी में स्वीप के अंतर्गत रैली निकालकर मतदान के लिए लोगों को जागरूक किया गया। डिप्टी कलेक्टर ने लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए मतदान करने की शपथ दिलाई।

मतदाता जागरूकता अभियान के तहत गुरुवार को ग्राम बांकी व बिलहड़ी में मजबूत लोकतंत्र सबकी भागीदारी स्वीप कार्यक्रम के तहत रैली निकाली गई। रैली का शुभारंभ डिप्टी कलेक्टर/ प्रभारी बीडीओ शांतुन कुमार सिनसिनवार ने किया। ई-रिक्शा में माइक लगाकर प्रचार प्रसार किया गया। उन्होंने रैली के साथ भ्रमणकर मतदान का प्रतिशत बढाने के लिए लोगों को जागरूक किया। रैली में शामिल महिलाओं व पुरुषों ने मतदान बढ़ाने के लिए नारे लिखी तख्तियां लेकर घूमे और गलियों में माइक से नारे लगाए। जिसमें वोट डालने जाना है,बीस मई को जाना है। सारे काम छोड़ दो,सबसे पहले वोट दो। अपना कर्तव्य निभाएंगे,पहले मतदान कराएंगे।आओं मिलकर अलख जगाएं,शत प्रतिशत मतदान कराएं शामिल रहे। डिप्टी कलक्टर ने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत करने लिए मतदान जरूरी है। इसके बाद रैली में शामिल लोगों को शपथ दिलाई।

## खबरें एक नजर में

### अलविदा जुमा पर स्कूल बंद रखा जाए

**इटावा।** समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष आलोक दीक्षित ने जिला प्रशासन से 5 अप्रैल को अलविदा जुमा के अवसर पर विघालयों में स्थानीय अवकाश घोषित किये जाने की मांग की है, उन्होंने जिलाधिकारी से मांग करते हुए कहा कि प्रदेश के बहुत से जिलों में परषदीय स्कूलों सहित अन्य विघालयों मे अवकाश घोषित कर दिया गया है, अलविदा जुमा अल्पसंख्यक समुदाय का एक बड़ा पर्व है,और जिले मे इस समुदाय की बड़ी आबादी है,परंतु अभी तक प्रशासन द्वारा कोई अवकाश की सूचना नहीं है, उन्होंने जिला प्रशासन से समस्त विघालयों में अविलंब अवकाश घोषित करनें का निवेदन किया है।

### मैच के दौरान मामूली विवाद को लेकर की मारपीट

**इटावा।** थाना बकेवर क्षेत्र के तहत बिजौली में मैच खेलने के दौरान मामूली विवाद को लेकर चाय की दुकान पर बैठे दो युवकों को नामजद पांच लोगों ने मारपीट कर दी। पुलिस ने तहरीर मिलने पर नामजद पांच आरोपियो के विरुद्ध मारपीट समेत अन्य धारा में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। बकेवर थाना क्षेत्र के ग्राम बिजौली निवासी विकास शाक्य पुत्र राजेन्द्र प्रसाद ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देते उसमें बताया है। कि 2 अप्रैल को मैच खेलने के दौरान दो पक्षों में विवाद हो गया था। जिससे दोनों पक्षों में समझौता की बात चल रही थी। लेकिन 3 अप्रैल को करीब 12:15 बजे दोस्त अवनीश खान पुत्र शेर अली निवासी बिजौली के साथ चाय की दुकान पर बैठा था। तभी हिमांशु व प्रशांत पुत्रगण महेश यादव व शिवम पुत्र रमेश यादव निवासी नगला हरी शीलेश पुत्र धर्मेंद्र यादव निवासी गुलाबपुरा व लिचशू उर्फ राम जी मलुपुर किशनपुरा ने लाठी हॉकी से मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ मारपीट समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### आत्महत्या का प्रयास करने के अभियोग में हुई सजा

**महोबा।** पुलिस महानिदेशक उप्र द्वारा चलाये जा रहे अभियान आपरेशन कंविक्शन के तहत पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता के निर्देशन में पुलिस द्वारा गुणवत्तापूर्ण विवेचना तथा अभियोजन द्वारा प्रभावी पैरवी के परिणामस्वरुप एसीजेएम महोबा द्वारा आत्महत्या का प्रयास करने के अभियोग में नामित अभियुक्त को जेल में बितायी गयी अवधि व 500 रुपए के अर्थदंड से दंडित किया गया है। थाना कबरई में पंजीकृत अभियोग धारा 309 से संबंधित अभियुक्त राजकपूर पुत्र भागवली निवासी आजाद नगर कबरई को सजा सुनाई गई है।

### 300 क्विंटल गेहूं के साथ इंगोहटा में शुरू हुई खरीद

**सुमेरपुर।** क्षेत्र के इंगोहटा क्षेत्रीय सहकारी समिति में गुरुवार को गेंहू खरीद की बोहनी हुई। सचिव ने किसान एवं पूर्व ब्लॉक प्रमुख शुभकरण सिंह परिहार को माला पहनाकर व मिठाई खिलाकर स्वागत किया। समिति के सचिव अनिल कुमार गुप्ता ने बताया कि गुरुवार को गेंहू खरीद की शुरुआत हुई है। जिसमे शुभकरण सिंह परिहार का 190 क्विंटल उनकी पत्नी उर्मिला सिंह परिहार का 60 क्विंटल और उनके पुत्र अभय सिंह परिहार का 50 क्विंटल कुल तीन सौ क्विंटल गेहूं खरीदा गया है। सर्व प्रथम गेहूं बेचने पर किसान और पूर्व ब्लॉक प्रमुख शुभकरण सिंह परिहार को माला पहनाकर व मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया।

### पीआरडी जवान को दबंग ने घर जाकर की गाली गलौज

**मौदहा (हमीरपुर)।** अपने काम की मजदूरी मांगने से नाराज दबंग ने पीआरडी जवान को घर जाकर गाली गलौज व जान से मारने की धमकी दी। पीआरडी जवान ने क्षेत्राधिकारी को शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। बिवांर थाना क्षेत्र के ग्राम कुनेहटा निवासी राजन प्लम्बर उर्फ बलबीर पीआरडी का जवान है। साथ ही अतिरिक्त समय में वह प्लम्बर का काम करता है। पीड़ित ने बताया कि उसने कस्बे के इम्तियाज उर्फ बबलू ने उससे काम कराया था। जिसका पैसा नहीं दिया। साथ ही बताया कि उसने फिर से काम करने के लिए बुलाया तो पीड़ित ने पहले अपने पैसे मांगे। जिससे नाराज होकर इम्तियाज ने घर जाकर गाली गलौज करने के साथ ही जाति सूचक शब्दों का प्रयोग कर जान से मारने की धमकी दी।

# कर्ज से परेशान रिक्शा चालक ने जहरीला पदार्थ खाकर दी जान

- साहूकारों का ढाई लाख रुपए और छह बीघा जमीन रखी थी गिरवी

**राठ। समृद्धि न्यूज**

कर्ज में परेशान रिक्शा चालक ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। युवक की मौत पर स्वजनों में कोहराम मचा हुआ है। मुस्करा थाने के इमिलिया गांव निवासी गीता साहू ने बताया कि वह पति 40 वर्षीय महेंद्र साहू व बच्चों के साथ कस्बे के गुलाब नगर लुधियातपुरा मोहल्ले में रहती हैं। वह कस्बे में ई रिक्शा चलाकर परिवार का भरण पोषण करता था। गांव में उसके पति के नाम छह बीघा जमीन थी। जो गिरवी रखी थी। साथ ही साहूकारों का ढाई लाख रुपए कर्ज था। बताया कि कर्ज न चुकने पर पति परेशान रहते थे। कर्ज न चुकने से उसके पति ने घर में जहरीला पदार्थ का खा लिया। स्वजन इलाज के लिए सीएचसी ले गए। जहां चिकित्सक ने मेडिकल कालेज उरई रेफर कर दिया। उरई से झांसी रेफर कर दिया। जहां झांसी में इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक अपने पीछे 14 वर्षीय पुत्री नैंसी, 12 वर्षीय पुत्री निधि व 8 वर्षीय पुत्र अंशु को छोड़ गया है। पति की मौत पर पत्नी गीता और स्वजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

# विद्यालय में हुआ बच्चों के प्रवेश उत्सव का आयोजन

- बच्चों के द्वारा प्रस्तुत किए गए कार्यक्रमों की उपस्थित सभी सदस्यों ने की प्रशंसा

**महोबा। समृद्धि न्यूज**

जिले के कन्या प्राथमिक विद्यालय सुगिरा में वार्षिक उत्सव, प्रवेश उत्सव एवं विदाई समारोह आयोजित किया गया। जिसमें खंड शिक्षा अधिकारी जैतपुर प्रवेश कुमार बाजपेई, संकुल प्रभारी सुभाष चंद्र तिवारी, जैतपुर ब्लॉक अध्यक्ष कृष्ण चंद्र विश्वकर्मा, जिला समन्वयक चंद्रपाल, एआरपी शहजादे तनवीर, शब्बीर, संकुल शिक्षक जयप्रकाश सैनी, सुधीर व्यास आदि उपस्थित रहे। खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। नव प्रवेशित बच्चों का तिलक



कर उनको उपहार देकर उनका स्वागत किया गया। बच्चों के द्वारा प्रस्तुत किए गए कार्यक्रमों की उपस्थित सभी सदस्यों द्वारा प्रशंसा की गई एवं कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए समस्त स्टाफ को बधाई दी गई। प्रधानाध्यापिका नाज़िश अंसारी, सहायक अध्यापिका रूचि गुप्ता, विशाल भारती मिश्रा सहित बड़ी संख्या में बच्चे मौजूद रहे।

# भंडारे का प्रसाद ग्रहण कर की पुण्य लाभ की प्राप्ति

- श्री बजरंगबली सरकार मंदिर में किया गया आयोजन

**महोबा। समृद्धि न्यूज**

जिले में धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन चल रहा है। इसी क्रम में चरखारी विधानसभा के ग्राम जतौरा में स्थित गगोरा मे श्री बजरंग बली सरकार के मंदिर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। आयोजन जनसंदेश टाइम्स ब्यूरो चीफ रामेंद्र प्रताप सिंह द्वारा हर साल इस धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। इस आयोजन में सांसद व एमएलसी सहित सैकड़ों की संख्या में लोगों ने माथा टेक कर भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया और पुण्य लाभ की प्राप्ति की। सुबह से देर शाम तक



भंडारा चलता रहा। इस मौके पर सांसद कुंवर पुष्पेंद्र सिंह चंदेल,जिलाध्यक्ष भाजपा अवधेश गुप्ता, विधान परिषद सदस्य जितेंद्र सिंह सेंगर, कोआपरेटिव बैंक अध्यक्ष चक्रपाणि त्रिपाठी, पूर्व मंत्री सिद्ध गोपाल साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष जेपी अनुरागी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष रमेश यादव ब्लॉक प्रमुख चरखारी सीमा कुशवाहा, पूर्व चैयरमेन मूलचन्द्र अनुरागी, राहुल अग्रवाल, पूर्व चैयरमेन अरविंद सिंह, जिला महामंत्री अमित शर्मा, चैरमेन प्रतिनिधि रामपाल कुशवाहा योगेश मिश्रा नीरज गुप्ता ओमप्रकाश सिंह सेंगर राजकुमारी जयति सिंह बुंदेला पंकज तिवारी युवराज सिंह सेंगर शक्तिराज सिंह सेंगर गुड्डन शुक्ला सुरेंद्र सिंह परमार पंचम सिंह परमार गर्जन सिंह परमार गुड्डू राजा बुंदेला पियूष खरे जोली बुंदेला यादवेंद सिंह सहित सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे। सभी ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण कर मंदिर में माथा टेका।

### दबंगई के बल पर किसान की खेत में खड़ी फ़सल काटी

**हमीरपुर।** किसान ने परिजनों संग गुरुवार को गांव के ही दबंग युवक पर खेत में खड़ी गेहूं और जौ की फ़सल काटने का आरोप लगा जिलाधिकारी को पत्र सौंप न्याय की गुहार लगाई है। बिवांर थाना क्षेत्र के बंडा गांव निवासी परशुराम ने डीएम को दिए पत्र में आरोप लगाते हुए कहा कि गाटा संख्या 70 मि0 रकबा 0.461 हेक्टेयर कृषि भूमि है जिस पर गेहूं जौ की फसल बोई थी। जो पककर काटने को तैयार थी गांव के ही दबंग संजय सिंह ने एक दर्जन असलहाधारियों के साथ उसकी फसल को हार्वेस्टर से बीते बुधवार की रात में कटवा ली। बताया कि इस मौके पर उसका भतीजा राहुल मौजूद था। जिसे उक्त लोगों द्वारा मौके से भगा दिया गया।



### पुलिस ने तीन दहेज हत्यारोपी किये गिरफ्तार

**इटावा।** अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस उप महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा संजय कुमार के पर्यवेक्षण में थाना इकदिल पुलिस ने दहेज के लिये हत्या करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार किया। वादी बृजेन्द्र कुमार पुत्र निवासी ग्राम लालपुरा समसपुर भरथना ने थाना इकदिल पर तहरीरी सूचना दी कि वादी के जीजा अरुण कुमार पुत्र रविन्द्र सिंह व उसके परिजनों द्वारा अतिरिक्त दहेज की मांग पुरी न होने पर वादी की बहन सोनम की मारपीट कर हत्या कर दी गयी। थाना इकदिल पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चैकिंग की जा रही थी इसी दौरान प्राप्त आपराधिक अभिसूचना के आधार पर पुलिस टीम द्वारा मुकदमा उपरोक्त में वांछित आरोपियों अरुण कुमार उर्फ बन्टू पुत्र रविन्द्र सिंह, रविन्द्र सिंह पुत्र विन्दावन व शकुन्तला पत्नी रविन्द्र सिंह निवासी ग्राम नगला दलप थाना इकदिल को बिरारी ओवर ब्रिज के पास से गिरफ्तार किया गया। इस सफलता में थाना प्रभारी इकदिल भीमसेन पौनियां, उपनिरीक्षक लोकेश कुमार सैनी, का. विकास बंसल, का. राजकुमार, म.का. मंजू देवी का सराहनीय योगदान रहा।

# सीबीएसई इटावा डिस्ट्रिक्ट ट्रेनिंग कोऑर्डिनेटर बने डॉ. कैलाश यादव

**इटावा। समृद्धि न्यूज**

आपको बता दें कि सीबीएसई द्वारा शैक्षणिक व्यवस्था को सर्वोत्तम बनाने हेतु शिक्षण कार्य से संबंधित सभी क्षेत्रों पर कार्य किया जा रहे हैं । इसी कड़ी में शिक्षकों की गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए तथा शिक्षण कार्य के तरीके को बताने के लिए समय-समय पर सीबीएसई द्वारा शिक्षकों की ट्रेनिंग कराई जाती है तथा इन ट्रेंनिंगों के माध्यम से शिक्षक पढ़ाई से संबंधित सभी बारीकियां समझकर अपने शिक्षण कार्य में कुशल बनते हैं तथा बच्चों के मनोविज्ञान को समझकर उसके सर्वांगीण विकास हेतु अपने सामर्थ्य के अनुसार प्रयास करते हैं। ट्रेनिंग की इस व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने हेतु सीबीएसई द्वारा



प्रत्येक जिले में डिस्ट्रिक्ट ट्रेनिंग कोऑर्डिनेटर की नियुक्ति की गई है । सीबीएसई कोऑर्डिनेटर जिले में सभी सीबीएसई विद्यालयों से संपर्क कर एवं सबके बीच आपसी तालमेल बैठाकर ट्रेनिंग के विभिन्न बिंदुओं पर अलग-अलग विद्यालयों में ट्रेंनिंगों को कराना सुनिश्चित करेंगे। इस हेतु प्रत्येक जिले में डिस्ट्रिक्ट ट्रेनिंग कोऑर्डिनेटर की नियुक्ति की गई है। इटावा जिले में यह जिम्मेदारी डॉक्टर कैलाश चंद्र यादव प्रधानाचार्य को मिली है। तथा सह जिला ट्रेनिंग कोऑर्डिनेटर श्री कमल कुमार जी प्रधानाचार्य सुदिति ग्लोबल अकैडमी को बनाया गया है। इस अवसर पर बात करते हुए प्रधानाचार्य कैलाश चंद्र यादव ने कहा कि वे शिक्षा की गुणवत्ता के लिए प्रारंभ से ही समर्पित है तथा हर वह प्रयास करते हैं जिससे बच्चे का सर्वांगीण विकास हो सके । सीबीएसई द्वारा इस तरह के कार्यक्रमों का कराया जाना एक बहुत ही अच्छी पहल है। जिससे शिक्षक तो गुणवान बनेंगे ही विद्यालय की व्यवस्थाएं सुधरेंगी तथा बच्चों का सर्वांगीण विकास भी होगा। उनकी उपलब्धि पर नगर के संभ्रांत जनों ने उन्हें शुभकामनाएं दी और आशा व्यक्त की कि वे सभी सीबीएसई स्कूलों में परस्पर सहयोग की भावना पैदा कर सीबीएसई द्वारा दी गई जिम्मेदारी को समर्पित होकर के निभाएंगे तथा यह प्रयास करेंगे कि शिक्षकों की शिक्षण शैली की गुणवत्ता बढ़े जो बच्चों और संस्थाओं के लिए लाभप्रद हो।

**वक्तव्य** — बच्चे ही देश की सच्ची धरोहर है व यही देश का भविष्य है : प्रबंधक

# माही पब्लिक स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित

**इटावा। समृद्धि न्यूज**

कस्बा बकेवर स्थित इटावा रोड पर माही पब्लिक स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम वितरित किया गया। जिसमें सर्वप्रथम मुख्य अतिथि गोपाल मोहन शर्मा पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा ने सर्वप्रथम माँ सरस्वती के चित्र पर पूजन कर माँ के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया व स्कूल में प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त करने बाले छात्र छात्रों को अंक पत्र व शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया। इसके पश्चात संस्था के प्रबंधक दीपक चौहान ने मुख्य अतिथि श्री शर्मा का माल्यार्पण कर




छात्रो को अंकपत्र व शील्ड प्रदान करते गोपाल मोहन शर्मा।

स्वागत किया। श्री शर्मा ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि बच्चे ही देश की सच्ची धरोहर है व यही देश का भविष्य है यही होनहार छात्र छात्रा देश को आगे भविष्य मैं तरक्की की नयी राह पर ले जाएंगे। उन्होंने छात्र छात्रों के अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि आप और बच्चों के अध्यापक मिलकर बच्चों के सुनहरे भविष्य की संरचना करने मैं अहम भूमिका निभाने मैं एक दूसरे का सहयोग करें जिससे आगे चलकर यही बच्चे देश को तरक्की की ओर ले जा सके।

इस मौके पर संस्था के प्रधानाचार्य राजकुमार चौहान व उप प्रधानाचार्य सी वी अवस्थि ने कक्षा मैं स्थान प्राप्त किए हुए बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि जिन छात्रों का इस वर्श कक्षा मैं स्थान आया है वो बधाई के पात्र है उन सभी को बहुत बहुत शुभकामनायें और आशीर्वाद व जिन छात्रों का इस वर्श स्थान नहीं लगा है वो निराश ना हों और पूरे लगन व परिश्रम से अगले वर्श के लिए मेहनत करें जिससे अगले वर्श वो भी अपना स्थान प्राप्त कर सके।

वानी वर्मा ने स्कूल मैं प्रथम स्थान व एंजल ने स्कूल मैं द्वितीय स्थान प्राप्त कर स्कूल व अपने अभिभावकों का नाम रोशन किया। इस परीक्षा परिणाम को सफल बनाने मैं अध्यापक संजय मिश्रा, दुर्गेश चौबे,प्रवीण कुमार, दीप चंद्र पाल, अध्यापिका शालिनी मिश्रा, वन्दना, दीक्षा शर्मा, प्रिया त्रिपाठी, दीक्षा त्रिपाठी, अनुष्का चौहान, का सराहनीय योगदान रहा।

# डीएम ने श्रावस्ती-बलरामपुर कॉमन एयरपोर्ट के विस्तार कार्य का लिया जायजा

- प्रशासनिक अधिकारियों संग किया निरीक्षण
- श्रावस्ती-बलरामपुर एयरपोर्ट के विस्तार के लिए राजस्व ग्राम बगाही व एलहवा में शीघ्र चालू होगा भूमि का अधिग्रहण कार्य



**बलरामपुर। समृद्धि न्यूज**

**गुरूवार को** डीएम अरविन्द सिंह ने प्रशासनिक अधिकारियों संग श्रावस्ती-बलरामपुर एयरपोर्ट के विस्तार कार्य के प्रगति का जायजा लेने के लिए ग्राम बगाही में पहुंचकर निरीक्षण किया। बताते चलें कि एयरपोर्ट के विस्तार के लिए अथक प्रयास के बाद बीते सोमवार को बजट प्राप्त हो गया। बजट मिलने के बाद जिलाधिकारी ने एयरपोर्ट के विस्तारीकरण के प्रोजेक्ट पर युद्धस्तर पर कार्य करने के निर्देश दिए। कृषकों से सहमति के आधार पर बैनामे की सहमति प्राप्त करने की कार्यवाही पहले ही पूर्ण हो चुकी है और अब बैनामे का कार्य शुरू होने जा रहा है। बैनामे का कार्य शीघ्र शुरू कराने को लेकर जिलाधिकारी ने जिम्मेदार अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे समस्त आवश्यक कागजी कार्यवाही पूर्ण कराते हुए कृषकों से बैनामा शुरू करा दें तथा यह सुनिश्चित करें कि जिस प्रकार विश्व विद्यालय निर्माण के लिए कृषकों से बैनामे के मात्र 48 घन्टे के अन्दर उनके बैंक खातों में धनराशि पहुंच गई थी, उसी प्रकार एयरपोर्ट विस्तारीकरण के लिए जिन कृषकों से जमीन का बैनामा लिया जाये उन सभी के बैंक खाते में प्रत्येक दशा में 48 घन्टे के अन्दर बिना किसी बिलम्ब के राशि पहुंचाना सुनिश्चित करायें।

बताते चलें कि एयरपोर्ट के विस्तारीकरण को लेकर पहले ही माइक्रो लेवल की प्लानिंग बनाई जा चुकी थी, सिर्फ बजट का इंतजार था। बजट मिलने के बाद जिलाधिकारी ने ग्राम बगाही एवं एलहवा में पहुंचकर एयरपोर्ट विस्तारीकरण के लिए चिन्हित एक-एक गाटे का निरीक्षण कर जानकारी ली। हालांकि विगत माह 10 मार्च को एयरपोर्ट का लोकार्पण हो चुका है और हवाई सेवा चालू भी हो गई है। गौरतलब है कि रीजनल कनेक्टिविटी स्कीम (उड़ान)के तहत प्रदेश के पांच जनपदों में अलीगढ़, आजमगढ़, मुरादाबाद, चित्रकूट और श्रावस्ती को इस योजना से जोड़ते हुए सस्ती उड़ान सेवाएं शुरू की गई है। यह सभी उड़ानें लखनऊ अमौसी एयरपोर्ट से कनेक्ट की गई हैं। उड्डयन विभाग एवं जिला प्रशासन के संयुक्त सामन्जस्य से श्रावस्ती एयरपोर्ट का विस्तार जनपद बलरामपुर में किये जाने का निर्णय हुआ जिसके क्रम में श्रावस्ती-बलरामपुर कॉमन एयरपोर्ट के विस्तारीकरण के लिए जनवरी माह में कुल 267 हेक्टेयर भूमि चिन्हित की गई थी जिसमें से 40.5 हेक्टेयर का क्षेत्र जनपद बलरामपुर में पड़ रहा है। भूमि अधिग्रहण में आने वाले सभी मकानों एवं पेड़ो का मूल्यांकन करते हुए खातेदारों से बैनामा कराए जाने की प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है जिसमें पीडब्ल्यूडी की सड़कों का भी मूल्यांकन एवं सड़क के लिए जगह भी चिन्हित किया जाना शामिल है।

बताते चलें कि श्रावस्ती-बलरामपुर कॉमन एयरपोर्ट चालू हो जाने से जहां एक ओर बौद्ध तपोस्थली आने वाले पर्यटकों व अनुयायियों को हवाई सेवा मिलेगी वहीं प्रसिद्ध शक्तिपीठ देवीपाटन मन्दिर आने वाले श्रद्धालुओं को भी हवाई सेवा का लाभ मिल सकेगा। विदित हो कि यहां 39 वर्ष पूर्व हवाई पट्टी निर्माण के लिए स्वीकृति प्रदान की गई थी। इस पर 19 सीटर छोटे विमान को उतारने की तैयारी थी। बाद में इस एयरपट्टी को एयर पोर्ट में परिवर्तित कर दिया। इसी के बाद हवाई पट्टी को एयरपोर्ट स्तर पर तैयार किया जाने लगा। इसके तहत नए टर्मिनल भवन सहित एयरपोर्ट की बिजली व्यवस्था, अग्निशमन विभाग के भवन, सुरक्षा के लिए पुलिस चौकी की स्थापना का कार्य पूरा कराया गया। साथ ही भारतीय विमानन सेवा के अधिकारियों के अनुरूप उपकरणों की खरीद भी की गई। अब इसे अंतिम रूप देने के लिए भूमि अधिग्रहण के लिए किसानों की सहमति लेते हुए भूमि को बैनामा कराने का काम शुरू कराया जा रहा है। श्रावस्ती एयरपोर्ट का बलरामपुर में विस्तार होने से जनपद में धार्मिक पर्यटन को वृहद स्तर पर बढ़ावा मिलेगा तथा होटल इत्यादि निर्माण के साथ विकास के नये द्वार भी खुलेगें।

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया ईवीएम एवं वीवीपैटी स्ट्रांग रूम का निरीक्षण, दिए आवश्यक दिशा निर्देश

- जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को दी सुविधा पोर्टल की जानकारी, सुविधा पोर्टल पर ऑनलाइन नामांकन के साथ-साथ रैली, सभा आदि की भी परमिशन कर सकते हैं प्राप्त



**बलरामपुर। समृद्धि न्यूज**

लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 एवं गैसड़ी उपचुनाव के दृष्टिगत कलेक्ट्रेट परिसर में ईवीएम एवं वीवीपैट स्ट्रांग रूम का त्रैमासिक निरीक्षण जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद सिंह द्वारा समस्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा सीसीटीवी कंट्रोल रूम, सुरक्षा व्यवस्था साहित समस्त व्यवस्थाओं को देखा गया एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस दौरान समस्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि ईवीएम एवं वीवीपैट स्ट्रांग रूम की सभी व्यवस्थाओं से संतुष्ट दिखे। इस मौके पर जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सिंह द्वारा सभी राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों को सुविधा पोर्टल के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रत्याशियों को यह सुविधा प्रदान की गई है कि वह अपना नामांकन ऑनलाइन माध्यम से भी कर सकते हैं। जो प्रत्याशी ऑनलाइन पद्धति से नामांकन करना चाहते हैं वह सुविधा पोर्टल पर जाकर नामांकन पत्र भरकर उसका प्रिंट निकाल कर प्रारूप- 1 में रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा निर्गत सूचना में इंगित स्थान पर नामांकन दाखिल कर सकते हैं। जमानत धनराशि को भी ऑनलाइन जमा करने की सुविधा प्रदान की गई है। इसके साथ ही साथ सुविधा पोर्टल पर राजनीतिक पार्टियों के प्रत्याशी चुनाव में प्रचार प्रसार के लिए रैली,सभा करने, वाहनों का संचालन, हेलीपैड, लाउडस्पीकर आदि के लिए ऑनलाइन आवेदन करके परमिशन प्राप्त कर सकते हैं। इस अवसर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व प्रदीप कुमार व समस्त राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# अयोध्या में पर्यटन की काफी संभावनाएं: ऋषिराज

- अविवि के छात्र छात्राओं ने जानी अयोध्या विकास से जुड़ी परियोजनाएं



**अयोध्या। समृद्धि न्यूज**

**डॉ0 राममनोहर** लोहिया अवध विश्वविद्यालय के आईईटी संस्थान के एमसीए विभाग में बृहस्पतिवार को जिले के मुख्य विकास अधिकारी ऋषिराज ने शिक्षकों एवं छात्र छात्राओं को अयोध्या विकास से जुड़े परियोजनाओं की विस्तृत जानकारी दी।उन्होंने बताया कि अयोध्या में पर्यटन की काफी संभावनाएं बढ़ी है।अयोध्या के विकास के साथ आम जनमानस को आर्थिक सहायता मिल सके। इस दिशा में कार्य तेजी से किया जा रहा है।कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि अयोध्या में प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के बाद पर्यटकों की संख्या में काफी इजाफा हुआ है।यहां के निवासियों को रोजगार से जोड़ने के लिए कैब बुकिंग व अन्य पर्यटन के लिए ऐप डेवलपमेंट, वेबसाइट डेवलपमेंट और डिजिटल मार्केटिंग पर कार्य हो रहा है।अंत में उन्होंने छात्रों को सरकार की महिला सशक्तिकरण योजना से परिचित कराते हुए टेक्नोलॉजी से जोड़ने के लिए प्रोत्साहित किया।कार्यक्रम में आईईटी संस्थान के निदेशक प्रो0 राजीव गौड़ ने बताया कि अयोध्या में रोजगार की असीम संभावनाएं है।तकनीकी छात्रों को पर्यटन के दृष्टिगत एप विकसित करने की दिशा में कार्य करना होगा।कार्यक्रम में अतिथि का स्वागत डॉ0 मनीष सिंह द्वारा किया गया।कार्यक्रम का संयोजन एमसीए विभागाध्यक्ष डॉ0 बृजेश भारद्वाज और शिक्षक हर्षित सिंह द्वारा किया जाएगा।इस अवसर पर विभाग के शिक्षक एवं छात्र छात्राएं मौजूद रही।

## शॉर्ट सर्किट से घर का सामान जला

**जालौन (उरई)।** सूने घर में शॉर्ट सर्किट से आग लगने से घर में रखा गृहस्थी का सामान जलकर राख हुआ। पीड़िता ने आग की सूचना एसडीएम को दी है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम छिरिया सलेमपुर निवासी मजदूर महिला माया देवी पत्नी महेंद्र सिंह गुरूवार को अपनी बहुओं के साथ खेतों पर कटाई के लिए गई थी। सूने घर में ताला लगा था। इसी दौरान शॉर्ट सर्किट होने से अचानक उनके घर में आग लग गई। कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। ग्रामीणों ने तालाब के पानी से आग बुझाने का प्रयास किया और गृहस्वामिनी को सूचना दी। जब तक वह घर पहुंची तब तक घर में रखा टीवी, कूलर, पंखा, दो क्विंटल मटर, दो क्विंटल गेंहू समेत खाने पीने का अन्य सामान व कपड़े आदि जलकर राख हो चुके थे। ग्रामीणों ने करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

# सीएचसी गैंडास बुजुर्ग का सीएमओ ने किया निरीक्षण

**उतरौला (बलरामपुर)।** बृहस्पतिवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर डॉ मुकेश कुमार रस्तोगी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गैंडास बुजुर्ग का निरीक्षण किया। निरीक्षण में चिकित्सक समेत कुल सात कर्मी अनुपस्थित पाए गए। अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र डॉ शोएब अहमद भी अनुपस्थित पाए गए सीएमओ ने अधीक्षक को फोन किया तो पता चला की वह आवशक कार्य हेतु लखनऊ गए हैं। डॉ विजय प्रताप सिंह, डॉ नूरी खान , डॉ दीपक , सी बी सिंह यूडीसी, अर्चना सिंह,नीलम स्टाफ नर्स अनुपस्थित पाए गए।सभी अनुपस्थित पाए गए कर्मियों का वेतन रोकने का आदेश मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर ने दिया। सीएमओ ने निर्देशित किया कि किसी भी मरीज को बाहर से ना कोई दवा लिखी जाए और ना ही कोई जांच कराई जाए , उन्होंने यह भी कहा की सभी मेडिकल और पैरामेडिकल स्टाफ निर्धारित ड्रेस कोड में ही ड्यूटी पर उपस्थित हो। उन्होंने कहा की जो भी गर्भवती महिलाएं प्रसव हेतु चिकित्सालय आ रही हैं, उन्हें जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत जो सेवाएं और सुविधाएं द्वारा प्रदान की जानी है सुनिश्चित किया जाए कि उन्हें वह निशुल्क प्राप्त हो। प्रसूता महिलाओं को जननी सुरक्षा योजना के अंतर्गत प्राप्त होने वाली चौदह सौ रुपए की धनराशि यथाशीघ्र उनके बैंक खाते में स्थानांतरित करने की व्यवस्था सुनिश्चित किया जाए, साथ ही बच्चों का जन्म प्रमाण पत्र 48 घंटे के अंदर लाभार्थियों को देने की भी व्यवस्था किया जाए।

## खबरें एक नजर में

### डूमरडीहा गांव में पानी की तलाश में सूखे कुएं में गिरा चीतल, कड़ी मशक्कत के बाद कुएं से बाहर निकाला गया



**दुद्धी सोनभद्र।** स्थानीय वन रेंज के डूमरडीहा गांव में पानी की तलास में जंगल से भटककर एक चीतल आबादी वाले क्षेत्र में बने कुएं में गिर गया।ग्रामीणों की सूचना पर काफी देर बाद मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने ग्रामीणों की मदद से घायल चीतल को कड़ी मशक्कत के बाद कुएं से बाहर निकाला। सूखे कुएं में गिरने के कारण चीतल को काफी चोट लगी थी। चीतल की हालत गंभीर देखते हुए इलाज के लिए वन विभाग की टीम पशु चिकित्सालय ले गई। वन दरोगा ने बताया की बीती रात चीतल जंगल से भटकते हुए आबादी वाले गांव डुमरडीहा गांव में एक सूखे कुएं में गिर गया था। आज सुबह ग्रामीणों द्वारा जानकारी दी गई जिसके बाद वन विभाग की टीम वहा पहुंची और ग्रामीणों की मदद से घायल चीतल को बाहर निकाला गया तथा इलाज करने के बाद उसे हाथीनाला के जंगल में उक्त चीतल को छोड़ दिया गया।

### एक्सईएन के नेतृत्व में बड़े बकायेदारों के प्रतिष्ठानों में छापामार कार्रवाई

**कालपी (जालौन)।** उप्र पावर कारपोरेशन के निर्देश पर विद्युत विभाग के अधिकारियों तथा कर्मचारियों की टीम के साथ अधिशासी अभियंता महेंद्र नाथ भारती ने बड़े बकायेदार उपभोक्ताओं के प्रतिष्ठानो तथा कनेक्शन धारियों के संयोजन की चेकिंग तथा वसूली अभियान चलाया गया। इस दौरान दो दर्जन से अधिक बकायेदार उपभोक्ताओं के संयोजन विच्छेद करने की कार्रवाई की गई। गुरुवार को चेकिंग अभियान के दौरान अधिशासी अभियंता ने बताया कि विद्युत देय राशि की वसूली करने के लिए विभाग गंभीर है। उन्होंने कहा कि आज पावरलूम के बड़े उपभोक्ताओं को चेकिंग अभियान के राडार में लेकर प्रतिष्ठानो की हकीकत परखी गई। कालपी के उप खंड अधिकारी आदर्श राज,अवर अभियंता जितेंद्र कुमार वर्मा, गठित विभागीय टीम ने चिन्हित बड़े बकायेदारों के आवासों तथा प्रतिष्ठानों में चेकिंग की तथा बकाया विद्युत देय राशि को जमा करने के लिए अभियान चलाया। उपखंड अधिकारी आदर्श राज के मुताबिक चिन्हित बकायेदारों के संयोजनों को विच्छेद करने की कार्रवाई की गई है। अधिशासी अभियंता ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि अपने-अपने विद्युत बिलों की धनराशि को समय से जमा करके अनावश्यक परेशानी से बचें। विभागीय सूत्रों के मुताबिक टरनंनगंज, राम चबूतरा, हरीगंज महमूदपुरा, बड़ा बाजार आदि मुहल्लों में वसूली अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान विभाग के द्वारा चार लाख से अधिक राजस्व वसूली की गई। रिंकू पोरवाल दिलीप कुमार, फहमीद खान,अजय कुमार निगम आदि लाइन मैन तथा कर्मचारी अभियान में जुटे रहे।

### विवाहिता ने ससुरालीजनों पर लगाया मारपीट कर घर से निकालने का आरोप

**कालपी (जालौन)।** विवाहिता ने ससुरालियों पर कार न देने पर उसे मारपीट कर घर से निकाल देने का आरोप लगाया है। उसने इस आशय का शिकायती पत्र कोतवाली पुलिस को दिया है। नगर के मुहल्ला दमदमा निवासी सलीम की पुत्री मुस्कान उर्फ जिकरा फातिमा ने कोतवाली पुलिस को दिए शिकायती पत्र के माध्यम से अवगत कराया है कि उसकी शादी वर्ष 2021 में कोंच नगर के मुहल्ला भगतसिंह नगर निवासी हसीन अहमद पुत्र सहीम के साथ हुई थी जिसमे उसके पिता ने अपेक्षित दहेज दिया था लेकिन उन्होंने कुछ माह तक ठीक ठाक रखा लेकिन पुत्र के होने के बाद उनका रवैया बदल गया था और पति सास, देवर तथा उसकी ननद आये दिन बात बात पर मारपीट करने लगे और उसका सम्पूर्ण जेवरात छीन लिया और कहा कि उसने अपनी पुत्री की शादी में कार दी थी लेकिन तुम्हारे मायके पक्ष ने नही दी है और इसी बात पर उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया तब से वह मायके में रह रही है और अभी कुछ दिनों पहले परामर्श केन्द्र में सुलह समझौता हुआ था जिसमें पुत्र के पालन पोषण के लिए खर्च देने पर बातचीत हुई थी लेकिन गत दिनों ससुर सहीम ने कहा कि वह पुलिस के समझौते को नहीं मानते है जिसके चलते अब उसने ससुरालीजनों पर दहेज प्रताड़ना संबंधित शिकायती पत्र पुलिस को सौंपा है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक कामता प्रसाद के अनुसार मामले की जांच की जा रही है। अगर मामला सही निकला तो नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

### परीक्षा देने जा रही छात्राओं को ट्रैक्टर ने मारी टक्कर, गंभीर हालत में किया रेफर

**कालपी (जालौन)।** बाइक से महेवा स्थित इंटर कॉलेज में परीक्षा देने जा रही छात्राओं को अनियंत्रित ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी। जिससे दोनों छात्राएं घायल हो गयीं। जिनमे से एक को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया वहीं दूसरी छात्रा की हालत गम्भीर होने पर जिला अस्पताल के लिए रिफर कर दिया गया है। घटना गुरुवार सुबह 9 बजे की है जब तहसील क्षेत्र के ग्राम कुटरा निवासिनी 15 वर्षीया प्रियंका पुत्री कैलाश व 13 वर्षीया पूनम पुत्री अशोक बाइक पर सवार होकर महेवा स्थित गुलजारी सिंह मदारी सिंह इंटर कॉलेज में क्रमशः नवीं व ग्यारहवीं की रसायन विज्ञान की परीक्षा देने जा रही थीं। तभी हर्रायपुर मोड़ पर सामने से तेज रफ्तार में आ रहे एक अनियंत्रित ट्रैक्टर ने छात्राओं को टक्कर मार दी। जिससे दोनों घायल हो गयीं। सूचना पर मौके पर पहुँची पुलिस ने एम्बुलेंस के माध्यम से घायल छात्राओं को सीएचसी में भर्ती कराया, वहीं दुर्घटना करने वाले ट्रैक्टर को ज्ञानभारती चौकी में खड़ा करा दिया। वहीं सीएचसी में पूनम को उपचार के उपरांत घर भेज दिया गया व दूसरी छात्रा प्रियंका की हालत गम्भीर होने पर जिला अस्पताल के लिए रिफर कर दिया गया।

### विवाहिता ने मारपीट का लगाया आरोप, रिपोर्ट दर्ज

**जालौन (उरई)।** पति व ससुरालीजन विवाहिता के साथ गाली, गलौज व मारपीट कर छोड़ देने की धमकी देते हैं। पीड़िता के भाई ने मामले की तहरीर कोतवाली में दी है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की। एट थाना क्षेत्र के ग्राम पिंडारी निवासी अनीस पुत्र बिल्लन ने पुलिस को बताया कि उसने अपनी बहिन की शादी लगभग 10 वर्ष पूर्व मोहल्ला शाहगंज निवासी शखावत के पुत्र इसराइल के साथ की थी। शादी के बाद कुछ समय तक तो सब ठीक रहा। इसके बाद ससुरालियों ने बहिन को प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। उसे आए दिन किसी न किसी बात को लेकर गाली, गलौंज करते और उसके साथ मारपीट करते हैं। जिसके चलते वह मानसिक रूप से काफी परेशान है। अब ससुराल के लोग बहिन को ससुराल से मायके ले जाने की बात करने लगे है। जब उन्हें इसकी जानकारी हुई तो उसने बहिन की ससुराल जानकर उन्हें समझाने की कोशिश की।

# रेणुकूट निवासी अशोक सिंह को मिला न्याय

- स्थाई लोक अदालत के हस्तक्षेप पर बीमा कंपनी ने 305295 रूपये का चेक दिया

**सोनभद्र। समृद्धि न्यूज**

**राबर्ट्सगंज** कचहरी परिसर स्थित एडीआर भवन में संचालित स्थाई लोक अदालत ने बुधवार को सुलह समझौता के आधार पर बीमा कंपनी से वादी रेणुकूट निवासी अशोक सिंह को 305295 रूपये की धनराशि का चेक दिलवाया। करीब 10 माह बाद स्थायी लोक अदालत के हस्तक्षेप पर यह सफलता मिली। बता दें कि पिपरी थाना क्षेत्र स्थित रेणुकूट निवासिनी वादी अशोक सिंह ने वर्ष 2022 में बीमा कंपनी के द्वारा बताए गए फायदे से प्रभावित होकर परिवार का बीमा कराया था। 25 सितंबर 2022 को अस्वस्थ्य होने पर वाराणसी के एक निजी अस्पताल में अपना दवा इलाज कराया । वादी ने अस्पताल को हेल्थ बीमा पालिसी की कापी कैशलेस इलाज हेतु दिया। जब अस्पताल की रिपोर्टिंग हुई तो बीमा कंपनी की ओर से यह आश्वासन दिया गया कि दवा इलाज की रसीद उपलब्ध कराने के एक सप्ताह बाद पैसा रिफंड हो जाएगा। लेकिन कोई पैसा रिफंड नहीं हुआ।पुनः तबियत खराब हो गई। 4 अक्तूबर 2022 को पुनः वाराणसी अस्पताल में भर्ती हुआ। बावजूद इसके बीमा कंपनी ने कोई भुगतान नहीं किया। इस वजह से वादी अशोक सिंह ने 17 जून 2023 को स्थाई लोक अदालत में मुकदमा दायर किया था। जिसमें बीमा कंपनी की तरफ से सुलह समझौता के आधार पर मामले का निस्तारण करते हुए वादी अशोक सिंह को स्थाई लोक अदालत अध्यक्ष नरेंद्र बहादुर प्रसाद द्वारा 305295 रूपये का चेक दिया गया। स्थायी लोक अदालत के अध्यक्ष नरेंद्र बहादुर प्रसाद ने बताया कि जनहित सेवाओं से संबंधित मामले जैसे बिजली, पानी, अस्पताल, परिवहन, बीमा, शिक्षा, डाक, नगर पालिका आदि के मुकदमें बगैर किसी कोर्ट फीस के देखे जाते हैं। इस अवसर पर स्थाई लोक अदालत के सदस्य नीरज सिंह, आशीष मिश्रा, दीपन, ओपी तिवारी,अधिवक्ता अनिल सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# वार्षिकोत्सव में स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर श्रोताओं को किया मंत्रमुग्ध

**उतरौला (बलरामपुर)। समृद्धि न्यूज**




**शिक्षा** क्षेत्र रेहरा बाजार के बाबू आर पी वर्मा एजूकेशन एकेडमी घासीपोखरा मे वार्षिकोत्सव मनाया । समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर प्रबंधक बनवारी लाल वर्मा उपस्थित रहे । वार्षिकोत्सव में स्कूली बच्चों ने एक से बढ़ कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रमों से वहां मौजूद लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया.।विद्यालय के प्रबंधक बनवारी लाल वर्मा के संयोजन में आयोजित उक्त कार्यक्रम को दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत किया गया।. रंगारंग सांस्कृति कार्यक्रम में छात्र व छात्राओं ने एक से बढ़कर एक आकर्षक प्रस्तुतियां देकर कार्यक्रम को बहुत ही यादगार बना दिया. छात्र-छात्रा ने एकल नृत्य और सामूहिक नृत्य करके दर्शकों का मन लुभाया. कई छात्र - छात्राओं ने ड्रामा, नाटक प्रस्तुत करके समाज के लोगों को जागरूक किया. पर्यावरण, पेड़ की अंधाधुंध कटाई से हानि, हिंदू मुस्लिम एकता, देशभक्तों की वीरता, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ जैसे संदेश संगीत और नाटक के माध्यम से छात्र - छात्राओं, छोटे छोटे बच्चों ने दिया. कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने प्रतिभावान बच्चों को पुरस्कृत भी किया. छात्रों के अभिभावकगण और क्षेत्र के कई गणमान्य व्यक्ति कार्यक्रम को देखने के लिए समारोह स्थल पर पहुंचे और आनंद उठाया। प्रबंधक बनवारी लाल वर्मा ने कहा कि बच्चों को अच्छा नागरिक बनाने में माता-पिता के बाद शिक्षण संस्थानों का अहम योगदान होता है. शिक्षकों को बच्चों को संस्कारवान बनाने के लिए गुणवत्ता पूर्वक शिक्षा देनी चाहिए. शिक्षा के साथ-साथ छात्रों के व्यक्तित्व विकास के लिए इस तरह की सांस्कृतिक गतिविधि समय-समय पर होते रहना चाहिए. छात्रों को अपने जीवन में उच्च लक्ष्य निर्धारित जरूर करना चाहिए और उस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए मेहनत अति आवश्यक है।

वार्षिकोत्सव के प्रोग्राम के अंत में सभी बच्चों को पूरुस्कार दिया गया।तथा विद्यालय के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले प्रथम,द्वितीय, तृतीय बच्चों को पुरुस्कार देकर प्रबन्धक बनवारी लाल वर्मा के द्वारा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गयी।इस अवसर पर कृष कुमार,एच पी वर्मा, ज्ञानप्रकाश वर्मा, विवेक, राजकुमार, नितिन, जनकराम, अम्रेन्द्र आदि बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# शासनादेशों को ठेंगा दिखाकर विभागीय दायित्व को पूरा करते हैं बीएसए

**उरई (जालौन)। समृद्धि न्यूज**

**दो सार्गिदों की सहमति मिलने के बाद बीएसए उठाते हैं अगला कदम**

**उरई। बेसिक शिक्षा अधिकारी ने कार्यालय में अपने दो विश्वासपात्र शार्गिद बना रखे हैं। चाहे विद्यालयों की नवीन मान्यता का मामला हो या फिर शिक्षकों के वेतन आहरण पर लगी रोक का विषय हो या फिर शिक्षकों की समस्याओं से जुड़ा मुद्दा हो। बीएसए की कलम तभी चलती है जब दोनों में किसी एक शार्गिद की ओर से ग्रीन सिग्नल मिलने का इशारा हो जाता है। ऐसे दोनों शार्गिदों की शिक्षकों के बीच में भी चर्चाओं का बाजार गर्म बना हुआ है। नाम न छापने की शर्त पर कई शिक्षकों ने बताया कि इस मामले में भी बीएसए चतुराई से काम ले रहे हैं। पहले वरीयता क्रम में एक शार्गिद है जबकि दूसरे शार्गिद को दूसरे वरीयता क्रम में रखा गया है। इससे साफसमझा जा सकता है कि मलाई में से घी कौन निकाल रहा है और खली में से तेल निकालकर कौन पी रहा है।**

**जिला** बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा जिस तरह से नियमों को ताक पर रखकर कार्य किया जा रहा है उससे यह सिद्ध होता प्रतीत होता है कि समय-समय पर शासन द्वारा निर्गत शासनादेशों एवं नियमों के विपरीत कार्य करने में ही ज्यादा रुचि रखते हैं। फिर चाहे वह प्राइमरी व जूनियर प्राइवेट विद्यालयों को मान्यता देने से जुड़ा हो या फिर शिक्षकों की समस्याओं से जुड़ा विषय हो। हर मामले में कार्यालय के दो विश्वासपात्रों की शरण में जाना ही होगा। आपको बताते चलें कि शासन द्वारा एआरपी व एसआरपी के चयन हेतु कुछ बनाये थे उसके अनुसार ही चयन होना चाहिये था। जिसमें यह भी प्राविधान था कि शिक्षण कार्य में निपुण शिक्षकों से ही विज्ञापन के माध्यम से प्रार्थना पत्र आमंत्रित कर उनकी परीक्षा आयोजित करायी जायेगी ताकि परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों का चयन समिति के माध्यम से साक्षात्मकार से गुजरना पड़ेगा और वरीयता क्रम के अनुसार चयन किया जायेगा तब कहीं जाकर उस चयनित सूची को मुख्य विकास अधिकारी से अनुमोदन लेना होगा। चयन प्रकिया में यह भी प्राविधान किया गया है कि जिस एआरपी या एसआरपी अपने पद से त्यागपत्र देगा उसे पुनः प्रतिस्थापित नहीं किया जायेगा। इतना ही नहीं वह पुनः आवेदन करने का कतई अधिकार नहीं होगा। लेकिन बेसिक शिक्षा अधिकारी ने अपने आदेश सं. 8111-18 दिनांक 2 फरवरी 2024 को एआरपी पद पर एक शिक्षक को मनोनीत करने का खेला कर दिया। जबकि एआरपी पद के लिये मनोनयन का कोई भी प्राविधान है ही नहीं।

मजे की बात तो यह है कि उनके द्वारा जारी पत्र में यह भी उदघृत किया गया कि मुख्य विकास अधिकारी द्वारा अनुमोदन प्राप्त किया गया है। जबकि न तो रिक्त पदो के लिये कोई विज्ञापन जारी किया गया और न ही किसी शिक्षकों से प्रार्थना पत्र मांगे गये और न ही परीक्षा संपादित करायी गयी और न ही साक्षात्कार हुआ ऐसे में चयन सूची बनने का तो कोई मतलब ही नहीं रह जाता ऐसे स्थिति में अनुमोदन करना निश्चित रूप से संदेह के घेरे में आ जाता है। बेसिक शिक्षा विभाग में एआरपी बने शिक्षक की कितनी मजबूत पकड़ है कि पिछले दिनों ही कदौरा विकासखंड में आयोजित संगोष्ठी का संचालन डकोर विकासखंड में एआरपी का दायित्व संभालने वाला ही करता नजर आया तो संगोष्ठी में उपस्थित शिक्षकों के बीच में चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया। सवाल यह उठता है कि बेसिक शिक्षा अधिकारी जिस तरीके से शासनादेशों की धज्जियां उड़ाकर कार्य को सफाई के साथ अंजाम तक पहुंचा रहे हैं उसको देखते हुये यह कहना मुश्किल न होगा कि विभाग में सब कुछ ठीकठाक नहीं चल रहा है। ऐसे प्रकरणों की यदि जनपद के आला अधिकारी उच्च स्तरीय जांच करा लें तो सारे प्रकरण से पर्दा उठ सकता है।

# बुढ़ेरा के जंगल में लगी आग, फायर ब्रिगेड कर्मियों ने आग पर पाया काबू

- जंगल के आसपास लहलहाती फसलों पर भी संकट गहराया

**रामपुरा (जालौन)। समृद्धि न्यूज**

**विकास खण्ड** क्षेत्र के ग्राम बुढ़ेरा के पास जंगल में अचानक अज्ञात कारणों के चलते भीषण आग लग गई। स्थानीय पुलिस व फायर बिग्रेड के कर्मचारियों द्वारा किया बुझाने का प्रयास। ग्राम बुढ़ेरा के पास खेतों के पीछे जंगल में गुरुवार को दोपहर 3 बजे के लगभग अचानक आग लग गई। जंगल में आग की लपटों को उठती देख जानवरों को चरा रहे चरवाहों ने आग की सूचना स्थानीय पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर जंगल की आग बुझाने के काम में जुट गये। पुलिस द्वारा फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। फायर ब्रिगेड की गाड़ी व कर्मचारियों भी मौके पर पहुंच गये। जंगल में अंदर आग लगी होने के कारण दमकल विभाग की गाड़ी बमुश्किल पहुंचकर आग बुझाने के काम में जुट गई। जंगल में आग दायर ज्यादा होने के कारण आग बुझाने में काफी परेशानी के चलते फायर ब्रिगेड की दूसरी गाड़ी भी मौके पर पहुंचकर आग बुझाने के काम मे जुट गई। जंगल के निकल किसानों के खेतों में खड़ी फसल पर वही आग का संकट गहरा गया हैं। आग की खबर पाकर ग्रामीणों भी अपने खेतों की तरफ पहुंच गये। लगातार आग बुझाने का प्रयास करने पर आग पर काबू पाया गया। आग लगने की वजह अभी स्पष्ट नहीं हो सकी हैं। आग से 30 बीघा के लगभग जंगल जलकर खाक हो गया। आग को बुझा लिया गया हैं। मौके पर थाना प्रभारी अर्जुन सिंह मय हमराह व दमकल विभाग की दो गाड़ी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# यूनिफॉर्म पहन कर आएं अधिवक्ता: प्रभारी जिला जज

छिबरामऊ। समृद्धि न्यूज

**बार एसोसिएशन का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न**

**तहसील** परिसर में हुए बार एसोसिएशन के शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि प्रभारी जनपद एवं सत्र न्यायाधीश लोकेश वरुण ने कहा अधिवक्ता यूनिफॉर्म पहन कर आएं। बहुत अच्छा रहे अगर बार एसोसिएशन नए अधिवक्ताओं को यूनिफॉर्म उपलब्ध कराए और इससे मिले पैसे का उपयोग लाइब्रेरी में किताबें बढ़ाने के लिए करे।

उन्होंने कहा यहां पर इंफ्रास्ट्रक्चर की प्रॉब्लम खत्म हो रही है जल्दी ही कई कोर्ट बन रही हैं। इससे वादों की संख्या में कमी आएगी। उन्होंने कहा जितनी जिम्मेदारी बेंच की है उतनी ही अधिवक्ताओं की भी है। आपसी सहयोग से मिल बैठकर समस्याएं निपटाएं। सीनियर एडवोकेट का सम्मान करें और महिला अधिवक्ताओं का भी ध्यान रखें। उन्हें साथ लेकर चलें। यहां के दोनों न्यायिक अधिकारियों का कार्य अच्छा है। सीजेएम धर्मवीर सिंह ने कहा हम सभी न्यायिक अधिकारी, अधिवक्ता व पुलिस एक ही परिवार के सदस्य हैं। वादकारियों को समय से त्वरित न्याय प्राप्त कराएं। विशिष्ट अतिथि बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के सदस्य अंकज मिश्रा ने कहा हमारे इंस्टीट्यूशन की सुरक्षा आवश्यक है। न्याय और विधि एक दूसरे के पूरक हैं। हम अनुशासन बनाए रखें तो बहुत कुछ मिल सकता है। इसके अलावा पूर्व अध्यक्ष जयवीर सिंह यादव, पूर्व अध्यक्ष शिवराम सिंह चौहान व कन्नौज के वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश कुमार भट्टाचार्य आदि ने भी विचार व्यक्त किए। नवनिर्वाचित अध्यक्ष अरविंद सिंह राठौर ने सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा संघर्ष व सामंजस्य से ही लक्ष्य की प्राप्ति होती है। हम संघर्ष नहीं बल्कि सामंजस्य से कार्य करते हैं। हमारा हड़ताल में कोई विश्वास नहीं है। हम वादकारी हित में ज्यादा से ज्यादा काम करेंगे। इससे पूर्व मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि ने सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सैयद मोहम्मद आमिर रिजवी एडवोकेट के संचालन में हुए कार्यक्रम में एसीजेएम शालिनी रस्तोगी, सिविल जज जूनियर डिवीजन अनूप उपाध्याय, एसडीएम उमाकांत तिवारी, सीओ ओंकार नाथ शर्मा व पालिकाध्यक्ष मनोज दुबे सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे। बार एसोसिएशन के निम्नलिखित पदाधिकारियों को मुख्य अतिथि प्रभारी जनपद एवं सत्र न्यायाधीश लोकेश वरुण ने शपथ ग्रहण कराई। अध्यक्ष अरविंद सिंह राठौर, महासचिव ललित प्रताप सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष बादाम सिंह कुशवाहा उपाध्यक्ष द्वितीय भैया लाल वर्मा व धीरज कुमार तिवारी, कोषाध्यक्ष मो. मुफीद खान, संयुक्त सचिव प्रशासन रवि मिश्रा, संयुक्त सचिव प्रसारण अभिषेक दुबे, संयुक्त सचिव पुस्तकालय सुमनलता शाक्य, वरिष्ठ प्रशासनिक सदस्य मुकेश चंद पांडेय, जेके शाक्य, नेमसिंह यादव, बालेशचंद्र चतुर्वेदी, अरुण शेखर तिवारी व निखिलेश कुमार द्विवेदी, प्रशासनिक सदस्य कनिष्ठ अवध किशोर यादव, अनुराग त्रिपाठी, नंदकिशोर शाक्य, सचिन प्रताप, शुभम त्रिपाठी व शिवम शुक्ला।



# पुलिस ने कच्ची शराब व उपकरणों सहित दो को पकड़ा

गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज

**पुलिस अधीक्षक** के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक एवं सीओ सदर के पर्यवेक्षण में कोतवाली पुलिस द्वारा अवैध रूप से कच्ची शराब का कारोबार करने वाले लोगों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत छापेमारी की। जहां से दो लोगों के पास से भारी मात्रा में कच्ची शराब एवं बनाने के उपकरण बरामद करते हुए हिरासत में ले लिया। आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को शकुशल कराए जाने के दृष्टिगत उच्चाधिकारियों के निर्देशन एवं प्रभारी निरीक्षक जयप्रकाश शर्मा के नेतृत्व में कोतवाली के उप निरीक्षक राजेश प्रताप सिंह ने हमराह सिपहियों अशोक कुमार, आदेश कुमार, विपुल कुमार के साथ बुधवार को मुखबिर की सूचना पर ग्राम खाडेदेवर स्थित गिहार बस्ती में छापेमारी की। जहां दो लोगों को रंगे हाथ कच्ची शराब को उतारते समय हिरासत में ले लिया। पुलिस ने मौके से 20 लीटर कच्ची शराब एवं बनाने के उपकरण बरामद करते हुए 100 लीटर लहन को नष्ट किया। पुलिस हिरासत में आरोपियों ने अपना नाम संजय गिहार पुत्र नेकसे गिहार, धर्मेंद्र उर्फ अउआ पुत्र नंगा गिहार निवासीगण ग्राम खाडेदेवर बताया है। कोतवाली पुलिस द्वारा आरोपियों के विरुद्ध आपकारी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की गई है।



पुलिस हिरासत में मौजूद आरोपी — समृद्धि न्यूज

# खबरें चलते-चलते

## दोस्तों संग ईशन नदी नहाने गया किशोर डूबा

**तिर्वा।** ईशन नदी में नहाने गया एक किशोर गोता लगाने के बाद बाहर नहीं निकल सका। देर शाम तक ग्रामीण व पुलिस उसकी तलाश में जुटी रही। गोताखोरों की भी पुलिस मदद ले रही है। पर खबर लिखे जाने तक किशोर का पता नहीं चल सका था। इंदरगढ़ थाना क्षेत्र के भोरामऊ गांव निवासी आशू (14) पुत्र शिशुपाल जाटव अपने दोस्तों के साथ गांव के निकट निकली ईशन नदी शाम 04 बजे के करीब नहाने के लिए गया था। तीनों दोस्त नदी में नहाने के लिए उतर गए। इसी दौरान आशू ने नदी के तेज बहाव के मध्य गोता लगाया। जिसके बाद वह ऊपर वापस नहीं आया। कुछ देर इंतजार करने के बाद उसके दोस्तों ने चीख-पुखार शुरू की। इसपर आसपास के खेतों में काम करने वाले किसान नदी की ओर दौड़े। कुछ ग्रामीणों ने नदी में उतरकर आशू को तलाशने का प्रयास किया। न मिलने पर इंदरगढ़ पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने आसपास के गोताखोरो की मदद से उसे तलाशने का अभियान शुरू करा दिया है। देर शाम तक आशू का पता नहीं चल सका है।

## गैंगेस्टर के आरोपी पर धारा 82 की कार्रवाई

**तिर्वा।** गैंगस्टर एक्ट के तहत दर्ज एक मुकदमे में काफी समय से फरार चल रहे नामजद अभियुक्त के खिलाफ न्यायालय ने सीआरपीसी की धारा 82 के तहत आदेश जारी किया है। पुलिस ने उसके पैतृक आवास पर जाकर न्यायालय का नोटिस चस्पा किया है। तिर्वा कोतवाली प्रभारी जयंती प्रसाद गंगवार ने बताया कि कोतवाली में अवधेश उर्फ टिंकू पुत्र मलिखान सिंह निवासी ग्राम जगतपुर थाना बेवर जनपद मैनपुरी के खिलाफ अपराध संख्या 147/23 के तहत गैंगस्टर का मुकदमा दर्ज है। यह अभियुक्त काफी समय से फरार चल रहा है। न्यायालय के आदेश पर उसके पैतृक आवास पर नोटिस चस्पा किया गया है।

## चोरी की घटना का खुलासा करते हुए अभियुक्तों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**छिबरामऊ कन्नौज।** पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द द्वारा अपराध एंव अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक संसार सिंह के कुशल निर्देशन में व क्षेत्राधिकारी छिबरामऊ ओमकार नाथ शर्मा के निकट पर्यवेक्षण में व प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र प्रताप सिंह के नेतृत्व मे तालग्राम तिराहे व सौरिख तिराहे के मध्य 01 महिला अभियुक्ता को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार शुदा महिला अभियुक्ता को जेल भेजा गया।

## वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**छिबरामऊ कन्नौज।** पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द द्वारा अपराध एंव अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक डॉ0 संसार सिंह के कुशल निर्देशन में व क्षेत्राधिकारी छिबरामऊ ओमकार नाथ शर्मा के निकट पर्यवेक्षण में व प्र0नि0 जितेन्द्र प्रताप सिंह के कुशल नेतृत्व में छिबरामऊ पुलिस टीम द्वारा एक वारण्टी अभियुक्त- इलियास पुत्र शेर खाँ निवासी खोजीपुर थाना छिबरामऊ जनपद कन्नौज को गिरफ्तार कर जेल भेजा।

## हमतों का बरकतों का महीना है रमजान: नवाजिश अंसारी



**छिबरामऊ कन्नौज।** माहे रमजान के अवसर पर किसान नेट व समाजसेवी ने क्षेत्र के रोजगारों सहित क्षेत्रीय जनता को मुस्लिम धर्म के पवित्र माहे रमजान की मुबारकबाद दी गुरुवार को नगर के मोहल्ला जिला पुरी स्टेट आवास पर समाजसेवी नवाजिश अंसारी ने कहा कि रमजान माह में अल्लाह ताला रोजगारों पर रहमतों का बरकतों की बारिश करता है इस महीने में अमीर गरीब सभी को रोजा रखना चाहिए क्योंकि रोजा रखने से अल्लाह ताला को सोता है और रोजगारों को रोजी में बरकतों को बारिश करता है उन्होंने आगे कहा कि रमजान का पवित्र महीना आपको हर तरह की बुराई अप और गलत ख्याल से दूर रहने का हुक्म देता है यह महीना मां की शुद्धि के लिए होता है कहां की हमारे बीच कई जरूरतमंद लोग मौजूद हैं जिनके पास खाद्य समिति वह नापने के लिए कपड़ा तक मौजूद नहीं है अगर इस महीने में इंसान अपनी जरूरत और पैसों को कुछ काम कर ले और यही रकम जरूरतमंदों को दे दे तो यह उनके लिए बेहद हाजरा और ऊपर वाले की मेहरबानी का जरिया बनेगा

## प्रदेश सचिव युवा को फोन किया गया और पैसे की मांग की मना किया तो अपने आवास पर धमकी देकर बुलाया घर

**छिबरामऊ कन्नौज।** भारतीय किसान यूनियन (बलराज) के प्रदेश सचिव (युवा) को एक व्यक्ति द्वारा निरंतर गुंडा टैक्स की मांग की जा रही थी जिसके मना करने के बावजूद पर आज प्रदेश सचिव युवा को फोन किया गया और पैसे की मांग की मना किया तो अपने आवास पर धमकी देकर बुलाया गया घर पहुंचने पर हमारे पदाधिकारी को खड़ा रखा गया और खुद कुर्सी पर बैठ कर धमकी देता रहा ज्यादा कहने पर तुझे और तेरे प्रदेश अध्यक्ष को भी मैं देख लूंगा और जब चाहूंगा तब खत्म कर दूंगा गुंडा टैक्स तो देना पड़ेगा जो वाक्या हुए इस कृत्य को लेकर आप सभी हमारे पदाधिकारी संयम के साथ किसी से कोई भी गलत भासा का प्रयोग न करे हम एक बैठक करेंगे और उसके उच्चाधिकारियों से वार्ता कर जिन। लोगो ने ये कृत्य किया है उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई कराई जाएगी प्रदेश अध्यक्ष इस तरह भारतीय किसान यूनियन (बलराज) के पदाधिकारी को प्रताणित कर गुण्डा टेक्स बसूला जा रहा है और प्ंदेश अध्यक्ष चौधरी अवधेश सिंह के लिए भी अपशब्दों का प्रयोग किया गया है जिसकी घोर निन्दा की जाती है प्ंदेश मीडिया प्रभारी एवं प्रभारी उत्तर प्रदेश संतोष पाठक भारतीय किसान यूनियन (बलराज।

# किसान मक्का की फसल को फाल आर्मी वर्म से बचाएं: डा. कनौजिया

जलालाबाद, समृद्धि न्यूज

**जनपद में** ग्रीष्मकालीन मक्का की खेती बड़े पैमाने पर की जा रही है। परंतु कीट लगने के कारण उत्पादन प्रभावित होता है जिससे किसानों को भरी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। अनौगी स्थित कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ वी.के. कनौजिया, वैज्ञानिक डॉ. अरविंद कुमार, डॉ अमर सिंह तथा अमरेन्द्र यादव ने कृषकों की मक्का फसल के अवलोकन के समय फाल आर्मी वर्म नामक कीट का प्रकोप पाया है। वैज्ञानिकों ने किसानों को सलाह दी कि वह अपने खेतों का निरीक्षण करते रहें तथा इस कीट का प्रकोप होते ही विभिन्न उपाय में से कोई उचित तरीका अपनाएं।

डॉ कनौजिया ने बताया कि यह अमेरिकी कीट है जो वर्ष 2018 में कर्नाटक में पहली बार देखा गया और धीरे-धीरे बढ़कर पूरे देश में मक्का की फसल को सबसे अधिक नुकसान पहुंचता है। मक्का न मिलने पर ज्वार व बाजार की खेती वाले क्षेत्रों में नुकसान करता है। इस कीट के वयस्क पतंगे 100 किलोमीटर दूर तक उड़ सकते हैं। इसकी एक मादा पूरे जीवन काल में 1000 से अधिक अंडे देती है जिससे 4 से 6 दिन में लारवा जन्म लेकर पौधों की पत्तियां को नुकसान करना प्रारंभ कर देते हैं। इन लारवों का विकास 14 से 18 दिन में पूर्ण हो जाता है और यदि इनका प्रबंधन नहीं किया गया तो ये बहुत अधिक नुकसान करतें हैं ।वैज्ञानिकों का कहना है कि फसल की प्रारंभिक अवस्था में 5 प्रतिशत पौधों पर कीट दिखते ही नीम आधारित कीटनाशक की 5 मिली मात्रा प्रति लीटर पानी की दर से छिड़काव किया जाना चाहिए। अथवा बेसिलस थुरिनजेंसिस 2 मिली प्रति लीटर पानी की दर से अथवा मेटारिजियम 5 ग्राम प्रति लीटर की पानी से प्रयोग कर सकते हैं। जब खेत में आक्रमण 10त्न से अधिक हो तो ऐसी स्थिति में रासायनो का प्रयोग किया जाना उचित होगा। इसके लिए थायोमेथाक्जम + लैंबडा साईहेलोथ्रीन 250 मिली/हे. अथवा क्लोरेंट्रानिलिप्रोपायल 400 मिली प्रति हेक्टेयर अथवा स्पाइनटोरम 500 प्रति हेक्टेयर की दर से छिड़काव किया जाना चाहिए। समय से प्रबंध न किए जाने की स्थिति में यह कीट बहुत अधिक नुकसान कर सकता है।



खेत में किसान को कीट से बचाव की जानकारी देते वैज्ञानिक

# डंफर की टक्कर से बाइक सवार बुजुर्ग की मौत, साथी घायल

**इंदरगढ़ थाना क्षेत्र के हरौलपुर्वा गांव के निकट बुधवार की देर रात हुआ हादसा**

तिर्वा। समृद्धि न्यूज

**इंदरगढ़ थाना** क्षेत्र के हरौलपुर्वा गांव के मोड़ के पास तिर्वा-बेला मार्ग पर बुधवार की देर रात बाइक से जा रहे दो लोग को डंफर ने रौंद दिया। जिससे एक बुजुर्ग की मौके पर ही मौत हो गई। दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। डंफर चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। औरैया जिले के सहार थाना क्षेत्र के बारू कोलासर गांव निवासी जसवंत सिंह (60) पुत्र झब्बूलाल बुधवार की दोपहर बाइक से अपने गांव के ही पंकज पुत्र हनुमंत सिंह के साथ इंदरगढ़ थाना क्षेत्र के चंदुआहार गांव में चल रही भागवत कथा के भण्डारे में शामिल होने आए थे। देर रात दोनो बाइक से वापस अपने गांव लौट रहे थे। हरौलपुर्वा गांव के मोड़ के पास पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार डंफर ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में जसवंत की मौके पर मौत हो गई। पंकज गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे को देख आसपास के लोगों ने एम्बुलेंस को सूचना दी। पंकज को एम्बुलेंस की मदद से मेडिकल कॉलेज के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया। जहां उसका उपचार चल रहा है। इंदरगढ़ थानाध्यक्ष ने बताया कि मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। फरार डंफर को पकड़ने के लिए पुलिस जांच पड़ताल में जुटी है।

# भाजयुमो की आगामी कार्यक्रम को बैठक संपन्न

छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज

**भाजयुमो** जिला अध्यक्ष अभिमन्यु सिंह की अध्यक्षता में कन्नौज की दो विधानसभा में बैठक संपन्न हुई जिसमें मुख्य अतिथि लोकसभा प्रवासी युवा प्रदेश मंत्री सौरभ भूषण शर्मा रहे छिबरामऊ विधानसभा की बैठक तालग्राम तिराहा पर स्थित कार्यालय पर हुई। जिसमें सौरभ भूषण शर्मा ने बताया युवा मोर्चा को आगामी दिनों में पूरे एक जुटता के साथ लगाना है आगामी दिनों में मंडल तक बैठक करके प्रत्येक मंडल में युवा चौपाल आयोजित होनी हैं और बाइक रैली करनी हैं और युवाओं से जनसंपर्क करना है विशिष्ट अथिति चेयरमैन मनोज दुबे एवं युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष अभिमन्यु सिंह ने कहा पूरा युवा मोर्चा तैयार है और सभी कार्यक्रमों को युवा सफल बनायेंगे इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष मोनू चौहान,जिला मीडिया प्रभारी व्योम शुक्ला,ज़िला महामंत्री शिल्पी भारती,जिला मंत्री राहुल पाल मण्डल अध्यक्ष आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे कन्नौज विधानसभा की बैठक सांसद कार्यालय पर संपन्न हुई जिसमें मुख्य अथिति सौरभ भूषण शर्मा ने आगामी कार्यक्रमों के बारे में कबताया जिसमें जिला अध्यक्ष अभिमन्यु सिंह ,जिला उपाध्यक्ष मंगलम पांडेय,ऋषभ मिश्रा,प्रदीप कश्यप,समुद्र श्रीवास्तव आदि मण्डल अध्यक्ष एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।



## रंगदारी वसूली के खिलाफ कोतवाली में दिया प्रार्थना पत्र

**छिबरामऊ कन्नौज।** कोतवाली में टावर संचालक चंदन पुत्र रामजीत राम निवासी बनबारी नगर छिबरामऊ का रहने वाला हूं और टावर का टेक्नीशियन के कार्य पर हूं विवेक यादव निवासी आवास विकास निकट फर्रुखाबाद चौराहा छिबरामऊ जो सुपरवाइजर की नौकरी करता हूं - विवेक यादव ने मुझे फोन करके बुलाया मैंने कहा में काम में व्यस्त हूं का वास्ता देते हुए मना किया तो धमकी देकर अपने आवास पर बुलाया जब मैं बैठने लगा तो जाति सूचक गाली देकर कहा कि तेरी औकात मेरे बराबर बैठने की है मैं खड़ा हो गया और कहा भैया आपने मुझे क्यों बुलाया है तो विवेक यादव ने कहा कि तूने अभी तक पैसे नहीं दिए मैंने निवेदन किया कि मैं किस बात के पैसे दूंगा तो कहने लगा कि मेरे क्षेत्र में टावर चलाएगा तो तुझे 20000 हजार रुपए देना होगा मैंने नम्रता पूर्वक कहां की आप 1000, 5 00 रुपए ले लो इतना पैसा मेरे पास कहां से आया तो जाति सूचक गाली देते हुए कहा कि साले जब तक रुपए नहीं देगा तब तक तू यहां से जा नहीं सकता है यदि रुपए नहीं देगा तो जान से मार दूंगा।

# त्यौहारों पर शांति व्यवस्था बनाये रखने में सहयोग करें: सीओ

**पीस कमेटी की बैठक में सीओ सदर ने नागरिकों से मांगे सुझाव**

गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज

**चैत्र नवरात्रि** एवं ईद व अम्बेडकर जयंती से पूर्व कोतवाली परिसर में सदर क्षेत्राधिकारी की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान उन्होंने मौजूद धर्मगुरूओं व नागरिकों से त्योहारों को आपसी भाईचारे व सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाए जाने की अपील करते हुये सुझाव मांगे।

गुरूवार को स्थानीय कोतवाली परिसर में आयोजित पीस कमेटी की बैठक में पहुंचे सदर क्षेत्राधिकारी कमलेश कुमार ने संबोधित करते हुए कहा कि आदर्श चुनाव आचार संहिता के चलते स्थानीय मस्जिद में ईद की नमाज को दो शिफ्टों में कराया जाए और सड़क पर नमाज ना पढ़ी जाए। ईद के दिन सफाई व्यवस्था को दुरूस्त कराया जाये और सुअरों को बाडे में बंद रखा जाये। अम्बेडकर जयंती के जुलूस में 10 फिट से अधिक डीजे साउन्ड न लगाये जायें। परम्परागत त्योहारों पर पूर्व की परमीशन के आधार पर ही परमीशन दी जाये। इसके उपरांत उन्होंने मौजूद लोगों से सुझाव मांगे जिसपर मौजूद लोगों नें सभी त्योहारों को अमन चैन से मनानें का भरोसा दिलाया। इस दौरान कोतवाली प्रभारी जेपी शर्मा, कस्बा प्रभारी रोबिन सिंह, उपनिरीक्षक विनय शर्मा, राहुल पाल सिंह, चन्द्रभान सिंह, राजेश प्रताप सिंह, नीरज शर्मा सहित महंत पं. रामसागर पाण्डेय, पं. दीनबन्धु पाठक, शहर काजी हाफिज जुम्मन, व्यापारी नेता शिवम राज वर्मा, मो. नफीस, परवेज अहमद उर्फ चंदन सहित तमाम लोग मौजूद रहे।



पीस कमेटी की बैठक को संबोधित करते सीओ सदर

चुनाव | आईटी सेल प्रमुख अभिषेक पाण्डेय ने हर बूथ पर साइबर योद्धाओं की तैनाती का दिया भरोसा, साइबर योद्धाओं ने कसी कमर

# भाजपा के साइबर योद्धाओं के सम्मेलन में नेताओं ने दिए चुनावी टिप्स






कन्नौज, समृद्धि न्यूज

**भाजपा के** लोकसभा कार्यालय पर लोकसभा कन्नौज का साईबर योद्धाओं का सम्मेलन सम्पन्न हुआ। इस सम्मेलन में प्रभारी राज्य मंत्री रजनी तिवारी, निवर्तमान सांसद एवं भाजपा प्रत्याशी सुब्रत पाठक समेत पार्टी के पदाधिकारियों ने साइबर योद्धाओं को चुनावी टिप्स दिए।

सम्मेलन में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जिले की प्रभारी एवं उत्तर प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री रजनी तिवारी ने साईबर योद्धाओं को लोकसभा चुनाव में जीत का मंत्र दिया। वहीं उत्तर प्रदेश समाज कल्याण विभाग राज्य मंत्री असीम अरुण ने साईबर योद्धाओं को चुनावी टिप्स देते हुए कहा कि जहां एक और भाजपा कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्र में पहुंचकर आमजन को पार्टी की नीतियों से अवगत कराएं, साथी सरकार की योजनाओं से भी अवगत कराएं। उन्होंने साइबर योद्धाओं को सक्रिय भूमिका में आने की बात कही। सांसद सुब्रत पाठक ने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए साईबर योद्धाओं को कमर कस लेने के लिए कहा। भाजपा जिलाध्यक्ष वीरसिंह भदौरिया ने आईटी सेल के विस्तार की बात कही। कार्यक्रम का समापन करते आईटी सेल प्रमुख अभिषेक पाण्डेय ने हर बूथ पर साईबर योद्धाओं की तैनाती का भरोसा दिया। सम्मेलन में प्रमुख रूप से क्षेत्रीय महामंत्री रामकिशोर शाहू, क्षेत्रीय संयोजक सोशल मीडिया महेन्द्र विक्रम, लोकसभा प्रभारी अरुण पाल, जय प्रकाश कुशवाहा, हिमांशु सक्सेना, श्याम दुबे, राज भदौरिया, अनुपम बाजपेई, गोपाल गुप्ता समेत भारी संख्या में साईबर योद्धा शामिल हुए।










# पुस्तक विक्रेता एनसीईआरटी की ही किताबें बेचें: डीआईओएस

- निजी प्रकाशन की पुस्तकें बिक्री करते पाये जाने पर होगी कठोर कार्रवाई

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**जिला विद्यालय** निरीक्षक नरेंद्र पाल सिंह ने जनपद में संचालित सी0बी0एस0सी0 बोर्ड से मान्यता प्राप्त आर0आर0पी0 स्कूल फतेहगढ़, केंद्रीय विद्यालय आर.आर.सी. फतेहगढ़ एवं सेन्ट एन्थोनी स्कूल फतेहगढ़ का निरीक्षण किया। प्रधानाचार्य से नवीन सत्र में छात्रों के लिए एन0सी0ई0आर0टी0 के द्वारा मान्य पाठ्यक्रम की पुस्तकों की उपलब्धता एवं प्राइवेट प्रकाशन की पुस्तकों के संबंध में चर्चा करने पर बताया गया कि एन0सी0ई0आर0टी0 के द्वारा प्रकाशित मान्य पाठ्य पुस्तकें बाजार में मांग के अनुसार कक्षा 9 से कक्षा 12 तक उपलब्धता सामान्य है।



एक बुक स्टाल पर पुस्तकें खरीदते लोग — समृद्धि न्यूज

मान्य पाठ्यक्रम के अनुसार विद्यालय में शिक्षण कार्य कराया जा रहा है तथा 01 से कक्षा 08 तक की एन0सी0ई0आर0टी0 की पुस्तकें मांग के अनुसार बाजार में उपलब्धता की अत्यधिक कमी है। जिसकी आपूर्ति के लिए स्कूल के द्वारा बाजार में उपलब्धता की मांग एन0सी0ई0आर0टी0 से की जा रही है। किन्तु कालेज में अमान्य पाठ्य पुस्तकों के माध्यम से शिक्षण कार्य नहीं हो रहा है। नये सत्र में छात्र-अभिभावकों के द्वारा रेफरेन्स बुक, टेक्स बुकें और कॉपियों को बाजार में उपलब्ध पुस्तक की दुकानों से अपनी स्वेच्छा के अनुसार खरीद रहे हैं। स्कूल की ओर से रेफरेन्स बुक, टेक्स बुकें खरीदने के लिए छात्र-छात्राओं, उनके अभिभावकों को नहीं कहा गया है। प्रधानाचार्य ने बताया कि एन0सी0ई0आर0टी0 के द्वारा मान्य पाठ्यक्रम पुस्तकें बाजार में न उपलब्ध होने पर एन0सी0ई0आर0टी0 की बेबसाइड से अपने कक्षा की सभी विषयों की पुस्तकों को आवश्यकतानुसार डाउनलोड करके शिक्षा ग्रहण करें और यह अपील की है कि पुस्तक विक्रेताओं की दुकान से प्राइवेट प्रकाशन की किताबें न खरीदें। उन्होंने सभी दुकानदारों से आग्रह किया है कि वह एनसीईआरटी की ही किताबें बेचें। प्राइवेट प्रकाशन की किताबें बेचते पाये जाने पर कठोर कार्यवाही की जायेगी।

# बूथों पर मिली अव्यवस्थायें तो शिक्षकों पर होगी कार्रवाई: बीईओ

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज**

**जिलाधिकारी** के कड़े रुख के बाद खंड शिक्षा अधिकारी ने बूथों की व्यवस्था सुधारने के लिए शिक्षकों की आपातकालीन बैठक बुलायी तथा बूथों पर व्यवस्थायें दुरुस्त करवाने के निर्देश दिये।

नवाबगंज विकास खंड कार्यालय परिसर में गुरुवार को खंड शिक्षा अधिकारी अमर सिंह राणा ने चुनावी प्रक्रिया पूर्ण करने के जिलाधिकारी के कड़े रुख के बाद बूथों की व्यवस्था सुधारने के लिए क्षेत्र के शिक्षकों की आपातकालीन बैठक बुलाई। जिसमें शिक्षकों को खंड शिक्षा अधिकारी अमर सिंह राणा ने निर्देशित करते हुए बताया कि वह जिला अधिकारी के निर्देशन में अपने-अपने बूथ व्यवस्थित कर लें। यदि बूथों पर सही



शिक्षकों की बैठक लेते खंड शिक्षा अधिकारी — समृद्धि न्यूज

व्यवस्था नहीं मिली, तो उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। वहीं खंड शिक्षा अधिकारी अमर सिंह राणा ने बताया की विद्यालयों में रैंप, बिजली, शौचालय, सफाई व्यवस्था सभी पर खास ध्यान दिया जाएगा। जिन विद्यालयों में बूथ बने होंगे वहां की हर प्रकार की व्यवस्था सुधारना संबंधित शिक्षकों का कार्य होगा। बैठक में मौजूद खंड शिक्षा अधिकारी अमर सिंह राणा, पंकज यादव, बलवीर सिंह, बृजेश कुमार, शिक्षक सत्यवीर सिंह सहित तमाम शिक्षकगण मौजूद रहे।

# तत्कालीन सीओ कायमगंज सहित नौ के खिलाफ याचिका दायर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**तत्कालीन सीओ** कायमगंज सोहराब आलम, तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक जयप्रकाश पाल, सीएमओ सहित नौ लोगों के खिलाफ न्यायालय में पीड़िता ने 156(3) दायर की है।

कोतवाली कायमगंज के क्षेत्र शिवरई बरियारा निवासी उर्मिला देवी पत्नी स्व0 राधेश्याम उर्फ रामदास शाक्य ने न्यायालय में दायर की याचिका में दर्शाया कि उसके पति सरसों की पिराई स्पेलर द्वारा करते थे। पड़ोसी रामफल श्रीवास्तव की भी सरसों पिराई की दुकान थी। जिस कारण रामफल मेरे पति से रंजिश मानता था और आये दिन गाली-गलौज कर जानमाल की धमकी देता था। आरोपी व उसका परिवार गुण्डा प्रवृत्ति के लोग है। आरोपीगण नकली तेल का व्यापार करते थे। 3 अक्टूबर 2023 को रात्रि 8:30 बजे रामफल, रामसिंह, नानिकराम उर्फ नेकराम पुत्रगण लटूरी व दीपू, गोविन्द व अनमोल पुत्रगण रामफल एकराय होकर आये और भद्दी-भद्दी गालियां देने लगे और कहा कि तेरी नातिन ने सड़क पर उलटी कैसे कर दी। जिस पर मेरे पति ने कहा कि मैं सफाई करवा दूंगा। आरोपीगण गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपीगणों ने मेरे पति पर ईंट-पत्थरों से अपने घरों से हमला कर दिया। पति से सीने में ईंट लगने से वह बेहोश हो गया। उपचार के लिए सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया था। 4 अक्टूबर को पोस्टमार्टम हुआ। जिसमें डाक्टर ने सीने व सिर में चोट आने से मौत होना बताया था। पोस्टमार्टम के लिए शव ले जाते समय सीओ सोहराब आलम व प्रभारी निरीक्षक जयप्रकाश पाल ने पुलिस बल के साथ पहुंचे और रोक लिया। पुनः पोस्टमार्टम के ले जाने लगे। परिजनों ने जब विरोध किया तो फर्जी मुकदमा लिखवाने की धमकी दी। अधिकारियों ने रिश्वत लेकर रात्रि में ही गलत तरीके से पोस्टमार्टम करवाया। घटना के बाद से आरोपीगण लगातार धमकी दे रहे है कि 20 लाख रुपये में पुलिस को खरीद लिया है।

अगर कार्यवाही की तो पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दे रहे है। पुत्र शव के साथ फर्रुखाबाद गया था तब दरोगा हरिओम त्रिपाठी, एक महिला कांस्टेबिल व एक अन्य कांस्टेबिल के साथ घर आये और गाली-गलौज किया तथा सीसीटीवी रिकार्डिंग डिलिट कर दी। 7 अक्टूबर को पुत्र चंदन एवं आलोक को सीओ ने कार्यालय में बुलाया था। वहां प्रभारी निरीक्षक भी मौजूद थे। दोनों अधिकारियों ने पूछा कि तुम लोगों ने क्या कार्यवाही की। पुत्रों ने अधिकारियों से शिकायतों के बारे में बताया। दोनों अधिकारियों ने धमकी दी और कहा कि पोस्टमार्टम अपने हिसाब से कराया है और बिसरा रिपोर्ट भी मेरे हिसाब से आयेगी। पुत्र ने जब पोस्टमार्टम रिपोर्ट सीएमओ से मांगी तो उन्होंने अभद्र भाषा का प्रयोग किया और पोस्टमार्टम रिपोर्ट देने से मना कर दिया।

पुलिस ने डायल 112 पुलिस से शिकायत की, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। घटना के संबंध में थाने में तहरीर दी, लेकिन पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं की।

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** संदिग्ध परिस्थितियों में युवक अपने ही गांव के नजदीक बाग में आम के पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक के भाई ने थाने में रिश्तेदारों द्वारा प्रताड़ित कर फांसी के लिए बाध्य करने के मामले में थाने में तहरीर दी है। नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव महमदपुर कामराज निवासी विकास पुत्र कृपाल सिंह ने थाना पुलिस को दी तहरीर में बताया बीती रात उनके भाई मनोज ने अपने ही बाग में जाकर आम के पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जब सुबह पीड़ित शौचक्रिया के लिए अपने खेतों में गया, तो उसने अपने भाई को फांसी के फंदे पर लटका देखा। जिससे पीड़ित के हाथ पैर फूल गए तथा घटना की सूचना अपने परिजनों को दी। सूचना पाकर परिजन तथा ग्रामीण मौके पर पहुंचे। पीड़ित ने सूचना थाना पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर हलका इंचार्ज दरोगा गिरीश चंद्र तथा थाना प्रभारी निरीक्षक अमोद कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और शव को फांसी के फंदे से उतारकर पंचनामा की कार्रवाई की तथा शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। वही पीड़ित के भाई अपनी तहरीर में दर्शाया के बीते दिनों उसके ही रिश्तेदारों ने मऊदरवाजा थाना क्षेत्र में उनके तथा उनके परिजनों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कराया था। जिसकी पैरवी मृतक मनोज कुमार कर रहा था, तो उक्त आरोपीगणों द्वारा मृतक को जानमाल तथा झूठे मुकदमे में फंसाये जाने की धमकी दी गयी थी। आरोपी अपनी पुत्री के साथ उसके आर्मी में लगे भाई के साथ शादी करने का दबाव बना रहे थे। जिससे वह मानसिक रुप से काफी परेशान था। जिसके चलते उसने आत्महत्या कर ली। तहरीर के आधार पर थाना पुलिस ने पीड़ित को कार्रवाई करने की बात कही।

## खबरें चलते-चलते

### पुलिस अधीक्षक की नजर टेढ़ी होते ही लिख गया टप्पेबाजी का मुकदमा

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** विगत दिन पूर्व भाजपा नेता शोले ठाकुर की पत्नी के साथ हुई टप्पे बाजी की शिकायत शोले ठाकुर द्वारा थाना कमालगंज में दी गई थी। 24 घंटे बीतने के बाद भी थाना पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई न देखकर उन्होंने पुलिस अधीक्षक से अपनी पत्नी के साथ इस मामले की शिकायत की थी। जिस पर आज 4 अप्रैल को थाना कमालगंज पुलिस ने मुकदमा लिख लिया। लिखे गए मुकदमे में शोले ठाकुर पुत्र बलराम सिंह निवासी मोहल्ला शास्त्री नगर ने बताया कि दिनांक 31.3.2024 को समय करीब 1.00 मेरी पत्नी शिवा सुबह कमालगंज टेंपो स्टैंड से टेंपो द्वारा फतेहगढ़ जा रही थी। इस टेंपो में दो महिलाएं एक छोटा बच्चा लेकर चढ़ी थी और दोनों महिलाएं मेरे अगल बगल बैठ गई थीं। उनके साथ एक छोटा बच्चा था जो रोने लगा। बच्चों के रोते ही दोनों महिलाएं एक दूसरे के साथ धक्का मुक्की करने लगी। जिससे मेरी पत्नी और असहज होने लगी। उनमें से एक महिला ने कहा कि चुनाव का समय है जेवर उतार कर रख लो। आगे पुलिस चल रही है। यह सुनकर मेरी पत्नी ने एक सोने की चेन, 4 अंगूठी, एक मंगलसूत्र आदि सारे जेवर उतारकर छोटे पर्स में रखकर बड़े पर्स में रख लिए। आगे चलकर दोनों महिलायें याकूतगंज स्टेशन पर उतर गई और टेंपो चल दिया। थोड़ी दूर जाकर देखा की बड़ी पर्स कि चेन खुली है और छोटा पर्स गायब है जिसमें जेवर थे। शक जताया कि उन्हीं औरतों ने उनके सारे जेवर चोरी किए हैं एवं सामने आने पर उन औरतों को पहचान सकता हूँ। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर भारतीय दंड संहिता की धारा 420 और 379 आई.पी.सी. में मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

### थानाध्यक्ष सीसीटीवी फुटेज के साथ न्यायालय में नहीं हुए उपस्थित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** प्रार्थी/अभियुक्त ने न्यायालय अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी के न्यायालय में दिये गये प्रार्थना पत्र में कहा है कि 01 अप्रैल को थाना नवाबगंज की पुलिस द्वारा वारंट पर घर से खाना खाते समय करीब 4 बजे दिन बुलाकर आयी और लगातार थाने में बिठाये रखने के बाद दिनांक 2 अप्रैल को भी चालान नहीं किया। जबकि विधि व्यवस्था के अनुसार मुल्जिम को 24 घंटे के अंदर न्यायालय में प्रस्तुत करने का प्रावधान है, लेकिन पुलिस ने प्रार्थी/अभियुक्त को अविधिक रुप से थाने में बैठाये रखा। प्रार्थी/अभियुक्त को लगातार थाने में बिठाये रखने की फुटेज थाना नवाबगंज में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद है। न्यायहित में उक्त मामले में 1 अप्रैल सायं 5 बजे से 2 अप्रैल सायं 5 बजे तक की सीसीटीवी फुटेज थाना नवाबगंज से मंगाया जाना आवश्यक है। न्यायालय ने सीसीटीवी फुटेज पेनड्राइव में लेकर थानाध्यक्ष को आख्या के साथ 04 अप्रैल को तलब किया था, लेकिन थानाध्यक्ष न्यायालय में उपस्थित नहीं हुए।

### जानमाल की धमकी देने का दंपति पर मुकदमा दर्ज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** गाली-गलौज व जानमाल की धमकी देने के मामले में दो के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया। मोहल्ला गणेश प्रसाद स्ट्रीट निवासी अराधना पत्नी हर्षित तिवारी ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि 2 अप्रैल को मैं बच्चों के साथ घर पर थी। रात्रि 11 बजे पारुल मिश्रा व उसका पति राजेश मिश्रा उर्फ टिन्कू आये और भद्दी-भद्दी गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर जानमाल की धमकी दी और गेट पर खड़ी स्कूटी को ईंट-पत्थर से छतिग्रस्त कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया।

# घर में घुसकर महिला का फोड़ा सिर

**राजेपुर, समृद्धि न्यूज।** रंजिश के चलते घर में घुसकर महिला का सिर फोड़ देने के मामले में एक एक आरोपी को परिजनों नें पकड़कर पीट दिया। इसके साथ ही साथ जब पुलिस ने आरोपी का चालान किया तो न्यायालय से रिहा होने के बाद जब वह गाँव पंहुचा, तो उसकी पुनः पिटाई कर दी गयी।



जानकारी देती घायल महिला

थाना क्षेत्र के ग्राम महेशपुर निवासी सुमन देवी पत्नी अशोक कुमार के साथ घर में घुसकर ग्रामीणों ने मारपीट कर दी थी। मारपीट में सुमन के सिर में चोट लग गयी थी। मौके पर परिजनों ने एक आरोपी अशोक पुत्र रामपाल को पकड़कर उसकी पिटाई कर दी थी। सूचना पर पंहुची पुलिस आरोपी अशोक को थाने ले आयी। सुमन के पुत्र राजीव सिंह नें आरोपी अशोक पुत्र रामपाल के खिलाफ 452, 323, 504 व 506 के तहत मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस नें आरोपी अशोक का शांतिभंग में चालान कर दिया। जमानत के बाद शाम को जब आरोपी गाँव पंहुचा तो आरोपी अशोक को पुनः मारपीट की गयी और उसे सड़क के किनारे डाल दिया गया। मारपीट में तीन कार सवार भी थे। जिनकी कार पर किसान यूनियन लिखा था। सूचना पर थानाध्यक्ष रणविजय मौके पर पहुंचे। पुलिस को देखकर कार सवार फरार हो गये। पुलिस नें आरोपी अशोक को उसके घर भेज दिया। विवाद 2010 में आरोपी अशोक के पुत्र राजू के रामगंगा नदी में डूबने का बताया जा रहा है। थानाध्यक्ष रणविजय सिंह ने बताया कि आरोपी नशे में था। वह खुद शाम को पीड़ित परिवार के घर पहुंच गया। उसके साथ मारपीट नहीं हुई। उसको नशे में होने पर किनारे लिटा दिया गया।

# कमीशन का खेल एनसीईआरटी फेल

- निजी प्रकाशकों की किताबें खरीदने के लिए बाध्य करते निजी स्कूल
- अधिवक्ताओं ने जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन
- दो दिन पूर्व अग्रवाल बुक डिपो पर डीआईओएस ने की थी जांच

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**अधिवक्ताओं ने** निजी सीबीएसई बोर्ड के स्कूलों के संचालकों के खिलाफ जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर निश्चित दुकानदारों के माध्यम से कमीशन की वजह से निजी प्रकाशकों की किताबों की बिक्री कराये जाने को लेकर कार्यवाही करने की मांग की है।

जनपद न्यायालय फतेहगढ़ में विधि व्यवसाय करने वाले अधिवक्ताओं ने अपने बच्चों की शिक्षारत है। जनपद के शत-प्रतिशत निजी विद्यालयों द्वारा मनमाफिक तरीके से निजी प्रकाशकों की किताबें एवं ड्रेसे निश्चित स्थानों दुकानों के माध्यम से खुलेआम बिक्री करायी जा रही हैं। दुकानों पर कक्षावार किताबों के पैकेट बने रखे हैं। प्रत्येक पैकेट की कीमतें एलकेजी से लेकर कक्षा 12 तक की अनुमानित कीमत 3500 रुपये से लेकर 15 हजार रुपये तक निश्चित कर रखी है। जिस कारण जनपद के प्रत्येक अभिभावक के ऊपर नाजायज खर्चे का दबाव आ रहा है। प्राइवेट स्कूलों द्वारा खुलेआम शिक्षा का व्यापार किया जा रहा है। जो पूर्ण रुप से अविधिक व गैर कानूनी है। इस प्रकरण में गंभीरता से पैनल बनाकर प्रत्येक सीबीएसई व आईसीएसई बोर्ड से संबंध प्राइवेट स्कूलों की जांच कराकर कानूनी कार्यवाही की जाये। जिससे बच्चों के अभिभावकों को राहत मिल सके। लिखित रुप से स्कूलों के खिलाफ कार्यवाही की गई उनके नाम ज्ञापन में दर्शाये गये है। उन विद्यालयों के नाम- सेंट एन्थोनी स्कूल फतेहगढ़ सीबीएसई बोर्ड, ब्लू बेल पब्लिक स्कूल फतेहगढ़, वीरेन्द्र स्वरुप एजूकेशन सेंटर, गायत्री इंटरनेशनल स्कूल आवास विकास, दिल्ली पब्लिक स्कूल आवास विकास, सेन्ट लारेंस पब्लिक स्कूल आईटीआई चौराहा, मार्डन पब्लिक स्कूल रेलवे रोड, ऑल संस पब्लिक स्कूल रेलवे रोड बजरिया, जी-माउंट लिट्रा पब्लिक स्कूल जैतपुर, सीपी इंटर नेशनल स्कूल फर्रुखाबाद सीबीएसई बोर्ड व अन्य स्कूलों पर कार्यवाही की मांग की गई है। अधिवक्ताओं ने हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन सौंपा। जिसमें बार एसोसिएशन के महासचिव नरेश सिंह यादव, विनय प्रताप सिंह, गौरव कुमार दुबे, राहुल प्रताप सिंह परिहार, विजय कुमार शर्मा, दिनेश चन्द्र सक्सेना, आशीष मिश्रा, अनुपमा शर्मा, अनुज मिश्रा, साहिल सागर, दीपक द्विवेदी, गौरव यादव, मनोज कुमार यादव, दीपक दुबे, राजीव कुमार, मोहम्मद अताउल हक काश्फी, श्याम बिहारी दीक्षित आदि अधिवक्ताओं ने कार्यवाही करने की मांग की है। दो दिन पूर्व जिला विद्यालय निरीक्षक नरेन्द्र पाल सिंह द्वारा अग्रवाल बुक डिपो पर पहुंचकर जांच की गई थी। जहां उन्होंने एनसीआरटी की किताबे बेंचने की बात कही और निजी प्रकाशकों की किताबों पर रोक लगाने को कहा था। इस संबंध में अग्रवाल बुक डिपो के संचालक अनुराग अग्रवाल ने कहा कि हमारी डीआईओएस से बात हो चुकी है। वहीं जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि हम इसमें क्या कर सकते हैं। जिसकी मर्जी हो वह ले। मैंने विक्रेता से कहा कि एनसीआरटी की किताबें दो, तो वह बोला कि आप निजी स्कूलों के संचालकों पर कार्यवाही करें। मेरे हाथ में कुछ नहीं है। अधिवक्ताओं के पहुंचने पर डीआईओएस ने कहा कि नियमानुसार कार्यवाही होगी।

# आवारा पशुओं से किसान हलकान



फसलों को खा रहे आवारा जानवर — समृद्धि न्यूज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**आवारा पशुओं** से किसान खासे परेशान हैं। उनका कहना है कि तम्बाकू व गेहूं की फसल को खाकर जानवर नुकसान पहुंचा रहे हैं।

जानकारी के अनुसार नवाबगंज तथा शमशाबाद क्षेत्र में आवारा पशु किसानों के लिए मुसीबत का सबब बने हुए हैं। पशुओं के झुंडे रात के समय खेत में घुसकर फसलों को नुकसान पहुंचाते हैं। पूरे दिन तो किसान अपने खेतों की रखवाली नहीं कर पाते हैं। जब सुबह किसान खेतों में पहुंचते, तो उन्हें खेत में नुकसान मिलता है। कई बार इस संबंध में अधिकारियों को अवगत कराया जा चुका है, लेकिन अधिकारी किसानों की समस्या का समाधान नहीं कर पा रहे हैं। जिससे किसानों को काफी नुकसान हो रहा है। किसानों ने कहा कि यदि जल्द ही प्रशासन ने आवारा पशुओं को गौशालाओं में बंद नहीं किया, तो वह पशुओं को ब्लाक परिसर तथा तहसील आदि में बंद करेंगे। जिसकी सारी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी।

**आक्रोश** — ग्रामीण बोले बाढ़ के एक ही झटके में बह जायेगी पार्कोंपाइन

# गंगा किनारे पार्कोंपाइन के घटिया निर्माण को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज**

**गंगा कटरी** क्षेत्र में हर वर्ष बाढ़ की तबाही का नजारा देखा जाता है। जब-जब बरसात और गंगा में बाढ़ आती तब-तब तबाही अवश्य लाती है। जिससे ग्रामीणों को जल सैलाब से जानमाल की सुरक्षा हेतु सुरक्षित स्थानों पर पलायन करना पड़ता है।

ग्रामीणों के अनुसार हर वर्ष कटरी क्षेत्र के लोगों को सड़क किनारे डेरा जमाकर गुजारा करना पड़ता। बाढ़ की बर्बादी से बचने के लिए ग्रामीणों द्वारा एक लंबे समय से गंगा किनारे तटबंध बनाए जाने की मांग की जाती रही, लेकिन हर बार तट बंध बनाए जाने के नाम पर सिर्फ खानापूरी की जाती और कटरीवासियों के भविष्य से खिलवाड़ किया जाता है। बाढ़ के प्रकोप से आधा दर्जन गांवों के सैकड़ों लोग बर्बादी का शिकार होते हैं। बताते हैं इस बार भी भविष्य में बाढ़ की बर्बादी से बचने के लिए गंगा कटरी क्षेत्र में पार्कोंपाइन बनाने की शुरुआत हुई, जो ग्रामीणों के नजर में अमानक



ठेकेदार द्वारा बनायी जा रही अमानक पार्कोंपाइन — समृद्धि न्यूज

है। ग्रामीणों की मानें तो बताया जा रहा है बांसखेड़ा का मजरा पैलानी दक्षिण जहां एक ठेकेदार द्वारा कर्मचारियों के सहारे तट बंध बनवाए जाने का कार्य शुरू कराया गया। ग्रामीणों का आरोप है तटबंध का निर्माण ठीक न कराकर अमानक कराया जा रहा, क्योंकि जिस तरह तटबंध बनाए जा रहे उसे देखकर तो यही लगता भविष्य में बाढ़ का एक झटका भी बर्दाश्त नहीं कर पाएगी और बाढ़ का पानी तटबंध पार होगा। ग्रामीणों का आरोप है इस कार्य में नाबालिग बच्चों को लगाया गया है। ग्रामीणों के अनुसार बालू से भरी बोरियों को नीचे और लेयर में लगाया जाना था, लेकिन कर्मचारी बालू के ऊपर बोरियों को रखकर तटबंध बनाए जाने के नाम पर खानापूरी कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है तटबंध बनाए जाने के लिए निचले स्तर से बोरिया लगाई जाती जो बाढ़ और बाढ़ के कटाव को रोकने में कारगर हो सकती थीं, लेकिन बालू के ऊपर बोरिया लगाए जाने से बाढ़ का रुकना मुश्किल है, क्योंकि जब बाढ़ का बेग आता तो सब कुछ बहाकर ले जाता है। बाढ़ का पानी हमेशा निचले स्तर से कटाव करता। ग्रामीणों ने ठेकेदार की कार्यशैली पर नाराजगी जताते हुए कहा हजारों लाखों रुपए के खर्चे से बनाया जाने वाला तटबंध जिसे मानक के रूप बनाया जाए अन्यथा की स्थिति में जिलाधिकारी के दरबार में पेश होकर न्याय की मांग करेंगे। बताया गया है तट बंध के अमानक कार्य को लेकर ग्रामीणों ने हंगामा कर नाराजगी जताई। उधर भाकियू अराजनैतिक गुट के जिलाध्यक्ष राम बहादुर राजपूत ने सेतु निगम के अधीक्षण अभियंता से घटिया निर्माण की शिकायत की। जिस अधिशासी अधिकारी ने कहा जांच कर तटबंध मानक के अनुरूप कार्य कराए जाने का आश्वासन दिया। कहा जांच कराकर अमानक कार्य पाए जाने पर कार्यवाही होगी।

# बृजनाथ सिंह मेमोरियल एजुकेशन सेंटर के वार्षिकोत्सव में मेधावी हुए सम्मानित

**रंगारंग कार्यक्रम ने आगंतुओं का मोह लिया मन**

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज**



सचिनदेव तिवारी विद्यार्थी के अभिभावक को देते मैडल


छात्र को सम्मानित करते विपिन अवस्थी — समृद्धि न्यूज

**बृजनाथ सिंह** मेमोरियल एजुकेशन सेंटर में वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। आयोजन का शुभारंभ चंद्र प्रकाश अवस्थी के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम के बीच-बीच में बच्चों के द्वारा रंगारंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। रंगारंग कार्यक्रमों ने आए हुए सभी आगंतुओं का मन मोह लिया। वार्षिकोत्सव में कक्षा में प्रथम, द्वितीय, तृतीय आए हुए बच्चों को पूर्व प्रधानाचार्य रामसेवक अवस्थी, अजय कुमार सिंह चौहान जिला पंचायत सदस्य एवं ग्राम प्रधान अमृतपुर सचिन देव तिवारी के द्वारा गोल्ड, सिल्वर मेडल और ट्रॉफी देकर बच्चों को सम्मानित किया और उत्साहवर्धन किया। क्षेत्रीय कवि प्रकृति दत्त शुक्ला के द्वारा (मैं वही बचपन चाहता हूं) पंक्तियों को सुनकर अभिभावकगण झूम उठे। वार्षिकोत्सव में आए हुए अतिथियों का प्रबंधक अमित कुमार ने माल्यार्पण कर स्वागत किया तथा पत्रकारों को टैबल बैग देकर उत्साह वर्धन किया। अमेरिका में 2.70 लाख की छात्रवृत्ति प्राप्त करने वाली कुमारी आयुषी पुत्री सत्यभान सिंह सोमवंशी व कुमारी आशी पुत्री आलोक सिंह को संस्थापक सुखबीर द्वारा मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन कुमारी प्रधानाचार्या दीक्षा सिंह ने किया। इस अवसर पर प्रशांत अवस्थी, डा0 पीडी शुक्ला, संजय, अजयनाथ, नितिन, प्रिया, अर्पणा, लवी, आशी, शिवानी, विशाल, निधि, सारिका, सेजल, प्रिया, रचना, निशा, हिमाशी, शालिनी, भूमि, दिव्यांशी आदि शिक्षक मौजूद रहे। **वहीं** समारोह में अतिथि के रुप में पहुंचे जीवीए एकेडमी के निदेशक विपिन अवस्थी ने बच्चों को प्रमाण पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। वार्षिक समारोह में प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। साथ ही बच्चों को पढ़ने के लिए प्रेरित किया गया। विद्यालय के प्रबंधक ने सभी अभिभावकों व बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हे सम्मानित किया और कहा कि अच्छे मन से बच्चे पढ़े। जिससे वह अपने विद्यालय व जिले का नाम रोशन कर सकें।

# पू0मा0वि0 मसेनी में चुनाव पाठशाला का हुआ आयोजन


वोट डालने के लिए प्रेरित करते सुधीर कुशवाहा व भारती मिश्रा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिला निर्वाचन अधिकारी डा0 वीके सिंह व मुख्य विकास अधिकारी अरविन्द कुमार मिश्र के निर्देशन में लो टर्न बूथ क्रमांक 106, 107, 108 और 109 पर चुनाव पाठशाला का आयोजन किया गया। सभी बूथों के बूथ लेवल अधिकारी और निर्वाचन क्षेत्र में निवास करने वाले मतदाता शामिल रहे। चुनाव पाठशाला में स्वीप प्रभारी सुधीर कुशवाहा ने सभी उपस्थित मतदाता सूची में शामिल मतदाता पुरुष और महिलाओं को 13 मई को मतदान करने हेतु प्रेरित किया तथा मतदान का प्रतिशत बढ़ाए जाने हेतु टिप्स और सुझाव बूथ लेवल अधिकारियों को दिए। भारती मिश्रा ने महिला मतदाताओं के वोटिंग प्रतिशत बढ़ाए जाने हेतु महिलाओं की सहभागिता सुनिश्चित करने पर जोर दिया। सभी महिला मतदाता सबसे पहले अपना वोट अवश्य डालें। उसके बाद ही कोई अन्य कार्य करें। वैभव सोमवंशी ने सभी उपस्थित मतदाताओं को जागरूक करते हुए लोकतन्त्र में मतदाता की भूमिका को रेखांकित करते हुए वोट के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर प्रधानाध्यापिका गीता कटियार, नीलम कटियार, रश्मि, मनीषा, सविता राठौर, रचना सिंह, कृष्ण मुरारी, अनीता देवी, गीता मौर्य, अनीता, संगीता, बीएलओ आशा शाक्य, नीलू प्रभा, माधुरी दीक्षित, दिव्या गौतम और राधा रानी उपस्थित रही। भारती मिश्रा द्वारा मतदाता जागरुकता की शपथ दिलाई गई। गौरव शाक्य ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया।

## खबरें एक नजर में

### राशन कोटे की सीढ़ियों पर निर्वस्त्र मिली युवती


मौके पर जांच पड़ताल करती पुलिस

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** राशन कोटे की दुकान पर बनी सीढ़ियों के नीचे एक युवती निर्वस्त्र अवस्था में मिली। जिसे देखकर मौके पर भीड़ लग गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला रेटगंज निवासी जूता कारोबारी राजू गुप्ता की मोहल्ले में ही राशन कोटे की दुकान है। गुरुवार सुबह सफाई कर्मी जब राशन कोटे के निकट सफाई करने के लिए पहुंचा, तो उसे जीने के नीचे एक लगभग 24 वर्षीय युवती निर्वस्त्र अवस्था में मिली। जिसको देखकर सफाईकर्मी रमेश के होश उड़ गए। उसने जानकारी कोटेदार राजू गुप्ता को दी। कुछ देर में ही भीड़ मौके पर एकत्रित हो गई। राजू गुप्ता ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस मौके पर पंहुची। पुलिस ने छानबीन की। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक युवती कानपुर नगर के घाटमपुर की निवासी है। युवती दो दिन पूर्व अपनी दो सहेलियों के साथ फर्रुखाबाद पांचाल घाट आई थी। युवती ने बताया की उसके पास एक मोबाइल व 4 हजार रुपए थे। जो गायब हैं। युवती के कपड़े भी मौके पर नहीं मिले। इसके साथ ही सवाल यह भी है की युवती राशन कोटे के जीने के नीचे कैसे पंहुची। यह जांच का विषय है। शहर कोतवाल जेपी शर्मा ने बताया कि जांच की जा रही है। युवती देखने में विक्षिप्त लग रही हैं।

### लोहिया अस्पताल में चिकित्सक इलाज न करके मरीजों को टरका रहे है: उत्तम मिश्रा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जनतंत्र क्रांतिकारी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष उत्तम कुमार मिश्रा 30 मार्च प्रातः 10 बजे अपने रिश्तेदार रामकली पत्नी स्व0 रामवीर निवासी छिबरामऊ का मोतियाबिंद आपरेशन कराने हेतु डा0 से सम्पर्क कर रुम नम्बर 100 पूछा कि मोतियाबिंद का आपरेशन कैसे और कब होगा। डा0 ने कहा कि मोतियाबिंद के लैंस उपलब्ध नहीं है। 10 तारीख को लैंस आ सकते है। आम जनता से टालमटोल करना उचित नहीं है। यह बात कहकर टरकाया जा रहा है। ऐसे में लगता है कि आम जनता की बात सुनी नहीं जा रही है। लोग करप्शन में लिप्त होने के कारण टालमटोल करते चले आ रहे है। उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं उपमुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री से मांग की है कि इस तरह के चिकित्सकों के खिलाफ शीघ्र कार्यवाही की जाये। जो काम न करने की बात कहकर मरीजों की टरका देते है। इस बात को लेकर उनके समर्थक शिवाजी कटियार, रामनारायन मिश्रा, डा0 मेहंदी हसन, पृथ्वीनारायन, जितेन्द्र पाण्डेय, नरेन्द्र शर्मा, संजीव शुक्ला, कुलभूषण सिंह आदि ने नाराजगी जतायी है।

### बुलडोजर ने जमींदोज किया गरीब का अवैध आशियाना


अतिक्रमण हटाती जेसीबी मशीन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। दशकों** से अतिक्रमण कर रह रहे परिवार को नगर पालिका की कार्यवाही के बाद बेघर होना पड़ा। बुलडोजर ने देखते ही देखते अतिक्रमण को जमींदोज कर दिया। जबकि पीड़ित अतिक्रमण न हटाने की गुहार लगाता रहा। जानकारी के अनुसार सिटी मजिस्ट्रेट संजय कुमार बंसल व ईओ नगर पालिका विनोद कुमार के साथ पुलिस बल व पालिका कर्मी लाल सराय पानी की टंकी के नीचे पहुंचे। जहां शिवम पुत्र पप्पू का परिवार कई दशकों से टंकी के नीचे आवास बनाकर रह रहे थे। जिनके घर का सामान बाहर निकाल कर जेसीबी से भवन को ध्वस्त किया गया। भवन ध्वस्त होते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। सिटी मजिस्ट्रेट संजय कुमार बंसल ने बताया पानी टंकी के नीचे यह लोग अवैध रूप से रह रहे थे। कई बार इन लोगों को नोटिस दिया गया, लेकिन कोई जवाब ना आने पर गुरुवार को जेसीबी से अतिक्रमण को हटाया गया है। उन्होंने कहा कि किसी को अतिक्रमण करने की छूट नहीं दी जायेगी। जो भी अवैध अतिक्रमण मिलेगा, उसे गिराया जायेगा।

# केके यादव ने चौपाल लगाकर सपा प्रत्याशी के लिए मांगे वोट

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**


चौपाल लगाकर ग्रामीणों से चर्चा करते जिलाध्यक्ष केके यादव व अन्य

**समाजवादी सैनिक** प्रकोष्ठ ने पार्टी के प्रत्याशी का प्रचार-प्रसार करते हुए विभिन्न ग्रामीण क्षेत्र का दौरा किया। समाजवादी सैनिक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष केके यादव के साथ पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने जन सम्पर्क कर सपा प्रत्याशी डा0 नवल किशोर शाक्य के लिए वोट मांगे। गुलाल नगला, खम्बरपुर, मिल्किया, तुर्कीपुर में जन सम्पर्क के साथ चौपाल लगाकर चर्चा की। केके यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी की रीति-नीति को जनता तक पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में हर वर्ग का आदमी परेशान है। लोगों का पुनः विश्वास समाजवादी पार्टी में बढ़ा है। सभी ग्रामीणों ने एक साथ सपा का समर्थन करने की बात कही। इस मौके पर सैनिक प्रकोष्ठ के जिला उपाध्यक्ष कश्मीर सिंह, राजेन्द्र सिंह, जिला सचिव अनिल कुमार, दुर्वीन सिंह, रामबहादुर सिंह के अलावा बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### सपा आज मनायेगी महर्षि कश्यप व निषाद राज गुह्य की जयंती

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल के निर्देश पर पार्टी कार्यालय आवास विकास में 5 अप्रैल प्रातः 10 बजे महर्षि कश्यप एवं श्रंगवेरपुर के राजा निषादराज गुह्य की जयंती मनाई जायेगी। जिसके प्रभारी सपा सैनिक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष केके यादव बनाये गये है। यह जानकारी जिला मीडिया प्रभारी विवेक यादव ने दी है।

### मॉर्डन पब्लिक स्कूल में होने वाले ईद मिलन कार्यक्रम का हिन्दूवादी नेता करेंगे विरोध

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मॉर्डन पब्लिक स्कूल में ईद को लेकर कार्यक्रम आयोजित होने जा रहा है। जिसको लेकर विद्यालय की शिक्षिका ने छात्राओं से शरारा व बच्चों से पठानी सूट व टोपी लगाकर आने को कहा है। जिसका मैसेज शिक्षिका द्वारा बच्चों के अभिभावकों के पास भेजा गया तो कई अभिभावकों ने हिन्दूवादी नेता व हिन्दू महासभा के जिलाध्यक्ष क्रांति पाठक को बताया तो उन्होंने कहा कि अगर इस तरीके का बच्चों पर दबाव है तो इसका विरोध किया जायेगा। बच्चे स्कूल ड्रेस में ही विद्यालय जायेंगे। अगर फिर भी दबाव बनाया गया तो हमारी टीम विद्यालय जाकर इसका पुनजोर विरोध करेगी। प्रशासन इस घटना को संज्ञान में ले। इस संबंध में हिन्दूवादी नेता ने प्रबंधक से बात की तो उनसे फोन पर बात नहीं हो सकी। क्रांति पाठक ने बताया कि प्रोग्राम का मेरी टीम विरोध करेगी। इस संबंध में फोन पर प्रबंधक से बात करने की कोशिश की तो उनका फोन नहीं उठा।

# एपीओ तथा मनरेगा सहायक ने ली रोजगार सेवकों की बैठक



**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** ब्लॉक मनरेगा कार्यक्रम अधिकारी एपीओ तथा मनरेगा सहायक ने रोजगार सेवकों की बैठक ली। जिसमें उच्च अधिकारियों के निर्देशन का पालन करने की खानापूर्ति की गई। इस दौरान कई रोजगार सेवक बैठक में नहीं आये। नवाबगंज विकास खंड कार्यालय सभागार में एपीओ मनरेगा गौरव कुमार तथा मनरेगा सहायक आलोक पाठक ने रोजगार सेवकों की बैठक बुलाई। जिसमें बैठक के दौरान उच्च अधिकारियों के निर्देशन में चुनाव संहिता का पाठ पढ़ाया। जिसमें रोजगार सेवकों को बूथ स्तर पर कैमरा लगाने तथा अन्य कार्यों में तेजी लानेके निर्देश दिए। वहीं मनरेगा द्वारा चलाए जा रहे कार्यों के बारे में भी जानकारियां लीं। इस मौके पर आधा सैकड़ा रोजगार सेवकों में मात्र 8 से 10 ही बैठक में आये। उन्हें दिशा निर्देश देकर एपीओ ने बैठक का समापन कर दिया।

# शाक्य, मौर्य, कुशवाहा, सैनी के होली मिलन समारोह में उमड़ी भीड़

**डा0 नवल किशोर शाक्य को समर्थन देकर जिताने का लिया संकल्प**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**



होली मिलन समारोह में मौजूद सपा प्रत्याशी डा0 नवल किशोर शाक्य व लोग — समृद्धि न्यूज

**ठंडी सड़क** स्थित नवभारत सभा भवन में शाक्य, मौर्य, कुशवाहा, सैनी होली मिलन समारोह का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता डीएस कुशवाहा ने की। मुख्य अतिथि समाजवादी पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी डा0 नवल किशोर शाक्य का फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया गया। समाजवादी पार्टी छात्रसभा के प्रदेश अध्यक्ष विनीत कुशवाहा ने कहा कि अब समय आ गया है हम सभी पिछड़ों को एकजुट होना होगा और अपने हक के लिए समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी को जिताना है। होली मिलन कार्यक्रम में पहुंचे सपा प्रत्याशी डा0 नवल किशोर शाक्य ने सभी का आभार व्यक्त किया व उनकी पत्नी भी कार्यक्रम में शामिल हुई। बड़ी संख्या में महिलाओं ने भी भागीदारी की। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य नरेन्द्र शाक्य, रघुवीर दयाल मौर्य, रामरतन लाल शाक्य, भाकियू जिलाध्यक्ष अरविंद शाक्य, प्रधान अनंगपाल कुशवाहा, कानून गो शिव कुमार, धर्मपाल शाक्य, शिवशरण शाक्य, भोजराज शाक्य, राम अवतार शाक्य, नागेंद्र शाक्य, प्रवेश शाक्य, अभिषेक शाक्य, सुभाष चन्द्र शाक्य, राजन शाक्य, मनोज शाक्य, सत्तन, ज्ञानी, प्रियंका शाक्य, सुनीता शाक्य, रामलाल शाक्य, सत्य प्रकाश आदि मौजूद रहे।

# अंडर-19 जिला क्रिकेट टीम का ट्रायल शुरु

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**


ट्रायल मैच के बाद मौजूद क्रिकेट खिलाड़ी — समृद्धि न्यूज

**उत्तर प्रदेश** क्रिकेट एसोसिएशन के निर्देशानुसार अंडर-19 जिला क्रिकेट टीम का गुरुवार को स्व0 ब्रह्मदत्त द्विवेदी स्टेडियम में प्रथम चरण के खिलाड़ियों का ट्रायल किया गया। खिलाड़ियों ने श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए ऑल चक्र में पहुंचने के लिए बैटिंग एवं बॉलिंग का प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के आधार पर 13 खिलाड़ियों का चयन अगले फाइनल राउंड के लिए हुआ। क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव मोहन लाल अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि शुक्रवार को 30 खिलाड़ियों का मध्य दो मैच खेलने के बाद 13 खिलाड़ियों का 6 अप्रैल को चयन होगा। सभी खिलाड़ी स्टेडियम में 8 बजे फतेहगढ़ पहुंचे। जिससे उनका ट्रायल मैच पूर्ण हो सके।

# बम-बम भोले उद्घोष के साथ कांवड़ियें हुए गोला रवाना

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**


पांचाल घाट गंगा तट पर भोले का उद्घोष करते कांवड़िये

**बम-बम भोले** उद्घोष के साथ कांवड़ियां गोला रवाना हुए। शहर के विभिन्न क्षेत्रों से एवं ग्रामीण इलाके से कांवड़ियों ने गंगा तट पर पहुंचकर कांवड़ में जल भरकर पाण्डेश्वरनाथ स्थित मंदिर में पूजा अर्चना कर गोला के लिए रवाना हुए। वहीं बड़ी संख्या में कांवड़ यात्री बढ़पुर स्थित शीतला माता मंदिर में पूजा अर्चना की। पूरे दिन कांवड़िया सजते संवरते हुए पैरों में घुंघरू बांधकर नंगे पैर कांवड़ लेकर भगवान भोलेनाथ के दर्शन करने के लिए कांवड़ में जल भरकर गोला पहुंचे। देर रात तक कांवड़िया गोला के लिए रवाना होते रहे। विभिन्न मंदिरों में कांवड़ियों की भीड़ दिखी। वहीं पांचाल घाट स्थित गंगा तट पर कांवड़ियों ने बम-बम भोले उद्घोष के साथ जल भरते हुए गोला के प्रस्थान किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में विभिन्न क्षेत्रों के कांवड़िया मौजूद रहे।

# प्रशासनिक अधिकारियों की लापरवाही के चलते कस्बे में अमानक सज रही मीट की दुकानें

**दुर्गंध के चलते लोगों का निकलना दुश्वार हो रहा है**

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज**


मीट बेंचता दुकानदार

**क्षेत्र के** ग्राम चिलसरा, रोशनाबाद, फैजवाग इत्यादि कई गांवों स्थित बाजार जहां मीट का कारोबार करने वाले लोगों को सड़क किनारे बाजार में तख्त डालकर दुकान सजाए हुए देखा गया। सड़क किनारे मीट का कारोबार करने वाले विक्रेता जिन्हें जीवित बेजुबान मुर्गा बकरी तथा मछली काटने तथा नालियों में खून बहाते है। चिलसरा में सड़क किनारे सार्वजनिक स्थान पर एक विक्रेता को तख्त डालकर मांस की बिक्री करता है। एक जाली रखी है इस जाली में बेजुबान मुर्गे बंद है। जब भी कोई खरीदार आता तो विक्रेता अपना काम कर खून को नालियों में बहाता है। लोगों का कहना है अगर नियमो को देखा जाए तो मांस की दुकाने बस्ती से आधा किलोमीटर दूर हो। सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम होने चाहिए। दुकान में एसी लगी होनी चाहिए और पर्दा भी। साथ ही साफ-सफाई की भी व्यवस्था भी दुरुस्त हो, लेकिन यहां तो सारे नियमों को ताकतवर रखकर मीट का कारोबार करने वाले विक्रेता खुलेआम कारोबार कर रहे हैं। अमानक कारोबार से जहां एक ओर गंदगी का अंबार लगा है। वहीं दूसरी ओर सड़क से गुजरने वाले लोगों को भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। फिलहाल दुर्गंध के दौर से गुजर रहे लोगों ने जिला प्रशासन से अवैध रूप से संचालित अमानक मांस विक्रय का कारोबार करने वाले विक्रेताओं पर प्रतिबंध लगाकर नियमों के अनुरूप विक्रय कराए जाने की मांग की।

**जयंती** — माखनलाल चतुर्वेदी की जयंती पर विशेष

# मुझे तोड़ लेना वनमाली, उस पथ पर देना तुम फेंक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**


डा0 शालिनी — राजकिशोर शुक्ला — मंजू सिंह

**हिन्दी प्रेमियों** ने माखनलाल चतुर्वेदी की जयंती पर उन्हें याद किया है। माखन लाल चतुर्वेदी का जन्म 4 अप्रैल 1889 को मध्यप्रदेश के हौशंगाबाद जिले के बाबई नामक गांव में हुआ था। उनके पिता का नाम नंदलाल चतुर्वेदी था। चतुर्वेदी न केवल प्राथमिक शिक्षा घर में ही रहकर प्राप्त की। वह अपनी लगन के चलते अंग्रेजी, गुजराती, बंगाली तथा संस्कृति एवं हिन्दी भाषा के लिए पहचाने जाते है। माखन लाल चतुर्वेदी ने पत्रकारिता के साथ कवि व हिन्दी साहित्य में अपनी छाप छोड़ी है। कांशीराम मान्यवर राजकीय महाविद्यालय की प्राचार्या डा0 शालिनी ने बताया कि माखन लाल चतुर्वेदी ने पूरा जीवन साहित्य और पत्रकारिता को समर्पित किया। वह राष्ट्रीय कवि के साथ साहित्यकार एवं देश प्रेमी थे। छोटी सी उम्र में शिक्षक बनने के बाद उन्होंने नौकरी छोड़कर कई अखबार में सम्पादकीय लेख लिखे और सम्पादक भी रहे। उन्होंने हिम तरंगिनी, युग चरण, साहित्य देवता, वेणु लो गूंजे धारा, कैसा छंद बना देती है, अग्निपथ और पुष्प की अभिलाषा, दीप जले जैसी कई कविताएं और किताबें लिखीं। उन्हें हिंदी में पहला साहित्य अकादमी पुरस्कार मिला और 1963 में उन्हें पद्म भूषण से सम्मानित किया गया। विकास खण्ड कायमगंज के प्राथमिक विद्यालय मदारपुर के प्रधानाध्यापक राजकिशोर शुक्ला ने बताया कि माखन लाल चतुर्वेदी की रचानाओं में प्रकृति प्रेम के साथ प्यार और बलिदान एवं देश भक्ति का अनूठा संगम दिखायी देता है। उनके द्वारा स्वतंत्रता संग्राम के दौरान बिलासपुर के सेन्ट्रल जेल में लिखी गई लोकप्रिय रचना पुष्प की अभिलाषा का सुंदर उदाहरण है। माखन लाल चतुर्वेदी का साहित्य और देश के लिए अमूल्य योगदान हमेशा प्रेरित करता रहेगा। कानोडिय बालिका इंटर कालेज की सहायक अध्यापिका मंजू सिंह ने बताया कि माखन लाल चतुर्वेदी कवि के साथ वे अच्छे लेखक एवं पत्रकार थे। वह देश की आजादी के लिए कई बार जेल भी गए। माखनलाल चतुर्वेदी का जन्म 4 अप्रैल 1889 को मध्य प्रदेश प्रांत में हुआ था। वह जब 16 के थे तब एक स्कूल के शिक्षक बने गये। छोटी सी उम्र में किताबों का बहुत शौक था। बाद में राष्ट्रवादी प्रभाम कर्मवीर और प्रताप के संपादक बने। उन्होंने अपनी शिक्षण नौकरी छोड़कर खुद को पत्रकारिता के आंदोलन में समर्पित कर दिया। उनका निधन 30 जनवरी 1968 को हुआ था।

# मोदी के नेतृत्व में विश्व की तीसरी आर्थिक शक्ति बनेगा भारत : नड्डा

▸ मोदी ने बदल दी राजनीति की संस्कृति, अब देश का अंतिम नहीं पहला गांव बोलते हैं लोग



**एजेंसी, देहरादून।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगतप्रकाश नड्डा ने कहा कि देश सुरक्षित है तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हाथों में है। देश आगे बढ़ रहा है तो उनके नेतृत्व में बढ़ रहा है। पहले लोग कहते थे कि देश का अंतिम गांव, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने राजनीति की संस्कृति बदल दी है। अब लोग ये कहते हैं कि देश का पहला गांव। वाइब्रेंट विलेज की दृष्टि से पिथौरागढ़ के 27 विलेज चयन किए गए हैं। सरकार विकास कर उन्हें आगे बढ़ाएगी।

उत्तराखंड के पिथौरागढ़ स्थित देवसिंह ग्राउंड में गुरुवार को आयोजित चुनावी जनसभा में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि वैश्विक महामारी कोरोना की मार और यूक्रेन युद्ध के बाद भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जिस ब्रिटेन ने भारत पर 200 वर्ष राज किया उसको पछाड़कर भारत 11वें पायदान से छलांग लगा विश्व की पांचवीं अर्थव्यवस्था बन गया है। मोदी के नेतृत्व में 2028 में भारत विश्व की तीसरी आर्थिक शक्ति बन जाएगा। नड्डा ने कहा कि आज इलेक्ट्रानिक सामानों के निर्यात में भारत छह गुना आगे बढ़ गया है। उत्पादन में हर तरीके से विकास का काम हो रहा है। आज सबके हाथ में मोबाइल है। वर्ष 2014 में मोबाइल में लिखा होता था- मेड इन चाइना। आज जो आपके हाथ में मोबाइल है, उस पर लिखा हुआ है- मेड इन इंडिया। 97 प्रतिशत मोबाइल अब भारत में बन रहे हैं। ये आत्मनिर्भर भारत खड़ा हुआ है।

### दवाइयों में भारत दुनिया की सबसे बड़ी डिस्पेंशनरी

नड्डा ने कहा कि इसी तरह स्पोर्ट्स में चौथे से दूसरे नंबर पर भारत आ गया है। गाड़ियां बनाने में और गाड़ियों की मार्केट में भारत ने जापान को पछाड़ दिया है और आज विश्व का तीसरा आटो मोबाइल इंडस्ट्री बन गया है। दवाइयों में भारत आज दुनिया की सबसे बड़ी डिस्पेंशनरी बन गया है। सबसे सस्ती और सबसे कारगर दवा कोई बना रहा है तो वह भारत है।

### चुनावों को गंभीरता से लें पदाधिकारी, जमीनी स्तर पर करें काम

**इंदौर।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने पार्टी पदाधिकारियों से कहा कि चुनाव को लेकर मुगालता न पालें, उसे गंभीरता से लें और जमीनी स्तर पर काम करें। रैली-जुलूसों से कुछ नहीं होगा। लोगों से सीधा संपर्क करें, उनकी समस्याएं जाने और हल करने की कोशिश करें। सरकारी योजनाओं का कितना लाभ मिला है, संपर्क अभियान के दौरान लोगों से इसका फीडबैंक लें। उन्हें यह भी बताएं कि राष्ट्रवाद को लेकर कौन सा दल समर्पित है। भाजपा अध्यक्ष नड्डा बुधवार को इंदौर में मालवा निमाड़ की पांच लोकसभा सीटों की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। करीब डेढ़ घंटे चली बैठक के दौरान उन्होंने चुनाव प्रभारियों से सीधे संवाद किया और अब तक हुई तैयारियों से जुड़े सवाल पूछे। भाजपा अध्यक्ष नड्डा मध्य प्रदेश के अपने दो दिवसीय प्रवास के दूसरे दिन बुधवार को पहले उज्जैन पहुंचे और अपने परिवार के साथ भगवान महाकाल का पूजन-अर्चन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद शाम को वे इंदौर पहुंचे, जहां पार्टी पदाधिकारियों की बैठक ली। दो घंटे देरी से शुरू हुई इंदौर क्लस्टर की बैठक में नड्डा ने धार, झाबुआ, इंदौर, खरगोन और खंडवा के भाजपा उम्मीदवार, चुनाव प्रभारी, मंत्रियों से कहा कि मैं भाषण देना नहीं चाहता। आप से संवाद करना है। इसके बाद उन्होंने प्रभारियों से पूछा कि लोकसभा चुनाव के लिए कितनी बैठकें हो चुकी है और क्या कार्ययोजना तैयार की गई है। उन्होंने यह भी पूछा कि लोकसभा क्षेत्रों में कितने चुनाव कार्यालय खुल चुके हैं और विधानसभा स्तर पर कितनी बैठकें हो चुकी हैं। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव में जिन बूथों पर हम कमजोर रहे हैं, उसका चिंतन होना चाहिए और कमियों को दूर करें। प्रत्याशियों से उन्होंने कहा कि बूथ को मजबूत करने पर फोकस रखें। हमारा बूथ मजबूत होगा, तभी 400 सीटों का लक्ष्य हासिल कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में एक भी सीट हमें नहीं गंवाना है। पूरी 29 सीटों पर इस बार जीत हासिल होना चाहिए। भाजपा अध्यक्ष ने बैठक में कहा कि इस बार के चुनाव में प्रतिद्वंदी दल नजर नहीं आ रहा है। जनता भी कह रही है कि मोदी लहर है लेकिन कार्यकर्ता अति-आत्मविश्वास में न रहे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 18 घंटे काम करते हैं। सवा माह तक हम अपने बूथों पर 15-16 घंटे काम कर लेंगे तो वोट बढ़ाने के लिए तय लक्ष्य को हम पा लेंगे। कलस्टर के बाद नड्डा ने पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक की। इसमें मुख्यमंत्री मोहन यादव, संगठन मंत्री हितानंद शर्मा, उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, मंत्री कैलाश विजयवर्गीय सहित अन्य पदाधिकारी शामिल हुए।

# ईडी ने फ्रीज किया शेख शाहजहां का अकाउंट

एजेंसी।



**कोलकाता।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने निलंबित तृणमूल कांग्रेस नेता शेख शाहजहां के व्यक्तिगत बैंक खातों के साथ-साथ उसके स्वामित्व वाले व्यवसायों से जुड़े खातों को फ्रीज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

ईडी के एक सूत्र ने बताया कि प्रक्रिया दो बैंक खातों से शुरू हुई है, एक व्यक्तिगत रूप से शाहजहां के नाम पर है और दूसरा मछली निर्यात इकाई मेसर्स शेख सबीना फिश सप्लाई ऑनली का खाता है, जो शाहजहां की बेटी शेख सबीना के नाम पर पंजीकृत है। ईडी के अधिकारियों ने संबंधित बैंकों के अधिकारियों को इन दोनों खातों में पैसों के लेनदेन पर तुरंत रोक लगाने के लिए लिखा है। साथ ही शाहजहां, उसके परिवार के सदस्यों और करीबी सहयोगियों से जुड़े कुछ अन्य बैंक खातों में लेनदेन के विवरण के बारे में कुछ बैंक अधिकारियों से भी पूछताछ की गई है। सूत्रों ने कहा कि कुल 15 ऐसे बैंक खाते और इन खातों के माध्यम से 137 करोड़ रुपये के लेनदेन वर्तमान में ईडी अधिकारियों की जांच के दायरे में हैं।

ईडी के अधिकारियों ने पहले ही इस बारे में निश्चित सुराग हासिल कर लिया है कि कैसे शाहजहां ने अपने मछली निर्यात व्यवसाय का इस्तेमाल भारी मुनाफा कमाने के साथ-साथ राशन वितरण घोटाला तथा अन्य घोटालों से जुड़ी मनी लॉन्ड्रिंग की आय को ठिकाने लगाने के लिए किया था। केंद्रीय एजेंसी ने पांच जनवरी को संदेशखाली में ईडी और सीएपीएफ कर्मियों पर हमले के पीछे के आरोपित मास्टरमाइंड शाहजहां के खिलाफ पहले ही दो अलग-अलग प्रवर्तन मामले की सूचना रिपोर्ट (ईसीआईआर) दर्ज की है।

# देश भर में आपात हवाई पट्टियों का जाल बिछाने की योजना है वायु सेना की

▸ सभी सशस्त्र सेनाओं की बढ़ेगी मारक क्षमता

एजेंसी।



**नई दिल्ली।** वायु सेना अपने विमानों को आपात स्थिति में कहीं भी उतारने के लिए देश भर में विभिन्न राज्यों में आपात हवाई पट्टी सुविधाओं का जाल बिछाने पर काम कर रही है।

वायु सेना ने गगन शक्ति अभ्यास के दौरान पिछले सप्ताह ही कश्मीर घाटी में उत्तरी सेक्टर में इसी तरह की आपातकालीन हवाई पट्टी पर चिनूक हेलिकॉप्टर, एम आई 17 और उन्नत हल्के ध्रुव हेलिकॉप्टर को उतारकर बड़ी संख्या में सैनिकों को वहां पहुंचाया।

रक्षा मंत्रालय ने गुरूवार को बताया कि वायु सेना की विभिन्न राज्य सरकारों के प्रशासन के साथ तालमेल से देश भर में इस तरह की आपात हवाई पट्टी की सुविधा बनाने की योजना है। इन हवाई पट्टियों पर वायु सेना के लड़ाकू विमानों तथा हेलिकॉप्टरों को उतारने का अभ्यास किया जायेगा। इसके लिए स्थानीय प्रशासन के साथ बेहतर तालमेल की जरूरत होती है। इन हवाई पट्टियों से वायु सेना को आपदा राहत अभियानों के दौरानन मानवीय सहायता पहुंचाने में भी मदद मिलेगी।

इसके अलावा रात्रि सहित किसी भी समय सैनिकों को विभिन्न क्षेत्रों में उतारने की क्षमता हासिल करने के बाद वायु सेना सहित सभी सशस्त्र सेनाओं की मारक क्षमता बढ़ जायेगी।

# समुद्री रास्ते से लाई गई 64.20 ग्राम हेरोइन कच्छ में बरामद, एक तस्कर गिरफ्तार



**एजेंसी, गांधीधाम।** गुजरात में समुद्री रास्ते से लाई गई 64.20 ग्राम हेरोइन गुरुवार को कच्छ स्पेशल ऑपरेशंस ग्रुप (एसओजी) ने बरामद की है। गुप्त सूचना के आधार पर की गई इस कार्रवाई में एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया है। दरअसल, एसओजी को भचाउ गांधीधाम हाईवे पर नशीले पदार्थ के साथ एक तस्कर के आने की सूचना मिली थी। इस पर एसओजी ने निगरानी रखकर पंजाब के एक व्यक्ति को पकड़कर उसके पास से 64.20 ग्राम हेरोइन बरामद की। उसके विरुद्ध गांधीधाम बी डिविजन थाने में नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस एक्ट (एनडीपीएस) एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। पंजाब से लाई गई यह हेरोइन कहां सप्लाई की जानी थी, इसकी जानकारी जुटाई जा रही है।

# धार की ऐतिहासिक भोजशाला में 13वें दिन भी जारी रहा सर्वे

एजेंसी।





धार, 03 अप्रैल (हि.स.)। मध्य प्रदेश हाई कोर्ट की इंदौर खंडपीठ के आदेश पर धार की ऐतिहासिक भोजशाला में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) विभाग का सर्वे बुधवार को 13वें दिन भी जारी रहा। दिल्ली और भोपाल के अधिकारियों की 25 सदस्यीय सर्वे टीम सुबह करीब आठ बजे मजदूरों के साथ भोजशाला पहुंची और शाम पांच बजे बाहर आई। इसी दौरान टीम ने करीब नौ घंटे वैज्ञानिक पद्धति से सर्वे गया। टीम के साथ हिंदू पक्ष के गोपाल शर्मा, आशीष गोयल और मुस्लिम पक्ष के अब्दुल समद खान भी मौजूद रहे। इस दौरान बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात रही। सुरक्षा व्यवस्था के चाक चौबंद इंतजाम किए गए हैं।

▸ याचिकाकर्ता रंजना अग्निहोत्री पहुंचीं धार, बोलीं- बढ़वानी होगी सर्वे की समय सीमा

बुधवार को सर्वे के दौरान दोपहर बाद हिंदू फ्रंट फॉर जस्टिस की राष्ट्रीय अध्यक्ष और भोजशाला प्रकरण की याचिकाकर्ता रंजना अग्निहोत्री भोजशाला पहुंचीं और सर्वे कार्य को देखा। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सर्वे में अभी काफी समय लगेगा। इसलिए एएसआई को अयोध्या की तर्ज पर न्यायालय में आवेदन देकर सर्वे का समय बढ़वाना चाहिए।

उन्होंने बताया कि सर्वे में अभी क्लीनिंग, ब्रशिंग की प्रक्रिया की जा रही है। जो अवशेष मिल रहे हैं, उनके पैकेट बनाकर रखे जा रहे हैं। भोजशाला के कुछ भाग में काम शुरू हुआ है, जो पहले चरण में चल रहा है। उन्होंने बताया कि यह बहुत ही धीमी प्रक्रिया होती है। इसमें एएसआई अपने हिसाब से कार्य को धीरे-धीरे करती है। मेरा अनुमान है कि सर्वे कार्य में काफी वक्त लगेगा।

उन्होंने कहा कि छह सप्ताह में सर्वे का काम पूरा होना संभव नहीं है। ऐसे में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण को न्यायालय के समक्ष आवेदन प्रस्तुत कर समय सीमा बढ़वानी होगी। जिस तरह अयोध्या में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण ने दो से तीन बार आवेदन देकर समय बढ़वाया था। ठीक इसी तरह यहां भी समय बढ़वाना होगा। सर्वे में किसी भी तरह से किसी भी लेयर को नुकसान नहीं हो, इसलिए धीमे और सुरक्षित तरीके से काम होता है। खोदाई में भी कुछ अवशेष प्राप्त हुए हैं, जिनकी फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी भी करवाई गई है।

# धनखड़ ने 14 नवनिर्वाचित सदस्यों को राज्यसभा की सदस्यता की शपथ दिलाई



**एजेंसी, नई दिल्ली।** राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने गुरूवार को विभिन्न राज्यों से चुनकर आये अलग अलग दलों के 14 सदस्यों को राज्यसभा की सदस्यता की शपथ दिलायी। राज्यसभा सचिवालय की ओर से जारी वक्तव्य में कहा गया है कि श्री धनखड़ ने इन सदस्यों को संसद भवन में आयोजित कार्यक्रम में शपथ दिलायी। शपथ लेने वाले सदस्यों में आन्ध्र प्रदेश से वाई एस आर कांग्रेस के गोला बाबूराव, मेडा रघुनाथ रेड्डी , वाई वी सुब्बा रेड्डी, बिहार से जनता दल यू के संजय झा, कर्नाटक से कांग्रेस के सैयद नासिर हुसैन, अजय माकन, ओड़िशा से बीजू जनता दल के सुभाशीष खूंटियां, देवाशीष सामंत्रय, ओड़िशा से ही भाजपा के अश्विनी वैष्णव, राजस्थान से कांग्रेस की सोनिया गांधी, राजस्थान से ही भाजपा के मदन राठौड़,तेलंगाना से बीआरएस के रवि चंद्र वद्दीराजू, उत्तर प्रदेश से भाजपा के आर पी एन सिंह और पश्चिम बंगाल से भाजपा के समिक भट्टाचार्य शामिल हैं।

# आईपीएल के साथ चंबल क्रिकेट लीग का भी मजा लीजिए, सीजन-3 की तैयारियां शुरू

### चंबल क्रिकेट लीग में जुटेंगे कई जनपदों और प्रदेशों के खिलाड़ी

**औरैया, समृद्धि न्यूज।**



18 मई से बीहड़ होगा गुलजार

आईपीएल के बीच चंबल अंचल के क्रिकेटर भी अपने बल्ले के साथ रनों की बरसात करने के लिए तैयार हैं। स्वतंत्रता संग्राम नायकों की स्मृति में चंबल परिवार द्वारा आयोजित होने वाले 'चंबल क्रिकेट लीग सीजन-3' की तैयारियां शुरू हो गई हैं। चंबल क्रिकेट लीग को ऐतिहासिक और भव्य बनाने को लेकर चंबल संग्रहालय, चौरैला परिसर में अयोजन समिति की बैठक कर अंतिम रूप दिया गया। चंबल क्रिकेट लीग सीजन-3 का उद्घाटन 18 मई से इटावा, जालौन और भिंड जनपदों की सीमा पर स्थित बीहड़ी ग्राउंड पर होगा। चंबल क्रिकेट लीग के संस्थापक डॉ. शाह आलम राना ने कहा कि इस लीग को लेकर चंबल अंचल के खिलाड़ियों में खासा उत्साह देखने को मिलता रहा है। इस बार इसे और बेहतर बनाने की कवायद शुरू हो गई है।

क्रिकेट लीग की आयोजन समिति से जुड़े मुलायम सिंह, महेश द्विवेदी, रिंकू सिंह, रमाकांत, शैलेंद्र परिहार, राहुल परिहार, राहुल बघेल, मोनू ठाकुर, अभिषेक सविता और राम प्रकाश विश्वकर्मा आदि ने अपनी बात रखते हुए हर तरह से सफल आयोजन हेतु सहयोग करने का संकल्प लिया।

# पूर्व सांसद संजय निरुपम कांग्रेस से निष्कासित

एजेंसी।



▸ शिंदे समूह में शामिल होने की संभावना

**मुंबई।** कांग्रेस ने पूर्व सांसद संजय निरुपम को बुधवार देर रात पार्टी से छह साल के लिए निष्कासित कर दिया। इसके बाद निरुपम ने गुरुवार को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता सहित सभी पदों का इस्तीफा दे दिया है। फिलहाल निरुपम शिंदे समूह की शिवसेना के संपर्क में बताए जा रहे हैं और जल्द ही उनके नए राजनीतिक सफर का निर्णय लेने की संभावना है। संजय निरुपम ने आज मीडिया को बताया कि कांग्रेस पार्टी ने उन्हें पार्टी से छह साल के निष्कासित करने का निर्णय लिया है, जबकि वे इससे पहले ही कांग्रेस के सभी पदों का इस्तीफा दे चुके हैं। संजय निरुपम मुंबई की उत्तर-पश्चिम संसदीय सीट से लोकसभा चुनाव लना चाहते थे लेकिन इस सीट पर शिवसेना उद्धव गुट ने अपना उम्मीदवार घोषित कर दिया था। इससे नाराज होकर संजय निरुपम ने कांग्रेस नेताओं सहित महाविकास आघाड़ी के नेताओं के खिलाफ विवादित बयान दिया था।

इसी को आधार बनाते हुए बुधवार को महाराष्ट्र प्रदेश कार्यालय ने संजय निरुपम का नाम स्टार प्रचारकों की सूची से निकालने का प्रस्ताव पारित करके अखिल भारतीय कांग्रेस पार्टी के पास भेज दिया था। इसी प्रस्ताव पर अखिल भारतीय कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव केसी वेणुगोपाल के हस्ताक्षर से जारी पत्र में साफ किया गया है कि संजय निरुपम को छह साल के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया गया है।

उत्तर-पश्चिम मुंबई सीट पर शिवसेना के शिंदे गुट का कब्जा है और निरुपम यहां से नामांकन हासिल करने की कोशिश कर रहे हैं।

# एनसीपी चुनाव चिह्न विवाद पर सुप्रीम कोर्ट ने अजीत गुट को दी बड़े विज्ञापन जारी करने की सलाह

एजेंसी।



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने एनसीपी चुनाव चिह्न विवाद पर गुरुवार को सुनवाई करते हुए अजीत पवार गुट को बड़े विज्ञापन जारी करने की सलाह दी है। कोर्ट ने पहले भी विज्ञापन प्रकाशित करवाने के निर्देश दिए थे लेकिन कोर्ट ने कहा कि विज्ञापन फ्रंट में नहीं बल्कि एक कोने में छापे गए हैं। कोर्ट ने अजीत पवार गुट पर कोर्ट की अवमानना का केस चलाने से इनकार कर दिया।

जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि हमारे आदेश देने का उद्देश्य यह सार्वजनिक करना था कि सिंबल का आवंटन कोर्ट में विचाराधीन है। इसलिए शरद पवार गुट इसे अस्थायी रूप से इस्तेमाल कर रहे हैं। अजीत पवार गुट के वकील मुकुल रोहतगी ने कहा कि आपके आदेश के मुताबिक हमने मराठी, हिंदी और अन्य भाषाओं में विज्ञापन जारी किए हैं।

शरद पवार की तरफ से वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने अजीत पवार ग्रुप के कई विज्ञापनों के जरिए बताने की कोशिश की कि सुप्रीम कोर्ट में भरोसा देने के बाद भी अजीत गुट के लोग सिंबल का इस्तेमाल बिना इस डिस्क्लेमर के करते रहे कि यह घड़ी का चिह्न सुप्रीम कोर्ट में विवाद का विषय है।

इस विवाद पर सुप्रीम कोर्ट निर्णय देगा कि यह घड़ी चुनाव चिह्न भविष्य में किसका होगा। कोर्ट ने कहा कि विज्ञापन फ्रंट में नहीं छापे गए हैं बल्कि विज्ञापन एक कोने में छापे गए हैं। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि हम अपने पुराने आदेश में कोई संशोधन नहीं कर रहे हैं। हमें दोनों गुटों की पार्टियों की ईमानदारी पर कोई संदेह नहीं है लेकिन आप बड़े विज्ञापन जारी कर सकते हैं। कोर्ट ने अजीत पवार गुट पर कोर्ट की अवमानना का केस चलाने से इनकार कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने 19 मार्च को अजीत पवार गुट को घड़ी चुनाव चिह्न का और शरद पवार गुट को एनसीपी-शरद चंद्र पवार के नाम और चुनाव चिह्न तुरहा फूंकते हुए आदमी के इस्तेमाल की अनुमति दी थी।

# सुशील रेड्डी ने एमजी जेडएस ईवी के साथ ईको राइड ली




**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

गिनीज बुक रिकार्ड धारक सस्टेनेबिलिटी एडवोकेट सुशील रेड्डी ने छात्रों को सनपेडल राइड के माध्यम से शिक्षित किया। जो मुंबई की सड़कों से काजीरंगा वन्यजीव अभयारण्य तक एक क्रॉस-इंडिया ड्राइव थी 25 से अधिक शहरों और 9,000 किलोमीटर से अधिक का ये अभियान सस्टेनेबल मोबिलिटी/ टिकाऊ गतिशीलता को बढ़ावा देने और इलेक्ट्रिक वाहनों के आसपास प्रचलित मिथकों को चुनौती देने के लिए रेड्डी के मिशन में एक महत्वपूर्ण माइलस्टोन साबित हुआ है।

भारत की पहली प्योर इलेक्ट्रिक इंटरनेट एसयूवी एमजी जेडएस ईवी इस यात्रा का केंद्र है, जो इनोवेशन और पर्यावरण जागरूकता के फ्यूजन का प्रतीक है। इस यात्रा के दौरान श्री रेड्डी ने भारत के विभिन्न इलाकों और संस्कृतियों में ईवीस की स्थायी क्षमता को उजागर किया। काजीरंगा रूट पर सुशील प्रमुख कॉलेजों और संस्थानों में पहुंचे, जहां उन्होंने ईवीस के फायदों पर छात्रों को शिक्षित किया। इसमें प्रमुख रूप से किफायती संचालन और ओनरशिप कॉस्ट, कम कार्बन उत्सर्जन, आरामदायक ड्राइविंग अनुभव, विकसित चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर, बैटरी टाइप्स और सेफ्टी समेत कई अन्य आकर्षक लाभ शामिल हैं।

# अदाकारा नेहा जोशी और ऐक्टर आशुतोष कुलकर्णी भगवान राम लेगें का आशीर्वाद

**अयोध्या, समृद्धि न्यूज।** राम नवमी भारत का एक सबसे पावन त्योहार है, जो भगवान श्रीराम को समर्पित है। यह देश में मनाया जाने वाला एक सबसे बड़ा त्योहार है। इस साल 17 अप्रैल को रामनवमी मनाई जायेगी। इस जश्न में भाग लेने के लिये एण्डटीवी के शो – 'अटल' के प्रमुख कलाकार विश्व प्रसिद्ध राम मंदिर जायेंगे। ये दोनों कलाकार त्योहारों से पहले 9 अप्रैल को अयोध्या जाकर प्रभु श्रीराम का आर्शीवाद लेंगे। कृष्णा देवी वाजपेयी का किरदार अदा कर रहीं नेहा जोशी ने अपनी खुशी का इजहार करते हुये कहा कि अयोध्या सिर्फ एक धर्मस्थल नहीं है, बल्कि ऐतिहासिक और पौराणिक रूप से एक समृद्ध शहर भी है। इस शहर का अपना ऐतिहासिक महत्व है और भगवान राम की जन्मभूमि होने के नाते यहां पर जाने के बारे में सोचकर ही मन रोमांच से भर गया है। मैं प्रभु श्रीराम की भक्त हूं और राम मंदिर जाना मेरे लिये एक सपने के सच होने जैसा है। ऐसा लग रहा है कि भगवान खुद मुझे अयोध्या बुला रहे हैं। मैं पहली बार अयोध्या जा रही हूं और यदि मुझे वक्त मिला, तो यहां की समृद्ध संस्कृति और मशहूर स्थानों का अनुभव जरूर करूंगी।

# इनफिनिटी लर्न बाय श्री चैतन्या भारत में टॉप रैंकर्स बनाने के लिए तैयार

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



इनफिनिटी लर्न बाय श्री चैतन्या, भारत का एकमात्र हाइब्रिड लर्निंग प्लेटफॉर्म ने सहज के साथ साझेदारी की घोषणा गुरुवार को राजधानी लखनऊ में की। प्लेटफॉर्म ने उत्कृष्ट परिणामों के लिए विख्यात श्री चैतन्या की 39 सालों की धरोहर को आगे बढ़ाते हुए देश के ग्रामीण भागों में आई आई टी-जेई, नीट, सीयूईटी जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं में टॉपर्स बनाने का लक्ष्य रखा है।

सर्वोच्च स्तर की शिक्षा तथा अर्द्धशहरी एवं ग्रामीण इलाकों में व्यापक पहुंच इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि देश के हर कोने में मौजूद महत्वाकांक्षी छात्रों को उच्च गुणवत्ता की किफ़ायती शिक्षा सुलभ हो सके, ताकि उन्हें पढ़ाई के लिए दूर स्थित शहरों में न जाना पड़े। छात्रों के लिए सभी पाठ्यक्रम नज़दीकी सहज जन सेवा केन्द्र पर जाकर इन सेवाओं का लाभ उठा सकेंगे। इस अवसर पर उज्जवल सिंह, संस्थापक सीईओ, इनफिनिटी लर्न बाय श्री चैतन्या ने कहा कि सहज के साथ यह साझेदारी मुझे डिजिटल अंतर को दूर करने और देश भर के ग्रामीण इलाकों में हज़ारों छात्रों के लिए किफ़ायती एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को सुलभ बनाने की उम्मीद से भर देती है। यह देश में शिक्षा के क्षेत्र में सुधार के लिए हमारे समग्र प्रयासों की दिशा में एक बड़ा कदम है। यह देखकर दुख होता है जब हमारे प्रतिभाशाली छात्र गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से वंचित रह जाते हैं, उन्हें ज्ञान पाने की खोज में मुश्किल यात्रा से होकर गुज़रना पड़ता है। हमारी महत्वाकांक्षाएं मौजूदा स्थिति से कहीं अधिक हैं। 'बच्चा सीखा कि नहीं' के दृष्टिकोण के साथ हम इन उपेक्षित एवं प्रतिभाशाली छात्रों व युवाओं को शामिल करते हुए इनफिनिटी लर्न को 2027 तक टियर 1 कॉलेज एडमिशन में लीडर के रूप में स्थापित करना चाहते हैं।

# मानसिक संतुलन खो दिया है कांग्रेस नेताओं ने : भाजपा

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कांग्रेस के नेताओं द्वारा सांसद हेमा मालिनी के विरुद्ध अपमानजनक टिप्पणी करने तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सिर फोड़ने के बयान को घटिया करार दिया है और कहा है कि वे अपना मानसिक संतुलन खो बैठे हैं। भाजपा के प्रवक्ता डॉ सुधांशु त्रिवेदी और श्री प्रेम शुक्ला ने गुरुवार को पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेताओं द्वारा प्रधानमंत्री और महिलाओं के लिए आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल कर अपमानित करने पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की। डॉ. त्रिवेदी ने कहा कि कांग्रेस नेता एवं छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत द्वारा प्रधानमंत्री मोदी का सिर फोड़ने की बात कहना अत्यंत निंदनीय और आपत्तिजनक है। डॉ. त्रिवेदी ने कांग्रेस नेता रणदीप सुरजेवाला द्वारा भाजपा सांसद हेमा मालिनी के बारे में आपत्तिजनक टिप्पणी करने के लिए कांग्रेस नेताओं की महिला विरोधी सोच बताया। श्री शुक्ला ने भारत की अखंडता के साथ खिलवाड़ करने वाली कांग्रेस द्वारा कच्चातिवु द्वीप मामले पर किए जा रहे प्रलाप पर जोरदार हमला बोला।

# शामली में बाइक सवार को रौंदकर भागने के दौरान टैंकर पलटा, चार की मौत

एजेंसी।




**शामली।** जिले के कांधला थाना क्षेत्र स्थित दिल्ली-सहारनपुर हाईवे पर बुधवार को एक टैंकर ने मोटर साइकिल सवार को कुचल दिया। भगाने के चक्कर में मोड़ने के दौरान अनियंत्रित होकर टैंकर पलट गया। उसकी चपेट में आकर तीन और लोगों की मौत हो गई है। हादसे में मोटर साइकिल सवार समेत चार लोगों की मौत हुई और पांच लोग घायल है। पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया है।

पुलिस के मुताबिक, लिक्विड सीमेंट से भरा टैंकर बुधवार को शामली की ओर जा रहा था। दिल्ली-यमुनोत्री हाइवे पर एलम बाईपास के निकट मोटर साइकिल सवार मोनू (30) को टैंकर ने कुचल दिया। हादसे में उसकी मौत हो गई। इस हादसे को देखकर चालक, टैंकर लेकर भागने लगा तो कांधला बस स्टैंड के निकट बुढ़ाना तिराहे पर अनियंत्रित होकर पलट गया। टैंकर घसीटते हुए पांच दुकानों और ठेलों को तोड़ते हुए डाक बंगले की दीवार पर जा घुसा। टैंकर के नीचे कई लोग दब गए। घटना की जानकारी पर एसपी शामली एसपी अभिषेक, एएसपी संतोष कुमार सिंह समेत कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने राहगीरों की मदद से सभी को बाहर निकालकर इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। इलाज के दौरान कांधला के मोहल्ला शेखजादगान निवासी ओमवीर मलिक (55), मोहल्ला खेल निवासी विशाल और फारूक शामिल को मृत घोषित कर दिया। फूल सिंह, दयाराम, उज्जवल, बलवीर और याकूब घायल है। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी।